- सोनिया-राहुल के खिलाफ आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से अदालत का इन्कार - 12

- कमजोर होते रुपये ने बढ़ाई विदेशी निकासी दबाव में घरेलू शेयर मार्केट - 12

- जॉर्डन के शाह के साथ वार्ता से दोनों देशों के बीच साझेदारी हुई मजबूत - 13

- ग्रुप ऑफ डेथ में सात्विक और चिराग की होगी कड़ी परीक्षा - 14

आज का मौसम

24.0° अधिकतम तापमान

10.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.50

सूर्यास्त 05.19

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

लखनऊ

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, 02:32 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 17 दिसंबर 2025, वर्ष 35, अंक 318, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

मथुरा में 8 बसें-3 कारें टकराईं, 13 जिंदा जले

मौत का कोहरा

यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुआ भीषण हादसा, शीशा तोड़कर कूदे लोग, 95 से ज्यादा घायल

- मुख्यमंत्री योगी ने जताया शोक
- तीन शवों की पहचान हुई
- अन्य की डीएनए से की जाएगी

मथुरा, एजेंसी

मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के आठ बसों और तीन कारों के आपस में टकराने के बाद कई वाहनों में लगी आग में 13 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में 95 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। इस बीच जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (एडीएम) के नेतृत्व में चार सदस्यीय जांच टीम का गठन किया है, जिसे दो दिनों के भीतर तफ्तीश पूरी कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। यमुना एक्सप्रेस-वे के आगरा-नोएडा साइड पर मंगलवार तड़के हादसा हुआ था।

मथुरा के एसएसपी श्लोक कुमार ने कहा, आगरा से नोएडा की ओर जा रहे वाहनों की आपस में टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि कोहरा होने से कम दृश्यता के कारण यह हादसा हुआ। सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचीं और सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। बलदेव थाना प्रभारी रंजना सचान ने कहा, 13 में से अब तक सिर्फ तीन की ही पहचान हो पाई है। इनकी पहचान प्रयागराज के निवासी अखिलेंद्र प्रताप यादव (44), आजमगढ़ निवासी रामपाल (75) और गोंडा जिले के छपिया थाना क्षेत्र के मुस्कान बाजार निवासी सुल्तान (62) के रूप में हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शेष मृतकों के शव से सैंपल लेकर डीएनए जांच के लिए भेजे जा रहे हैं और उनके परिजनों से मिलान के बाद ही मृतकों की पहचान संभव हो सकेगी। हादसे के कारण अस्थायी तौर पर मार्ग परिवर्तन भी किया गया है। आगरा मण्डल के आयुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह एवं पुलिस उप महानिरीक्षक शैलेष कुमार पांडेय ने भी जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और जिला अस्पताल में मरीजों का हालचाल जाना और चिकित्सकों को उनका समुचित इलाज करने के निर्देश दिए। हादसे में हुई मौतों पर दुख प्रकट हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, जनपद मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का भी निर्देश दिया है।

मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर धूधू कर जलतीं बसें।

एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराई फॉर्च्यूनर, चार लोगों की मौत

उन्नाव/बांगरमऊ। बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर भोरपहर तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि फॉर्च्यूनर के परखच्चे उड़ गए। यूपीडा टीम, बांगरमऊ व बेहटा मुजावर थाना पुलिस ने फंसे लोगों को बाहर निकाला। लेकिन तब तक कार सवार गाजियाबाद के कारोबारी उनके भतीजे सहित दो परिचित युवकों की मौत हो गई। बताते हैं कि करोबारी यूपी के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के नजदीकी थे। घटना के समय वह एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थी। घटना की जानकारी पर कैबिनेट मंत्री बेटे अरविंद राजभर के साथ मोर्चरी पहुंचे। करीब चार घंटे रुककर वे पोस्टमार्टम होने के बाद लौटे। वहीं हादसे की खबर मिलने पर पहुंचे परिजन रो-रोकर बेहाल रहे। गाजियाबाद जिला के मोदी नगर थानाक्षेत्र के वीवीआईपी एक्टेशन राज नगर मोहल्ला निवासी अशोक अग्रवाल (55) पुत्र संतोष की काला व सेंधा नमक बनाने के साथ अन्य कई फैक्ट्रियां हैं। वह व्यापार मंडल से जुड़े होने के साथ कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के काफी करीबी थे। सोमवार रात वह अयोध्या में एक कार्यक्रम शामिल होने अपने भतीजे अभिनव (20) पुत्र सतीश अग्रवाल निवासी गोविंद पुरी गाजियाबाद, दोस्त विनोद के बेटे आकाश (30) निवासी सकरी रोड थाना मोदी नगर गाजियाबाद व मूल रूप से कानपुर के चकेरी थानाक्षेत्र संजीव नगर मोहल्ला निवासी अनवेश कौशल (29) पुत्र रामकुमार प्रदेश सचिव दिल्ली लोक जन शक्ति पार्टी के साथ अपनी फॉर्च्यूनर से निकले थे। मंगलवार भोर करीब 5 बजे बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर किमी संख्या 240 पर नासिरापुर गांव के सामने अचानक कार चला रहे आकाश को झपकी लग गई। रफ्तार अधिक होने से फॉर्च्यूनर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे हवाई पट्टी के डिवाइडर के लिए रखें सीमेंटेड बोल्डरों टकरा गई। कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडेय व एसओ बेहटा मुजावर मुन्ना कुमार व यूपीडा कर्मियों ने रेस्क्यू कर चारों को बाहर निकाला। लेकिन तब तक सभी की मौत हो गई थी। पुलिस ने हादसे की सूचना परिजनों को दी तो उनमें कोहराम मच गया। मामले का संज्ञान लेकर कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने पुलिस व प्रशासन के अफसरों से बात की और करीब साढ़े 12 बजे वह मोर्चरी पहुंच गए। कुछ देर में उनके बेटे पूर्व विधायक अरविंद राजभर भी मोर्चरी पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने अशोक को अपना पारिवारिक मित्र बताया। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि चालक को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे चारों की मौत हो गई।

हंगामे के बीच 'जी राम जी' विधेयक लोस में पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- अप्रचलित और पुराने कानूनों को निरस्त करने वाले विधेयक को लोकसभा की मंजूरी

सरकार ने विपक्ष के तीखे विरोध के बीच मंगलवार को लोकसभा में 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' पेश किया, जो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर लाया गया है। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025' पेश करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी।

विपक्षी सदस्यों ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना उनका अपमान है। उन्होंने यह भी कहा कि विधेयक को वापस लिया जाए या फिर संसदीय समिति के पास भेजा जाए। चौहान ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, महात्मा गांधी हमारे दिलों में बसते हैं। उन्होंने सवाल किया, कांग्रेस की सरकार ने भी जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला था तो क्या यह पंडित जवाहरलाल नेहरू का अपमान था? उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि महात्मा गांधी ने भी रामराज्य की कल्पना की थी और उनके आखिरी शब्द भी 'हे राम' थे। वहीं, अप्रचलित और पुराने हो चुके 71 कानूनों को समाप्त करने या संशोधित करने के प्रावधान वाले 'निरसन और संशोधन विधेयक, 2025' को लोकसभा मंजूरी दे दी।

बीमा क्षेत्र में 100% एफडीआई वाला विधेयक लोस में पारित

नई दिल्ली। लोकसभा ने बीमा क्षेत्र में एफडीआई को 100 प्रतिशत तक बढ़ाने के प्रावधान वाले विधेयक को मंगलवार को मंजूरी दे दी। विधेयक पर चर्चा और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद सदन ने विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को खारिज करते हुए 'सबका बीमा सबकी रक्षा विधेयक, 2025' को ध्वनि मत से स्वीकृति दे दी।

ब्रीफ न्यूज

उड़ान के दौरान चालक दल की महिला से दुर्व्यवहार, मामला दर्ज

हैदराबाद। सऊदी अरब के दम्माम से आ रही एक उड़ान में चालक दल की एक एक महिला सदस्य को अनुचित तरीके से छूने को लेकर एक बुजुर्ग यात्री के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। विमान के यहां उतरने के बाद, चालक दल ने 13 दिसंबर को आरजीआई हवाई अड्डा थाने में लगभग 60 वर्षीय यात्री के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, पुलिस ने बताया कि बुजुर्ग ने जानबूझकर दुर्व्यवहार करने से इनकार किया और दावा किया कि संपर्क आकस्मिक था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और यात्री को नोटिस जारी किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच की जा रही है।

कोहरे से दिल्ली हवाई अड्डे पर 126 उड़ानें रद्द

मुंबई। दिल्ली हवाई अड्डे पर कम दृश्यता के कारण उड़ान संचालन बाधित हुआ जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड के एक अधिकारी ने बताया कि खराब दृश्यता के कारण अब तक 49 प्रस्थान और 77 आगमन उड़ानें रद्द की गईं। इसी बीच, संकटग्रस्त इंडिगो ने कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण हुई बाधाओं के चलते उसने अपने नेटवर्क की 110 उड़ानें रद्द कर दी हैं। (विस्तृत पेज-12)

भारत-जॉर्डन का व्यापार पांच सालों में होगा दोगुना, 5 समझौतों पर हस्ताक्षर

- प्रधानमंत्री मोदी बोले- शाह अब्दुल्ला द्वितीय के साथ वार्ता से प्रमुख क्षेत्रों में साझेदारी हुई मजबूत

अम्मान, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत-जॉर्डन द्विपक्षीय व्यापार को अगले पांच वर्ष में दोगुना करके पांच अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का मंगलवार को प्रस्ताव रखा। साथ ही उन्होंने जॉर्डन की कंपनियों को देश की उच्च आर्थिक वृद्धि का लाभ उठाने और अच्छा मुनाफा कमाने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान दोनों देशों के बीच पांच समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। वह किंग अब्दुल्ला द्वितीय के निमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे थे।

प्रधानमंत्री मोदी और किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने यहां भारत-जॉर्डन व्यापार मंच को मंगलवार को संबोधित किया। इस सम्मेलन में युवराज हुसैन और जॉर्डन के व्यापार एवं उद्योग मंत्री तथा निवेश मंत्री भी उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत बनाने के महत्व को स्वीकार किया। साथ ही दोनों पक्षों के उद्योगपतियों से इस क्षमता एवं अवसरों को वृद्धि और समृद्धि में बदलने का आह्वान किया। किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने कहा कि जॉर्डन के मुक्त व्यापार समझौतों और भारत की आर्थिक शक्ति को मिलाकर दक्षिण एशिया एवं पश्चिम एशिया तथा उससे परे एक आर्थिक गलियारा बनाया जा सकता है। मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की सफलता, जॉर्डन और दुनिया भर में इसके साझेदारों के लिए अपार वाणिज्यिक अवसर प्रदान करती है।

जॉर्डन के क्राउन प्रिंस के साथ कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

स्वयं कार चला मोदी को संग्रहालय ले गए युवराज

अम्मान। भारत और जॉर्डन के संबंधों में गर्मजोशी को दर्शाते हुए अरब देश के युवराज अल हुसैन बिन अब्दुल्ला द्वितीय मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी को स्वयं कार चलाकर जॉर्डन संग्रहालय लेकर गए। युवराज पैगंबर मोहम्मद की 42वीं पीढ़ी के सीधे वंशज हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि वह संग्रहालय में जॉर्डन के इतिहास और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को दिखाने के लिए अल-हुसैन के प्रति आभारी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने युवराज के साथ विस्तृत बातचीत की है तथा जॉर्डन की प्रगति के प्रति उनका जुनून स्पष्ट रूप से नजर आया। वर्ष 2014 में निर्मित यह संग्रहालय प्रागैतिहासिक काल से लेकर वर्तमान समय तक क्षेत्र की सभ्यतागत यात्रा को दर्शाता है। संग्रहालय में 15 लाख वर्ष पुरानी जानवरों की हड्डियां और चूना प्लास्टर से बनीं 9,000 वर्ष पुरानी ऐन गजल की मूर्तियां हैं, जिन्हें दुनिया की सबसे प्राचीन मूर्तियों में से एक माना जाता है।

गोवा नाइटक्लब अग्निकांड में लूथरा बंधु थाईलैंड से प्रत्यर्पित

नई दिल्ली। गोवा के 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब के सह-मालिकों गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा को थाईलैंड से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद मंगलवार को दिल्ली पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया गया। इस नाइटक्लब में भीषण आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी।

- गोवा पुलिस को लूथरा बंधुओं की दो दिन की ट्रांजिट रिमांड मिली

दिल्ली की एक अदालत ने गोवा पुलिस को लूथरा बंधुओं की दो दिन की ट्रांजिट रिमांड प्रदान की। थाईलैंड से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद लूथरा बंधुओं को पटियाला हाउस अदालत में पेश किया गया था। छह दिसंबर की घटना के बाद लूथरा बंधुओं के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं। जांचकर्ताओं का आरोप है कि नाइटक्लब द्वारा अनिवार्य अग्नि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने के कारण यह घटना और भी गंभीर हो गई। इस घटना ने प्रबंधन द्वारा कथित अग्नि सुरक्षा उल्लंघनों और चूक पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र के बिना नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

- दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को घोषणा की कि 18 दिसंबर से राजधानी में वैध प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाणपत्र के बिना वाहनों को पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सिरसा ने कहा कि वाहन मालिकों को नियम का पालन करने के लिए एक दिन का समय दिया गया है। मंत्री ने कहा कि पेट्रोल पंप पर लगाए गए कैमरे बगैर वैध पीयूसी प्रमाणपत्र वाले वाहनों की स्वतः पहचान कर लेंगे, और गुरुवार से ऐसे वाहनों को बिना किसी टकराव या व्यवधान के ईंधन देने से इनकार कर दिया जाएगा। वैध पीयूसी प्रमाणपत्र नहीं होने की वजह से अबतक आठ लाख वाहनों पर जुर्माना लगाया गया है।

प्रदूषण के 13 प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की : सिरसा

सिरसा ने कहा कि सरकार ने शहर में प्रदूषण के 13 प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की है और संबंधित एजेंसियों को इनसे निपटने के लिए आमंत्रित किया है। कोविड काल को छोड़कर, इन स्थानों पर एक्यूआई का स्तर इस वर्ष पिछले एक दशक की तुलना में कम रहा है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

पश्चिम बंगाल में 58 लाख नाम मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए

कोलकाता। निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के बाद पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित किया जिसमें अधिकारियों ने बताया कि मृत्यु, पलायन और गणना प्रपत्र जमा न करने सहित विभिन्न कारणों से 58 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं।

- निर्वाचन आयोग ने बंगाल में मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की

प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इन हटाए गए नामों से कई महत्वपूर्ण विधानसभा सीटों पर असर पड़ा है तथा इससे राजनीतिक मतभेद और भी बढ़ गए हैं। चार नवंबर से 11 दिसंबर तक आयोजित एसआईआर अभ्यास के बाद मसौदा मतदाता सूची से 58,20,898 नाम हटा दिए गए हैं, जिससे राज्य के मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.08 करोड़ हो गई है।

24 जनवरी से शुरू होंगी यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं

लखनऊ/ प्रयागराज। माध्यमिक शिक्षा परिषद, उप्र (यूपी बोर्ड) ने वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाओं के आयोजन का कार्यक्रम मंगलवार को जारी कर दिया है।

परिषद के सचिव भगवती के अनुसार, परीक्षाएं दो चरणों में आयोजित की जाएंगी। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि पहला चरण 24 जनवरी 2026 से 1 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस चरण में आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, आजमगढ़, देवीपाटन एवं बस्ती मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराई जाएंगी। दूसरे चरण में प्रयोगात्मक परीक्षाएं 2 फरवरी 2026 से 9 फरवरी 2026 तक होंगी। इस चरण में अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी तथा गोरखपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदों को शामिल किया गया है।

अनकैप्ड खिलाड़ियों पर जमकर बरसा पैसा, ऑस्ट्रेलिया के ग्रीन सबसे महंगे

आईपीएल नीलामी

- केकेआर ने 25.20 करोड़ रुपये लगाई बोली, पथिराना को 18 करोड़
- सीएसके का प्रशांत और कार्तिक पर दांव, 14.20-14.20 करोड़ में बिके

अबूधाबी, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के खिलाड़ियों की नीलामी में मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज हरफनमौला ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन के लिए रिकॉर्ड 25.20 करोड़ रुपये और श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना के लिए 18 करोड़ रुपये खर्च किए। इस नीलामी में 'अनकैप्ड' (अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले) भारतीय खिलाड़ियों को भी बड़ी सफलता मिली।

इसमें उप्र के प्रशांत वीर, राजस्थान के विकेटकीपर और आक्रामक बल्लेबाज कार्तिक शर्मा को चेन्नई सुपर किंग्स ने एक समान 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा। दोनों खिलाड़ी 30 लाख रुपये की आधार मूल्य में आने के बाद आईपीएल नीलामी के इतिहास में सबसे अधिक कीमत पाने वाले अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए। जम्मू और कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी दार को भी दिल्ली कैपिटल्स ने 8.40 करोड़ रुपये में खरीदा। ग्रीन ने अपने हमवतन मिशेल स्टार्क (24.75 करोड़ रुपये) को पीछे छोड़ते हुए आईपीएल नीलामी में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड बनाया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इस हरफनमौला को सात करोड़ रुपये की बोली के साथ अपनी से जोड़ा।

सख्ती मुख्यमंत्री ने कहा- अन्नदाता को खाद के लिए भटकना पड़ा तो कोई नहीं बचेगा, तय होगी जवाबदेही

खाद माफिया पर एनएसए के तहत होगी कार्रवाई : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कृषि मंत्री प्रतिदिन करेंगे समीक्षा
- सीएम कार्यालय से हर जिले पर रखी जाएगी सीधी निगरानी

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में खाद की कालाबाजारी, मिलावट और नकली खाद बेचने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए दो टूक कहा है कि ऐसे तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि खाद माफिया पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कार्रवाई होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अन्नदाता किसान को खाद को लेकर किसी भी प्रकार की परेशानी हुई तो दोषी चाहे जिस स्तर का हो, कार्रवाई से नहीं बच पाएगा।

मंगलवार को कृषि एवं सहकारिता मंत्री की मौजूदगी में हुई उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सहकारिता और कृषि मंत्री प्रतिदिन खाद की स्थिति की समीक्षा करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री कार्यालय से हर जिले पर सीधी निगरानी रखी जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि डीएम, एडीएम और एसडीएम खुद मैदान में उतरें और खाद की दुकानों व समितियों पर औचक निरीक्षण करें। फील्ड में तैनात अधिकारियों की गतिविधियों की निरंतर निगरानी होगी। मिलीभगत सामने आई तो खुली विजिलेंस जांच कराई जाएगी।

प्रदेश में खाद की मौजूदा उपलब्धता

यूरिया : 9 .57 लाख मीट्रिक टन
- सहकारी क्षेत्र : 3 .79 लाख मीट्रिक टन
- निजी क्षेत्र : 5 .78 लाख मीट्रिक टन

डीएपी : 3 .77 लाख मीट्रिक टन
- सहकारी : 1 .47 लाख मीट्रिक टन
- निजी : 2 .30 लाख मीट्रिक टन

एनपीके : 3 .67 लाख मीट्रिक टन
- सहकारी : 0 .88 लाख मीट्रिक टन
- निजी : 2 .79 लाख मीट्रिक टन
- रबी बुवाई लगभग पूरी
- गेहूं में टॉप ड्रेसिंग के लिए यूरिया वितरण जारी
- प्रतिदिन औसतन 54,249 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण

वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी पर सख्त

मुख्यमंत्री ने एनेक्सी में हुई दूसरी उच्चस्तरीय बैठक में वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को लेकर विभागों को और तेजी से काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश की जीएसडीपी जहां 12 .5 लाख करोड़ रुपये थी, वहीं वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर 29 .78 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वर्ष 2025-26 में 36 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। उन्होंने निर्देश दिए कि मंत्रीगण मासिक, मुख्य सचिव पाक्षिक और विभागाध्यक्ष साप्ताहिक समीक्षा सुनिश्चित करें।

न्यूज ब्रीफ

हर विधानसभा में भाजपा के 84 हजार वोट कट गए

अमृत विचार,लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार लोगों के वोट कटवाने के लिए एसआईआर कर रही है। एसआईआर में आधार कार्ड नहीं माना जा रहा है। अब मुख्यमंत्री कह रहे है कि एसआईआर में चार करोड़ वोट कट गये। कटे वोट भाजपा के है। अगर चार करोड़ वोट कट गये है तो इस हिसाब से हर विधानसभा में भाजपा के 84 हजार वोट कट गये। भाजपा अभी से हार गयी। सपा प्रमुख ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है वह खुद उसी गड्ढे में गिर जाता है। भाजपा के साथ यही होगा। भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है। निगेटिव सोचती है। दूसरों को नुकसान पहुंचाती है। भाजपा भगवान और महापुरुषों को सिर्फ नारे और स्लोगन तक रखती है। न तो उनके बताए रास्ते पर चलती है और न उनके विचारों पर चलती है।

इंडिया स्किल्स में पंजीकरण से यूपी अव्वल

अमृत विचार, लखनऊ : इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के लिए सर्वाधिक पंजीकरण प्राप्त कर उप्र .ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी और कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के मार्गदर्शन का परिणाम है। यह बात कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे ने सोमवार को मिशन मुख्यालय में मिशन स्तरीय गठित समिति की बैठक में कहीं। उन्होंने बताया कि बैठक का उद्देश्य पंजीकृत युवाओं के प्रशिक्षण, सतत समीक्षा और मार्गदर्शन की रणनीति को मजबूत करना रहा, ताकि उन्हें प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार किया जा सके।

योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचे : नरेन्द्र

अमृत विचार, लखनऊ : पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचना चाहिए । किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पिछड़ा वर्ग राज्य मंत्री मंगलवार को सचिवालय स्थित सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति, कंप्यूटर प्रशिक्षण योजनाओं सहित बजट व्यय और रिक्त पदों की स्थिति की समीक्षा की गई।

वशिष्ठ भवन में भावुक हो गए योगी, डॉ. वेदांती को दी श्रद्धांजलि

याद किया गोरक्ष पीठ से तीन पीढ़ियों का निकट का रिश्ता

शिष्यों व अनुयायियों से की निरंतर रामकाज में जुड़े रहने की कामना

शोक में रही अयोध्या, डॉ. वेदांती से जुड़ी यादों के चर्चे

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार: वशिष्ठ भवन में मंगलवार को गोरक्षपीठ के तीन पीढ़ियों के रिश्ते की कड़ी और राममंदिर आंदोलन के रणनीतिकारों में रहे ब्रह्मर्षि व पूर्व सांसद डॉ. राम विलास दास वेदांती के पार्थिव शरीर देख मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। उन्होंने भारी मन से डॉ. वेदांती को श्रद्धा सुमन अर्पित कर विदा किया।

योगी जन भावनाओं के सागर में नहीं डूबते, लेकिन यहां सीएम योगी के बोल बता रहे थे कि वह आज भावुक हैं। हालांकि उन्होंने इसे संभालने की कोशिश की लेकिन पत्रकारों से बातचीत में उनके भावुक होने की बात साफ हो गई। उन्होंने गोरक्षपीठाधीश्वर व अपने दादा गुरु मंहत दिग्विजय नाथ से डॉ. वेदांती के गुरु और श्रीराम मंदिर आंदोलन के सूत्रधारों में एक हनुमानगढ़ी के महंत बाबा अभिराम दास के करीबी रिश्ते की बात कहकर भावुक होने का कारण स्पष्ट कर दिया। सीएम योगी ने कहा वेदांती जी महाराज का पूरा जीवन ही रामकाज को समर्पित था। यह भी एक संयोग है कि प्रभु श्रीराम की पावनकथा का वाचन करते उन्होंने नश्वर देह का त्यागकर साकेतवास किया। बोले श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के शुरूआत से उसके मूर्त रूप लेने और आंदोलन के सुखद परिणाम को देखने का सौभाग्य उन्हें प्राप्त हुआ। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर 25 नवंबर को धर्मध्वजा आरोहण के समारोह में भी वेदांती जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अगली पीढ़ी के उनके शिष्यों और अनुयायियों से राम काज अभियान से जुड़े रहने की कामना की।

इसके पूर्व अयोध्या पहुंचने पर उन्होंने हनुमानगढ़ी में हनुमानजी महराज और राम मंदिर में राम लला का पूजन-अर्चन किया। आरती उतारी। यहां पहुंचने पर महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता सहित भाजपा नेताओं और अफसरों ने उनकी स्वागत किया। सीएम योगी ने आम लोगों का अभिवादन किया।

गोलोकवासी पूर्व सांसद डॉ . रामविलास वेदांती को श्रद्धांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं रामनगरी में नगर भ्रमण करती पूर्व सांसद की अंतिम यात्रा।

रामधुन के बीच निकली अंतिम यात्रा, दी गई जल समाधि

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या दो दिनों तक शोक में रही। श्रीराम मंदिर के साथ अन्य मंदिरों के बाहर शोक साफ महसूस किया जा रहा था। केवल रामधुन गूंज रही थी। ऐसा होना स्वाभाविक भी था। आम अयोध्यावासियों के साथ हंसने-खिलखिलाने वाले डॉ . वेदांती अब नहीं रहे। उनसे जुड़ी यादों के चर्चे जगह-जगह थे। हिंदू धाम में आने जाने वालों की भीड़ थी। आम से खास तक की मौजूदगी के बीच शांत वशिष्ठ भवन में स्वर थे केवल राम-राम के। डॉ . वेदांती के अंतिम दर्शन के लिए मंगलवार दोपहर सीएम योगी पहुंचे। सीएम योगी, मंत्री सूर्य प्रताप शाही और भाजपा नेता बृजभूषण सिंह समेत कई लोगों ने डॉ . वेदांती को उनके आश्रम जाकर श्रद्धांजलि दी। अंतिम दर्शन के लिए यहां देशभर से भी संत पहुंचे थे। साधु संतों का जमावड़ा था। दोपहर लगभग दो बजकर 20 मिनट पर गोलोकवासी डॉ . वेदांती की हिंदू धाम आवास से अंतिम यात्रा निकली गई। यात्रा जानकी महल से गुजरते हुए मुख्य मार्ग पर पहुँची। राम पथ पर राम मंदिर के सामने रामलला के दर्शन कराये गये। इसके बाद हनुमंत लला के भी दर्शन कराए गए। पूरा नगर जय श्रीराम के उद्घोष गूंज रहा था। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। सड़क पर शोभायात्रा चल रही थी। सड़कों के किनारे अयोध्या के लोग उन्हें नमन कर रहे थे। अंतिम यात्रा सरयू तट स्थित संत तुलसीदास घाट पहुँची। नाव से उनके पार्थिव शरीर को सरयू के बीच लाया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच डॉ .वेदांती को जल समाधि दी गई।

पूरा जीवन राम मंदिर आंदोलन के लिए सक्रिय रहे डॉ. वेदांती : योगी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : गोलोकवासी ब्रह्मर्षि व पूर्व सांसद डॉ . राम विलास वेदांती को मंगलवार को श्रद्धांजलि देने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डॉ . वेदांती पूरा जीवन राम मंदिर आंदोलन के लिए सक्रिय रहे। उनके योगदान को याद करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 1983 में श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति अभियान के आरंभ से लेकर अब तक आयोजित प्रत्येक आंदोलन और कार्यक्रम में वेदांती जी महाराज की सक्रिय भूमिका रही। भले ही वे भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके साकेतवासी होने पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने और उनके शिष्यों व आश्रमवासियों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए मैं अयोध्या आया हूं।

गोरक्षपीठी से जुड़ाव की चर्चा करते हुए योगी ने कहा कि गोरक्षपीठ से वेदांती जी महाराज का अत्यंत निकट और आत्मीय संबंध रहा। बताया कि वर्ष 1949 में अयोध्या धाम में श्रीरामजन्मभूमि पर प्रभु श्रीराम के विग्रह के प्रकटीकरण के समय गोरक्षपीठ के तत्कालीन पीठाधीश्वर पूज्य महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज और वेदांती जी महाराज के पूज्य गुरु बाबा अभिराम दास जी उस ऐतिहासिक अभियान का हिस्सा थे। वर्ष 1983 में जब श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति का गठन हुआ। उनके पूज्य गुरुदेव गोरक्षपीठाधीश्वर पूज्य महंत अवेद्यनाथ जी महाराज उस समिति के अध्यक्ष बने, तब से डॉ . रामविलास वेदांती जी महाराज वरिष्ठ सदस्य के रूप में निरंतर इस आंदोलन से जुड़े रहे।

योगी ने कहा कि प्रभु श्रीराम के पवित्र मंदिर से जुड़े सभी ऐतिहासिक कार्यक्रमों पांच अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री से मंदिर के शिलान्यास, 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा और 25 नवंबर 2025 को धर्मध्वजा आरोहण के वेदांती जी महाराज साक्षी रहे। यह उनके जीवन की साधना और संकल्प का ही परिणाम था कि वे रामलला को विराजमान होते, भव्य मंदिर का निर्माण होते और दिव्य-भव्य अयोध्या को साकार रूप में देखते हुए तथा रामकथा का गायन करते हुए इस लोक से विदा हुए। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की कि वे वेदांती जी महाराज को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। कहा कि वह विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन करते हैं। बोले कि पूर्ण विश्वास है कि वेदांती जी महाराज के आदर्शों का अनुसरण करते हुए उनके आश्रम के शिष्य और अनुयायी निरंतर रामकाज के अभियान से जुड़े रहेंगे। बता दें कि डॉ . रामविलास वेदांती जी मध्य प्रदेश के लालगांव के समीप स्थित भठवा गांव में रामकथा का वाचन कर रहे थे। कथा का आयोजन 17 दिसंबर तक निर्धारित था, लेकिन शनिवार रात सीने में दर्द और घबराहट की शिकायत के बाद उन्हें उपचार के लिए रीवा लाया गया। वहां एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार को उनका साकेतवास हो गया।

निलय के उपन्यास जर्मलाइन जिंदगानी का हुआ लोकार्पण

बाल उपन्यास जर्मलाइन जिंदगानी का बतौर अतिथि लोकार्पण करतीं छात्राएं।

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : राजकीय हाईस्कूल सराय आनादेव में विज्ञान शिक्षक एवं लेखक अनिल कुमार निलय के बाल उपन्यास जर्मलाइन जिंदगानी का समारोह पूर्वक लोकार्पण किया गया। बाल विज्ञान उपन्यास में कुल चौदह सर्ग हैं। यह अनिल निलय की बाल साहित्य की छठवीं कृति है।

छात्रा माही ने महादेवी वर्मा की भूमिका में अध्यक्षता की। अनामिका ने बतौर मुख्य अतिथि सुभद्रा कुमारी चौहान एवं गुड़िया प्रजापति ने सरोजिनी नायडू की भूमिका में विशिष्ट अतिथि रहीं। अतिथियों ने कहा कि बाल साहित्य सदैव बालमन के सुपथ का सहज माध्यम होता है। निलय का बाल साहित्य विद्यार्थियों ही नहीं अपितु अभिभावकों के लिए भी पठनीय व लाभकारी है। जर्मलाइन जिंदगानी विज्ञान,तकनीक और बाल साहित्य का अनुपम संयोजन है। मुख्य वक्ता बीरा तिवारी ने बताया कि यह जर्मलाइन एडिटिंग और साइबर क्राइम पर केन्द्रित एक रोचक व रोमांचक साहित्यिक कृति है। शिक्षा, क्रीड़ा, विज्ञान एवं अन्य क्षेत्रों मे विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अनिल कुमार निलय ने आभार व्यक्त किया। संचालन प्रिया तिवारी ने किया। इस अवसर पर संतोष शुक्ल,विनोद कुमार,प्रियंका सिंह,दिविता सिंह,शान्वी सिंह आदि रहे।

सड़क हादसे में महिला की मौत, ट्रैक्टर चालक पर केस

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़। अमृत विचार : नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां गांव निवासी कोनैन अख्तर ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि उसके चाचा मो . कामरान 13 दिसंबर की शाम करीब अपनी कार घर से रायबरेली जा रहे थे। मो . कामरान के साथ उनकी पत्नी शायरा बानो, बेटा मो . माज थे। नवाबगंज थाना क्षेत्र के प्रयागराज-लखनऊ हाइवे पर ब्रम्हौली के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे सभी लोग घायल हो गए। गंभीर हालत में ऊंचाहार ले जाने पर शायरा की मौत हो गई। कोनैन अख्तर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत

संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार : दिलीपपुर के खूझी कला निवासी 75 वर्षीय देवसरन तिवारी मंगलवार शाम घर के सामने सड़क पार कर रहे थे। तभी उधर से गुजर रहे एक बाइक सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज ले गए लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। परिजन पोस्टमार्टम कराए बिना ही शव लेकर घर चले गए।

तीन साल से फरार आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार : पॉक्सो अधिनियम की विशेष अदालत की न्यायाधीश पारुल वर्मा की कोर्ट ने पॉक्सो अधिनयम में फरार चल रहे रायबरेली के सिरसिरा गांव के आरोपी अमरेस सरोज की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के समय राज्य की ओर से पैरवी करते हुए एडीजीसी देवेश चंद्र त्रिपाठी ने दलीलों से बताया कि आरोपी के खिलाफ वर्ष 2022 में सांगीपुर थाना में केस दर्ज हुआ है। मुख्य आरोपियों का सहयोगी पुलिस ने आरोपी को बताया है। कोर्ट ने एडीजीसी की दलीलों को सुनकर आरोपी का आवेदन निरस्त कर दिया।

जीत का प्रमाणपत्र प्राप्त करते नवनिर्वाचित अध्यक्ष। अमृत विचार

लेखपाल संघ के अध्यक्ष देवेश एवं बृजेश मंत्री निर्वाचित

संवददाता, रानीगज, प्रतापगढ़। अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के रानीगंज तहसील कार्यकारिणी का गठन मंगलवार को किया गया। सभी पदों पर पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया। अध्यक्ष पद पर देवेश नारायण ओझा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र पांडेय, कनिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र मौर्य, मंत्री बृजेश मिश्र, उपमंत्री विवेक कुमार, कोषाध्यक्ष रवि कुमार व ऑडीटर पद के लिए राहुल जायसवाल को चुना गया। चुनाव पर्यवेक्षक धीरज यादव की उप स्थित में मो. अकरम खान, आशीष तिवारी ने चुनाव कार्य संपन्न कराया।

लेखपाल के 7,994 पदों पर भर्ती कार्यक्रम जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पीईटी-2025 के अंकों के आधार पर मुख्य परीक्षा, 29 दिसंबर से ऑनलाइन आवेदन

अमृत विचार: सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बड़ी राहत भरी खबर है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने राजस्व परिषद के नियंत्रणाधीन लेखपाल के 7,994 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी कर दिया है। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 के अंकों के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिए 29 दिसंबर से ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे।

अभ्यर्थी 28 जनवरी 2026 तक आवेदन और परीक्षा शुल्क जमा कर सकेंगे। आवेदन में संशोधन एवं शुल्क समायोजन की अंतिम तिथि 4 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए पीईटी-2025 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। पीईटी स्कोर के आधार पर अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। इसके बाद लिखित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन एवं अन्य निर्धारित प्रक्रियाओं के माध्यम से अंतिम चयन किया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों को पीईटी में शून्य या उससे कम नकारात्मक अंक प्राप्त होंगे, उन्हें मुख्य परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट नहीं किया जाएगा।

सूचना पत्र (अ)

विभाग उत्तर प्रदेशीय बोर्ड माल, प्रयागराज

से0अ0 संख्या 36, वर्ष 2003–04

जिला लखनऊ

एडीशनल कमिश्नर लखनऊ डिवीजन के निर्णय के विरूद्ध

जगदीश आदि ... अपीलकर्त्ता

बनाम

मो0 कलीम आदि ... प्रतिवादी

1– मो0 करीम पुत्र मो0 हलीम, 2– मो0 जुबैर पुत्र मो0 हलीम निवासीगण– 266/71 भदेवा निकट आयुर्वेदिक कालेज, बाजार खाला, लखनऊ। 3– श्रीमती महनूर जहाँ पत्नी उमैद उर्फ उबैद, 4– मो0 जैद पुत्र स्व0 उमैद उर्फ उबैद, 5– मो0 आदिल पुत्र स्व0 उमैद उर्फ उबैद, 6– अकील अंसारी पुत्र स्व0 उमैद उर्फ उबैद निवासीगण– मकान न0– 544/125 N बिलाली मस्जिद के सामने बरौरा, हुसैन बाड़ी लखनऊ, 7– नादिया पत्नी स्व0 मो0 हारून (प्रथम पत्नी) , 8– माज पुत्र स्व0 मो0 हारून, 9– हारिस पुत्र स्व0 मो0 हाऊन, 10– दाऊद पुत्र स्व0 मो0 हारून, 11– सुमला पुत्री स्व0 मो0 हारून, 12– सलमा पत्नी स्व0 हारून (द्वितीय पत्नी) समस्त निवासी 544/125 N बिलाली मस्जिद, अलमासबाग, बरौरा, हुसैन बाड़ी लखनऊ। आपको यह सूचना दी जाती है कि तारीख 05 माह 01 वर्ष 2026 दिन सोमवार समय दस बजे पुनर्विचार प्रार्थना की सुनवाई के हेतु नियुक्त हुआ है। यदि आप इस न्यायालय में उक्त विषय पर स्वतः अथवा किसी वकील के द्वारा उपस्थित न रहेंगे तो अभियोग सुनवाई करके आपकी अनुपस्थिति में निर्णय कर दिया जायेगा।

रजिस्ट्रार

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड–3, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ।

पत्रांक :– 2583 /टेन्डर/2025 दिनाँक :– 09.12.2025

निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड–3,(सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो का प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्यो के लिये लोक निर्माण विभाग श्रेणी–ए0,बी0,सी0 एवं डी0 में भवन कार्य के पंजीकृत निविदा दाता ही निविदा डालने के योग्य होगें।

क्र0 स0	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	अधिशासी अभि0 का पता	अधीक्षण अभि0 का पता	मुख्य अभि0 का पता	जिला अधिकारी का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लखनऊ	विधायक निवास–3(ओ0सी0आर0) स्थित ए–ब्लाक के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप–ए।	3.00	0.30	677.00	90 दिन	अधिशासी अभियन्ता, अनु0 खण्ड नं0–3 (सिविल),	अधीक्षण अभि, 39वां वृत्त, लो0 नि0वि0, लखनऊ	मुख्य अभियन्ता (भवन) लो0नि0वि0	जिला अधिकारी लखनऊ
2	लखनऊ	विधायक निवास–3(ओ0सी0आर0) स्थित ए–ब्लाक के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप–बी।	3.00	0.30	677.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
3	लखनऊ	विधायक निवास–3(ओ0सी0आर0) स्थित बी–ब्लाक के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप–ए।	3.00	0.30	677.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
4	लखनऊ	विधायक निवास–3(ओ0सी0आर0) स्थित बी–ब्लाक के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप–बी।	3.00	0.30	677.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
5	लखनऊ	विधायक निवास–3(ओ0सी0आर0) स्थित ए–ब्लाक के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप–ए।	3.00	0.30	677.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
6	लखनऊ	विधायक निवास–3(ओ0सी0आर0) स्थित ए–ब्लाक के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का ग्रुप–बी।	3.00	0.30	677.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
7	लखनऊ	विधायक निवास–3(ओ0सी0आर0) स्थित बी–ब्लाक के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप–ए।	3.00	0.30	677.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
8	लखनऊ	विधायक निवास–3(ओ0सी0आर0) स्थित बी–ब्लाक के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप–बी।	3.00	0.30	677.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
9	लखनऊ	विधायक निवास–5, मीराबाई मार्ग स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप–ए।	3.00	0.30	677.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
10	लखनऊ	विधायक निवास–5, मीराबाई मार्ग स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप–बी।	3.00	0.30	677.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
11	लखनऊ	विधायक निवास–5, मीराबाई मार्ग स्थित आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य।	3.00	0.30	677.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
12	लखनऊ	इन्दिरा भवन स्थित तल संख्या–06 से 10 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप–ए।	3.00	0.30	677.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
13	लखनऊ	इन्दिरा भवन स्थित तल संख्या–06 से 10 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप–बी।	3.00	0.30	677.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
14	लखनऊ	इन्दिरा भवन स्थित तल संख्या–06 से 10 तक में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप–ए।	2.50	0.25	589.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
15	लखनऊ	इन्दिरा भवन स्थित तल संख्या–06 से 10 तक में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप–बी।	2.50	0.25	589.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
16	लखनऊ	स्टेट गेस्ट हाउस 'सरयू' मीराबाई मार्ग लखनऊ में मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य।	2.50	0.25	589.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
17	लखनऊ	विधायक निवास–3 (ओ.सी.आर.) स्थित आवास संख्या–बी–502 में किचेन एवं शौचालय का रिनोवेशन एवं फर्श पर विट्रीफाइड टाइल्स लगाने का कार्य।	2.90	0.29	589.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
18	लखनऊ	विधायक निवास–5 मीराबाई मार्ग स्थित आवास संख्या–57 एवं सर्वेन्ट क्वाटर के आवास संख्या–212 एवं 303 में विभिन्न सिविल सम्बन्धी कार्य।	1.75	0.18	589.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
19	लखनऊ	सेक्टर–एल कानपुर रोड कालोनी के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य।	0.40	0.04	559.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
20	लखनऊ	बौद्ध विहार शान्ति उपवन आवासीय परिसर में विभिन्न मरम्मती कार्य।	1.80	0.18	589.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
21	लखनऊ	मा0 कांशीराम जी ईको गार्डेन एवं जनसुविधा परिसर के अन्तर्गत निर्मित स्टाफ क्वाटर (डारमेट्री कक्ष) में विभिन्न मरम्मती कार्य।	0.62	0.07	559.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
22	लखनऊ	टिकैतराय कालोनी स्थित आवास संख्या–आर.एस.–2/54, 2/229, 1/21, 2/124 एवं 2/243 में सिविल सम्बन्धी विभिन्न मरम्मती कार्य।	3.75	0.38	677.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
23	लखनऊ	टिकैतराय कालोनी स्थित आवास संख्या–आर.एस.–3/207, 2/52, 1/127 एवं 2/133 में सिविल सम्बन्धी विभिन्न मरम्मती कार्य।	2.90	0.30	677.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
24	लखनऊ	ऐशबाग एल.डी.ए. कालोनी स्थित आवास संख्या–एल.आई.जी.–51, 99, 100, 103 एवं 116 में सिविल सम्बन्धी विभिन्न मरम्मती कार्य।	3.90	0.39	677.00	90 दिन	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–

2. निविदा प्रपत्र सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता एवं जिनका विवरण तालिका के कॉलम 8, 9, में है, के कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक दिनांक–18.12.2025 से दिनांक–23.12.2025 तक नगद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो, अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड–3, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ को देय होगा, से क्रय की जा सकती है। इच्छुक निविदाकर्ता अधिक जानकारी सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र जैसाकि उक्त तालिका में उल्लेख किया गया है कि कार्यालय में दिनांक–23.12.2025 के अपरान्ह को 12:30 बजे तक जमा की जा सकती है। जिनको उसी कार्य दिवस में दिनांक–23.12.2025 को 2:00 बजे जिला अधिकारी लखनऊ के कार्यालय में जैसा कि स्तम्भ 11 में वर्णित हैं, इच्छुक निविदाकर्ता की उपस्थिति में खोली जायेगी।

3. निविदा के नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न रहेगी।

UP-242499 दिनांक 15.12.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता

साढ़े तीन करोड़ के मादक पदार्थ के साथ चार गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एएनटीएफ ने की प्रदेश के तीन जिलों में बड़ी कार्रवाई

अमृत विचार: एएनटीएफ ने मंगलवार को प्रदेश के तीन जिलों में बड़ी कार्रवाई की है। गोरखपुर यूनिट ने मादक पदार्थ की तस्करी करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से करीब 530 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बरामद माल की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा भदोही में दो करोड़ और लखनऊ यूनिट ने निगोहां में 25 लाख के गांजा के साथ एक-एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एएनटीएफ गोरखपुर यूनिट ने गोरखपुर-वाराणसी हाइवे के एकला के पास से राजघाट के चकरा अव्वल निवासी छेदी यादव और दुर्गाबाड़ी रोड चरनचौक निवासी अरुण सिंह को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से टीम ने 530 ग्राम हेरोइन, स्कूटी, मोबाइल व नकदी बरामद की। हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1.10 करोड़ रुपये है। दोनों के खिलाफ गीडा थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पूछताछ में बताया कि दोनों हेरोइन बाराबंकी के जैतपुर टीकरा उसमा से लेकर जाते थे। जिसे छोटे पैकेट में सप्लाई करते थे। इसी तरह एएनटीएफ लखनऊ यूनिट ने निगोहां-नगराम रोड़ से मीरखनगर जाने वाली रोड़ परथाना से तस्कर को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी अनिकेत मौर्या रायबरेली के जगतपुर के जिगना पूरे देव का रहने वाला है। आरोपी के पास से 49.050 किलो ग्राम गांजा, चार पहिया वाहन, दो मोबाइल व नकदी बरामद हुई। बरामद गांजा की कीमत 25 लाख रुपये है। वहीं, भदोही में मेरठ व प्रयागराज यूनिट ने छापेमारी कर 380 किलो गांजा बरामद किया।

लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ, ईमेल-आईडी- nnlko@nic.in

निविदा सूचना सं0: D-1183/CE(E/M) दिनांक: 15.12.2025

मार्ग प्रकाश विभाग, नगर निगम, लखनऊ।

अति-अल्पकालिक निविदा सूचना,

मार्ग प्रकाश विभाग नगर निगम, लखनऊ द्वारा निम्न तालिका में अंकित कार्य हेतु निदेशालय विद्युत सुरक्षा उ०प्र० के कार्यालय से विद्युत कार्यों के लिए निर्गत "क" श्रेणी के लाईसेन्स धारक फर्मों / ठेकेदारों से दिनांक 22.12.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक सीलबन्द निविदाएं नगर निगम, लखनऊ के मुख्यालय में अपर नगर आयुक्त (एल०के०) महोदय के कार्यालय कक्ष एवं मुख्य अभियन्ता (वि0/यॉ०) केन्द्रीय कार्यशाला एवं आर0आर0 विभाग, एल्डिको ग्रीन, गोमती नगर लखनऊ के कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में आमंत्रित की जाती है। जो तददिनांक सायंकाल 4.00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। जिससे सम्बन्धित निविदा प्रपत्र दिनांक 20.12.2025 को सायंकाल 3.00 बजे तक 3–त्रिलोक नाथ मार्ग लालबाग स्थित नगर निगम लखनऊ मुख्यालय में फार्मकीपर से किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित शर्ते एवं आवश्यक प्रपत्रों का विवरण निविदा प्रपत्र में अंकित होगी तथा जिसकी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है। प्रश्नगत कार्यो की जमानत की धनराशि, कार्याविधि निविदा मूल्य इत्यादि का विवरण निम्नवत् तालिका में अंकित है:–

क० सं०	कार्य का नाम	आगणक की धनराशि	जमानत की धनराशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	जी.एस.टी. 18 प्रतिशत	कुल निविदा मूल्य
01	नगर निगम जोन–08 एअर पोर्ट के अन्दर वी०आई०पी० लॉज प्रांगण में सेमीहाईमास्ट लगाकर प्रकाश व्यवस्था का कार्य	239397.00	24000.00	05 दिवस	240.00	44.00	288.00

मुख्य अभियन्ता (वि0/यॉ0)

न्यूज ब्रीफ

बिजली कनेक्शन काटने गई टीम पर हमला

बाराबंकी, अमृत विचार : विद्युत उपकेन्द्र त्रिलोकपुर के फीडर मैनेजर ने एक उपभोक्ता पर बकाए के चलते कनेक्शन काटने की कार्रवाई के दौरान हमला करने की शिकायत पुलिस से की है। फीडर मैनेजर सूरज गौतम ने बताया कि 57 हजार रुपये बकाया न जमा करने पर वह टीम के साथ गगियापुर निवासी उपभोक्ता इबरार का बिजली कनेक्शन काटने गए थे। इस बीच उपभोक्ता ने टीम पर हमला किया, मोबाइल छीनते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली। पुलिस जांच कर रही है।

हनुमानजी का श्रृंगार भजन संध्या आयोजित

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : बाबा रामशरण दास भागवत दास कुटी हनुमान मंदिर में मंगलवार को हनुमानजी महाराज का भव्य श्रृगार किया गया। इसके बाद भक्तों ने सुंदरकांड व भजन संध्या में भाग लिया। मंदिर के पुजारी बाबा रामलाल दास ने श्रीराम स्तुति और गणेश वंदना की। भजन और सुंदरकांड के बाद भक्तों ने हनुमान जी की आरती उतारी। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहित वर्मा, आदित्य सोनी, आनंद विश्वकर्मा, शोभित विश्वकर्मा और अरुण दीपांशु यादव सहित कई भक्त उपस्थित रहे।

फ्रंटलाइन वर्कर प्रशिक्षण आयोजित

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : सीएचसी बनीकोडर में गावी परियोजना के तहत 'जीरो डोज' टीकाकरण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए एएनएम, आशा, संगिनी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में माइक्रो-प्लानिंग, समुदाय से संवाद और जीरो डोज इम्प्लीमेंटेशन प्लान की जानकारी दी गई।

निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग

बाराबंकी, अमृत विचार : पिछले वर्ष 18 दिसंबर 2024 को एंटी करप्शन टीम द्वारा एक लेखपाल को गिरफ्तार किए जाने के मामले में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले आप जिलाध्यक्ष जुगराज सिंह ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका आरोप है कि गिरफ्तारी के तीन दिन बाद ही लेखपाल संघ से जुड़े कुछ लोगों द्वारा उन्हें जान से मारने का प्रयास किया गया। इस संबंध में 21 दिसंबर 2024 को कोतवाली नगर में एफआईआर दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़ित का कहना है कि उसने कई बार पुलिस प्रशासन और जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन किसी स्तर पर कोई ठोस संज्ञान नहीं लिया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने अपने आरोपों के समर्थन में वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत किए और संबंधित अनुमति के लिए लगभग चार महीने पहले पत्र भेजा था, जिस पर अभी तक निर्णय नहीं लिया गया।

प्रेमी के घर पहुंची युवती की हत्या

लखनऊ से मिलने आयी थी, प्रेमी ने दी पुलिस को सूचना, परिवार वाले फरार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : विवाहित होने के बावजूद साथ रहने के इरादे से लखनऊ से प्रेमी के घर आई युवती का रक्तरंजित शव मंगलवार की सुबह ताला बंद कमरे में पड़ा मिला। खुद प्रेमी ने इसकी खबर पुलिस को दी। मौके पर एसपी, एएसपी व पुलिस बल पहुंचा, जहां प्रेमी तो मिला पर उसका परिवार गायब था। शुरुआती जांच में शक की सुई परिजनों पर ही जा रही है।

मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम शहाबपुर गांव के कमलेश यादव के पुत्र संदीप यादव की सूचना पर जब पुलिस, फारेंसिक टीम, इसके बाद एसपी अर्पित विजयवर्गीय, एएसपी उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी पहुंचे तो ग्रामीणों का मजमा जुट गया। संदीप के घर में एक कमरे का ताला तोड़ा गया तो अंदर युवती का खून से लथपथ शव मिला, वहीं पास ही खून से सनी कुल्हाड़ी भी पड़ी थी। शव की शिनाख्त ममता पुत्री रामकिशोर यादव निवासी इंद्रप्रस्थपुरम थाना शाहपुर, गोरखपुर के रूप में हुई। ममता का विवाह लखनऊ के हंसखेड़ा में रहने वाले शिवेन्द्र यादव से हुआ था और वह पति को छोड़कर प्रेमी से मिलने सोमवार की देर रात शहाबपुर आ गई थी। घटनाक्रम के अनुसार ममता के घर पहुंचने पर संदीप के परिजनों ने आपत्ति जताई पर संदीप ने सुबह ममता को घर भेजने की बात कहकर विवाद शांत किया। संदीप के अनुसार मंगलवार की सुबह जब उसे घर में ममता नहीं मिली तो उसने परिजनों से पूछताछ की, इस बीच घर के एक कमरे में ताला लगा होने पर शक गहरा गया। कमरे का ताला तोड़ा गया तो ममता जमीन पर पड़ी मिली। इस बीच संदीप के परिजन घर से गायब हो गए। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि संदीप व ममता आपस में दोस्त थे। युवती साथ रहने आई थी। आपसी मतभेद के चलते हत्या किए जाने की बात कही जा रही। पुलिस सभी तथ्यों की जांच कर रही है।

ममता के प्यार ने चौपट किए दो परिवार : संदीप के मुताबिक सोमवार को पति का साथ छोड़कर प्रेमी के घर मध्यरात्रि 12 बजे आई ममता रात भर यहीं रुकी। जहां उसके आने को लेकर विवाद हुआ। ममता ने संदीप से कहा कि वह अपने पति को छोड़ देगी तुम अपनी पत्नी को मना कर दो। इस बीच संदीप ने अपनी पत्नी से ममता की तो खुद ममता ने पति से बात की। संदीप का परिवार ममता को स्वीकार नहीं कर रहा था तो ममता के परिवार ने संदीप को पसंद नहीं किया, पर दोनों का प्यार खासा गहरा हो चला था। संदीप परिवार के दबाव में था पर ममता प्यार में सुध बुध खो चुकी थी। उसने अपनी जान तो गवां ही दी साथ ही दो परिवारों में कभी न खत्म होने वाला बवंडर मचा दिया। इस घटना के बाद से ममता के ससुराल में सदमे का माहौल है।

शादी डाट काम के जरिये हुआ था दोनों में परिचय

ममता व संदीप का परिचय शादी डाट काम से दोस्ती में बदला, फिर प्यार इस कदर परवान चढ़ा कि दोनों खुद का विवाहित होना ही भुला बैठे। ममता 16 अप्रैल को शिवेन्द्र से शादी के बाद मां के बीमार होने पर गोरखपुर गई फिर 11 नवंबर को ससुराल लखनऊ पहुंची। उधर, प्रेमी संदीप जो मध्य प्रदेश के जबलपुर में रिलायंस कंपनी का इंजीनियर बताया जा रहा, का ब्याह भी हो चुका था पर गौना न होने पर पत्नी घर नहीं आई थी। संदीप के इस प्रेम संबंध के चलते ही उसकी शादी दबाव बनाकर कर दी गई पर ममता से प्रेम संबंध प्रगाढ़ हो चुका था। बताया जा रहा कि ममता संदीप के साथ रहने के इरादे से ही उसके घर आई थी।

अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

बाराबंकी: अमृत विचार : विनियमित क्षेत्र बाराबंकी में सुनियोजित विकास सुनिश्चित करने और अवैध निर्माण पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से डीएम शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है।

न्यायालय के आदेशानुसार ग्राम सफेदाबाद, परगना देवा में यस बिल्डर्स के प्रोप्राइटर सतपाल सिंह द्वारा किया गया अवैध निर्माण तथा ग्राम बडेल (बाहर सीमा), परगना एवं तहसील नवाबगंज में शिवरत बिल्डर्स एंड फैब्रिकेटर्स प्रा. लि. द्वारा की गई अवैध प्लाटिंग एवं निर्माण को चिन्हित किया गया। निर्धारित समयावधि में स्वयं अवैध निर्माण न हटाए जाने पर मंगलवार को राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में उक्त अवैध प्लाटिंग और निर्माण को ध्वस्त करा दिया। डीएम ने स्पष्ट किया कि विनियमित क्षेत्र में बिना स्वीकृति किसी भी निर्माण या प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

खाई में पलटी कार, दो की मौत व तीन गंभीर

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : लखनऊ एयरपोर्ट से मंगलवार सुबह आजमगढ़ जा रही कार पूर्वांचल एक्सप्रेस वे वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में डिवाइडर से टकराने के बाद खाई में पलट गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

गड्ढे में पलटी कार। ● अमृत विचार

आजमगढ़ के थाना देवगांव के कैथी शंकरपुर निवासी कमरुद्दीन का पुत्र नियाज सऊदी अरब जा रहा था। उसकी फ्लाइट लखनऊ से थी। परिवार के सदस्य उसे छोड़ने कार से एयरपोर्ट गए थे। वहां से ये लोग लौट रहे थे। मंगलवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हैदरगढ़ क्षेत्र में किमी संख्या 42 पर कार स्कार्पियो को ओवरटेक करने के प्रयास में डिवाइडर से टकराकर खाई जा गिरी। कार सवार मो. ताहिर (55), आसिफ (22), कमरुद्दीन अंसारी (64) तथा बिहार के छपरा अंतर्गत थाना मसरख के बहुआरा निवासी बबलू (35) घायल हो गए जबकि दीपक कुमार (24) निवासी लालगंज, थाना देवगांव आजमगढ़ की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकलवाकर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने बबलू (35) को मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत को देखते हुए मो. ताहिर, आसिफ और कमरुद्दीन अंसारी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाल अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि मृतकों व घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

बच्चों के शैक्षिक स्तर में हो सुधार

● डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक

बाराबंकी, अमृत विचार : जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक हुई।

डीएम ने बच्चों के शैक्षिक स्तर में निरंतर सुधार और विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए इसे शिक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रार्थना सभा के दौरान प्रतिदिन कराए जा रहे विषय आधारित भाषण की प्रगति की समीक्षा करते हुए न्याय पंचायत, ब्लॉक और जनपद स्तर तक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। जिलाधिकारी ने बताया कि कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता, कक्षा 4 व 5 के लिए कहानी प्रतियोगिता तथा कक्षा 1 से 3 के विद्यार्थियों के लिए कविता प्रतियोगिता कराई जाए। ब्लॉक से लेकर जनपद स्तर तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति क्षमता का विकास हो सके। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विकास खण्ड के ऐसे 20 चिन्हित विद्यालयों, जहां विद्यार्थियों की उपस्थिति और शैक्षणिक स्तर सामान्य से कम है, वहां के प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित कर ठोस कार्ययोजना बनाएं और उसकी प्रगति सुनिश्चित करें।

सर्दी के तेवर तीखे, सार्वजनिक स्थानों पर नहीं जले अलाव

बाराबंकी: अमृत विचार : कई दिनों से उतार चढ़ाव के बाद मंगलवार की सुबह कोहरे की धुंध ने सर्दी के तेवर में अचानक इजाफा कर दिया है। देर से निकली और बेअसर दिखी धूप शाम होने से पहले ही गायब हो गई। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक कोहरे के असर के चलते अलाव व गर्म कपड़ों की मांग अचानक बढ़ गई है। इसका प्रभाव जनजीवन पर तो पड़ा ही साथ ही रेल यातायात भी अछूता नहीं रहा।

परिषदीय स्कूलों का समय परिवर्तित

बाराबंकी, अमृत विचार : डीएम के निर्देश पर अत्यधिक ठंड एवं घने कोहरे को देखते हुए विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। बीएसए नवीन कुमार पाठक ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त प्राथमिक, जूनियर हाई स्कूल तथा मान्यता प्राप्त कक्षा 1 से 8 तक के समस्त विद्यालय अब प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक संचालित किए जाएंगे।

बीते कई दिनों से दिन में तेज धूप निकलने से सर्दी का असर शाम गहराते ही दिख रहा था। रात घिरते ही ग्रामीण इलाकों में छाने वाला कोहरा दिन निकलते ही गायब हो गया लेकिन मंगलवार की सुबह अलग ही रही, घने कोहरे का आलम यह कि शहर में कुछ दूर तक दिखना मुश्किल हो गया। कोहरे ने दोपहर तक धूप को रोके रखा जिससे तापमान और लुढ़क गया। कड़ाके की ठंड के चलते कोयले की मांग बढ़ी तो अलाव व गर्म कपड़ों का प्रयोग भी शुरू हो गया है। हालांकि शहर में अभी तक सार्वजनिक जगहों पर अलाव जलते नहीं दिखे हैं। जिससे रात खुले में व सड़क किनारों पर गुजारने वाले लोगों को ठंड सताती रही। इसी प्रकार कोहरे का खासा असर रेल यातायात पर पड़ा है। ट्रेनों का देर से गंतव्य पर पहुंचना जारी है।

केंद्रीय टीम ने किया निरीक्षण

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : विकास खंड मसौली में राज्य परियोजना एवं केंद्रीय टीम के संयुक्त तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालयों और ब्लॉक संसाधन केंद्र का निरीक्षण किया गया।

टीम में डिलाइट फाउंडेशन की मुख्य अधिकारी सरस्वती कस्तूरीरंगन, एससीईआरटी सलाहकार डॉ. शुभ्रांशु, फाउंडर मंत्रा संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। टीम ने गुरेला प्राथमिक विद्यालय में कक्षा कक्ष का अवलोकन कर बच्चों के अधिगम स्तर, शिक्षण वातावरण और सहभागिता की सराहना की। विद्यालय प्रधानाध्यापक गरिमा मिश्रा और शिक्षकों के साथ सकारात्मक संवाद किया गया।

किराने की दुकान में आग से लाखों का सामान जला

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : मुख्य चौराहे पर सोमवार की मध्यरात्रि एक किराना मर्चेंट की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि फायर ब्रिगेड के मौके पर पहुंचने से पहले ही दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया।

के कुरैशी वार्ड निवासी सुमित वैश्य की मुख्य चौराहे से चंद कदमों की दूरी पर रूही प्रोविजन स्टोर नाम से दुकान है। सुमित सोमवार रात करीब नौ बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात करीब दस बजे दुकान से धुआं उठता दिखाई दिया। आसपास के लोगों ने जब दुकान से धुआं निकलते देखा तो तत्काल दुकान संचालक को सूचना दी। सूचना मिलते ही सुमित मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। देखते ही देखते दुकान में रखा सारा सामान आग की चपेट में आ गया।

दुकान में लगी आग।

खाद लेने गया अधेड़ लापता

बाराबंकी, अमृत विचार : एक दिन पहले खाद लेने घर से निकला अधेड़ घर नहीं लौटा। वहीं लखनऊ जाने की बात कहकर निकले युवक का भी कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। टिकैतनगर निवासी सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके पिता रमेश यादव 14 दिसंबर को सुबह खाद लेने गए थे, लेकिन वापस घर नहीं लौटे। दूसरा मामला थाना घुंघटेर क्षेत्र का है। क्षेत्र के ग्राम पांडेपुरवा मजरे भदरास निवासी शांति देवी पत्नी स्वर्गीय सुकई लाल ने बताया कि उनका पुत्र दीपू 20 तीन दिन पहले दोपहर में लखनऊ जाने की बात कहकर निकला था। बाबागंज तक उससे बातचीत हुई, इसके बाद संपर्क टूट गया।

रेठ नदी में फैक्ट्री का गंदा पानी छोड़ने का आरोप

बाराबंकी, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (हरपाल गुट) के जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी की अगुवाई में किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी से मुलाकात कर रेठ नदी में आमरून फैक्ट्री से गंदा व दुर्गंधयुक्त पानी छोड़े जाने की शिकायत की। किसानों ने बताया कि प्रदूषित पानी के कारण आसपास के सैकड़ों गांवों में बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ गई है, वहीं नदी में मछलियों व अन्य जलीय जीवों की मौत हो रही है। जिलाधिकारी ने तत्काल एसडीएम फतेहपुर को फोन पर निर्देश दिए। इसके बाद नायब तहसीलदार फतेहपुर व संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर जांच के लिए भेजा गया। जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने कहा कि किसी भी हालत में नदी में गंदा पानी नहीं छोड़े जाने दिया जाएगा और जिस फैक्ट्री से प्रदूषित पानी आ रहा है, उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। इस दौरान किसान नेता सुनील यादव, जिला महासचिव अरविंद यादव, नरेंद्र यादव, संजय यादव, रामानंद सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहे।

सिटी डायरी

गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण करते बीडीओ। अमृत विचार

बीडीओ ने गौ आश्रय स्थल का किया औचक निरीक्षण

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार ने मंगलवार देर शाम ग्राम पंचायत लैन स्थित गौ आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं में कमियां पाई और सुधार के आदेश दिए। बीडीओ ने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, भूसा, चारा और चोकर की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने केयरटेकर्स को पशुओं को मानक के अनुसार आहार देने, बीमार और नवजात पशुओं के लिए अलग कक्ष बनाने तथा नियमित चिकित्सा जांच कराने के निर्देश दिए। भूसा भंडार में कमी पर सचिव को तत्काल भंडारण सुनिश्चित करने और शीतलहर से बचाव के लिए अलाव जलाने, तिरपाल लगाने व सोलर लाइट बढ़ाने के आदेश दिए। बीडीओ ने स्वयं पशुओं को चारा खिलाया और संबंधित को चेतावनी दी कि लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र। अमृत विचार

धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, का वार्षिकोत्सव मंगलवार को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विद्या भारती पूर्वी उप्र के संगठन मंत्री हेमचंद्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी तथा भारतीय शिक्षा समिति अवध प्रांत के प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि हेमचंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर जैसे विद्यालय केवल शैक्षिक संस्थान नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन, सेवा भाव और राष्ट्रभक्ति विकसित करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष।

खेल प्रतियोगिता व वार्षिक समारोह

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : जेबीएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में संस्थान के प्रेरणा स्रोत और शिक्षाप्रेमी जगन्नाथ बक्स सिंह की पुण्यतिथि पर दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता एवं वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एमएलसी अंगद कुमार सिंह और संस्थान की प्रबंधक पूनम सिंह भी मौजूद रहीं। वक्ताओं ने जगन्नाथ बक्स सिंह के शिक्षा और समाज सेवा में योगदान को याद किया। खेल प्रतियोगिताओं में बालक-बालिका वर्ग की दौड़, कबड्डी, खो-खो और शतरंज शामिल थीं।

नवनियुक्त पदाधिकारी। अमृत विचार

संगीता बनीं अध्यक्ष

बाराबंकी, अमृत विचार : ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसो .का चुनाव विकास भवन सभागार में हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुए चुनाव में संगीता वर्मा अध्यक्ष, कुरेश अहमद जिला मंत्री, मंसाराम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रंजीत सिंह उपाध्यक्ष, कनक लता वर्मा कोषाध्यक्ष, अनिल दुबे संप्रेक्षक, ताहा हसीब सिद्दीकी संगठन मंत्री आतिफ हसनैन को संयुक्त मंत्री के रूप में सर्वसम्मति चुना गया।

भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

धूमधाम से मना रामजानकी मंदिर का वार्षिकोत्सव

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : पशु बाजार मसौली में राम जानकी मंदिर का नवां वार्षिकोत्सव उल्लास से मनाया गया। मंदिर प्रांगण में सुबह आठ बजे हवन यज्ञ हुआ। अभिषेक के बाद मंदिर की प्रतिमाओं का दिव्य श्रृंगार किया गया। दोपहर 12 बजे पूर्णाहुति के पश्चात आरती संपन्न हुई और भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में साधु-संतों के साथ आसपास के गांवों से सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजक राधा देवी जयसवाल, लल्लू जयसवाल, राहुल, शुभम, शिवकर्ण वर्मा, लवकुश वर्मा, रोहित, लक्ष्मण, हर्षित, राकेश जयसवाल, मोहित जयसवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे। मंदिर के आठवें वार्षिकोत्सव पर रामचरित मानस के सुंदरकांड का आयोजन भी किया गया।

जंगली जानवर के हमले से वृद्ध घायल

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : सोमवार सुबह गांव से बाहर जा रहे रिटायर हवलदार पर जंगली जानवर ने हमला कर घायल कर दिया। वन विभाग की टीम ने जांच की। सिरकौली के मजरे धनौरा निवासी रमेश पासवान सोमवार की सुबह गांव से बाहर जा रहे थे। इसी दौरान जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। जानवर ने उनके दोनों पैरों समेत दो-तीन जगह काट लिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों को देखकर जानवर जंगल की ओर भाग गया। घायल रमेश को उपचार के लिए सिरौली गौसपुर तहसील स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां एंटी-रेबीज इंजेक्शन व दवाएं दी गयीं।

50 उर्वरक बिक्री केंद्रों पर छापा, 4 को नोटिस

बाराबंकी, अमृत विचार : कृषि और सहकारिता विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा तहसीलवार सघन छापेमारी की गई। इस दौरान जनपद के कुल 50 उर्वरक बिक्री केंद्रों पर छापे डाले गए, जिनसे 19 उर्वरक नमूने संग्रहित किए गए। कार्रवाई के तहत एक विक्रेता का उर्वरक विक्रय प्राधिकार-पत्र निलंबित किया गया, जबकि चार विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए।

तहसील नवाबगंज में उप कृषि निदेशक द्वारा छह केंद्रों पर छापे डालकर दो नमूने लिए गए। तहसील फतेहपुर में जिला कृषि अधिकारी ने 14 बिक्री केंद्रों की जांच कर सात नमूने ग्रहित किए तथा मेसर्स वर्मा खाद भंडार, इसरौली को प्रतिष्ठान बंद पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। तहसील हैदरगढ़ में 12 केंद्रों पर छापेमारी कर पांच नमूने लिए गए। सिरौलीगौसपुर में भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा छह छापे डालकर एक नमूना ग्रहित किया गया।

जांच करते जिला कृषि अधिकारी।

दुकान से लाखों के मोबाइल चोरी

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : बदोसरांय में चोरों ने एक मोबाइल दुकान को निशाना बनाते हुए शटर तोड़कर लाखों रुपये का माल पार कर दिया।

मुख्य चौराहे पर स्थित यादव मार्केट में ग्राम किन्तूर निवासी अजमल अली की अजमल अली टेलीकॉम नाम से मोबाइल की दुकान है। बताया गया कि सोमवार रात दुकान बंद कर अजमल एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। दुकान में मोबाइल फोन और लगभग एक लाख रुपये नकद रखे थे। मंगलवार सुबह आसपास के लोगों ने दुकान का शटर टूटा देखा तो इसकी सूचना दुकान मालिक को दी।

कार्यक्रम विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ लिया भाग

स्पोर्ट्स मीट में बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

अमृत विचार : बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा आयोजित आठवीं स्पोर्ट्स मीट उड़ान के सोलहवें दिन मंगलवार को विभिन्न शाखाओं में रंगारंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कंपनी बाग एवं सिविल लाइन शाखा में प्रारंभिक वर्ग के बच्चों के लिए हिंदी कविता प्रतियोगिता आयोजित की गई, वहीं बालाजी सत्य प्रेमी नगर एवं बालाजी अकैडमी बंकी ब्रांच में सभी हाउसों के मध्य इंटर प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। इन प्रतियोगिताओं में नृत्य, काव्य मंचन एवं शतरंज (ग्रुप ए, बी, सी) की स्पर्धाएं शामिल रहीं, जिनमें सीनियर एवं जूनियर वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया और रणनीतिक सोच का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बालाजी सत्य प्रेमी नगर शाखा में आयोजित इंटर हाउस प्रतियोगिताओं में नृत्य, काव्य मंचन एवं शतरंज के विभिन्न वर्गों में स्ट्रैथ, क्रिएटिविटी, इनोवेशन एवं कंपैशन हाउस के प्रतिभागियों ने शीर्ष स्थान प्राप्त किए। वहीं बालाजी अकैडमी बंकी ब्रांच में इंटर हाउस नृत्य एवं काव्य मंचन प्रतियोगिताओं में इंटीग्रिटी, हार्मनी, करेज एवं विजडम हाउस के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इसी क्रम में टाइम्स पब्लिक स्कूल कंपनी बाग एवं बालाजी किड्स प्ले स्कूल सिविल लाइन शाखा में प्ले ग्रुप, अपर प्ले ग्रुप एवं लोअर किंडरगार्टन के बच्चों के लिए हिंदी कविता एवं राइम प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, मुख्य अतिथि भारती माथुर ने विजेताओं को सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में विजेता छात्र। ● अमृत विचार

अमृत विचार

लखनऊ, बुधवार, 17 दिसंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

कांग्रेसियों ने मनाया विजय दिवस

शुक्लागंज। नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट द्वारा मंगलवार को पोनी रोड में विजय दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इसमें कांग्रेस नेता मयंक बाजपेयी ने कहा कि 16 दिसंबर 1971 का दिन भारत के गौरव, साहस व आत्मसम्मान का प्रतीक है। यह जीत भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान का अद्वितीय उदाहरण है। नगर उपाध्यक्ष महेश मिश्र व विश्वनाथ दास ने भी युद्ध के वीरों को नमन किया। इसमें दूधनाथ वर्मा, विश्वंनाथ दास, संजय सिंह, बाबूलाल गुप्ता, रामकिशोर पाल, पिंटू तिवारी, मनोज गुप्ता, संजय दीक्षित, ऋषभ गुप्ता, रामआसरे गौतम मौजूद रहे।

10 से 3 बजे तक किया जाए विद्यालय का समय

उन्नाव, अमृत विचार। उप्र जूनियर हाईस्कूल शिक्षक सघ का प्रतिनिधिमंडल बेसिक शिक्षाधिकारी शैलेश पांडे से मिला और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन देते हुए कहा कि घनघोर कोहरा के चलते विद्यालय का समय 10 से 3 बजे तक किया जाए। कहा कि विद्यालय समय से पहुंचने के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को घर से जल्दी निकलना पड़ता है। कोहरे के कारण दुर्घटना होने का भय रहता है। दूर का न दिखने से अनेक दुर्घटनाएं होती हैं। बच्चे भी कोहरे के कारण देर से आते हैं। समय परिवर्तन होने पर उनके आवागमन पर भी अंतर पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्रा, महामंत्री रामजन्म सिंह, संरक्षक राघवेंद्र सिंह आदि थे।

खुन्नस में युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर मोहल्ला निवासी अंकित कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को मोहल्ले के दुर्गेश गुप्ता, अमर व अमित ने पुरानी खुन्नस को लेकर उससे गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर तीनों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। इसमें अंकित को चोटें आईं। तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

घर में घुसकर परिवार को पीटा, मुकदमा दर्ज

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सीताराम कॉलोनी मोहल्ला निवासी उपकार श्रीवास्तव ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार रात साढ़े आठ बजे वह अपने बेटे व भांजी के साथ घर पर थे। तभी गौरव ठठेर घर में घुस आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने तीनों से मारपीट की जिससे उन्हें चोटें आईं। पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया। तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डिवाइडर से टकराई अनियंत्रित बाइक

नवाबगंज, उन्नाव, अमृत विचार। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दिरगज खेड़ा गांव निवासी उमा शंकर मंगलवार को पत्नी चंदेश्वरी को लेकर बाइक से मोहनलालगंज गया था। शाम को घर लौटते समय अजगैन कोतवाली क्षेत्र में टोल प्लाजा पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसमें बाइक सवार चंदेश्वरी गंभीर घायल हो गई। एनएचएआई एंबुलेंस के ईएमटी अंकुर यादव ने महिला को नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पर्यटन विभाग कराएगा जिले के प्रमुख स्थलों का विकास

उन्नाव, अमृत विचार। पर्यटन विभाग की राज्य योजना वर्ष 2025-26 के तहत तहसील बीघापुर में विकासखंड पुरवा के गांव मुलाहिमपुर स्थित बनना देवी मन्दिर हेतु 75 .58 लाख, तहसील सदर के विकासखंड सिरोसी में ठाकुर द्वारा मंदिर हेतु 74 .15 लाख व तहसील सफीपुर के विकासखंड फतेहपुर चौरासी की ग्राम पंचायत पट्टी उस्मान स्थित विन्देश्वर महादेव मंदिर हेतु 74 .08 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। पर्यटन विकास व सौन्दर्यीकरण कराने के साथ ही संस्कृति विभाग की मद से अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जन्मस्थली बदरका में मल्टीपर्पज सेल व अन्य सुविधाओं के निर्माण हेतु स्वीकृत धनराशि रु 618 .44 लाख के सापेक्ष प्रथम किस्त रू 200 लाख के उपभोग के उपरांत द्वितीय किश्त के रूप में रु 100 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। जिला पर्यटन अधिकारी संतोष सिंह ने बताया कि पर्यटन विकास व सौन्दर्यीकरण योजनान्तर्गत पर्यटकी व तीर्थयात्रियों हेतु यात्री हॉल, सुलभ प्रसाधन, सोलर पैनल, सोलर साइट, आरसीसी बेंच, डस्टबिन, साइनेज, पेयजल, इंटरलॉकिंग, हार्टीकल्चर व लैंडस्केपिंग आदि का कार्य किया जाएगा।

रफ्तार व नींद बनी हादसे की वजह, परिजन रहे बेहाल

गाजियाबाद से लखनऊ जाते समय बांगरमऊ क्षेत्र में हुआ हादसा

संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे की वजह प्रथम दृष्टया चालक को झपकी आना माना जा रहा है। वाहन की रफ्तार अधिक होने से हादसा अधिक भयावह हो गया। जिससे एयरबैग भी चार लोगों में किसी की जान नहीं बचा सका। पुलिस से मिली हादसे की जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। निजी वाहनों से दोपहर 12 बजे पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। दिवंगत अशोक की पत्नी अर्चना व बेटा रजत बदहवाश रहे।

बता दें कि अशोक अग्रवाल की गिनती सफल व्यापारियों में थी। वह तीन भाइयों में सतीश व लोकेश से बड़े थे। हादसे में सतीश के बेटे

अशोक अग्रवाल।

अभिनव।

अविनेश कौशल।

आकाश (फाइल फोटो)

अभिनव की भी जान चली गई। भाई व बेटे की मौत से वह बिलखता रहा। अभिनव दो भाइयों में आदित्य से बड़ा था। उसकी मौत से मां रीतू सदमे में है। वहीं हादसे का शिकार हुआ आकाश ने करीब डेढ़ साल पहले निशा से प्रेम विवाह किया था। उसके एक डेढ़ माह की बेटी अनिका उर्फ पीहू है। आकाश एक मीडिया संस्थान से भी जुड़ा था। मां ब्रजेश उर्फ गुड्डी, पत्नी व भाई रोहित बिलखते रहे। वहीं मृतक अनवेश मूल रूप से कानपुर का रहने वाला था। लेकिन वह दिल्ली में एक एनजीओ चलाने के साथ लोजपा का दिल्ली में पदाधिकारी भी था। पिता शिक्षक हैं। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी मौत की खबर से मां सुमन सदमे में है। वहीं विवाहित बेटी रिचा व अन्य परिजन उसे ढांढस बंधाने में जुटे हैं।

नियमति चालक को इस बार नहीं लाए थे अशोक

अशोक अग्रवाल के यहां गाजियाबाद के भीखनपुर निवासी अरविंद कुमार 7 साल से नियमित चालक था। अशोक हर हफ्ते उसी के साथ लखनऊ आते थे। यहां उन्होंने एक फ्लैट किराए पर लिया था। चालक अरविंद के मुताबिक उसे ही कार लेकर आना था। कुछ दूर तक वह आया भी लेकिन बाद में आकाश के आने पर उसे वापस भेज दिया गया। परिजनों को लेकर आए अरविंद ने कहा कि शायद वह कार चला रहा होता तो उसकी भी जान चली जाती।

घटनास्थल से क्षतिग्रस्त कार को हटवाते बांगरमऊ कोतवाल। अमृत विचार

पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों को ढांढस बंधाते मंत्री ओमप्रकाश राजभर। अमृत विचार

मंत्री राजभर के आने पर अलर्ट रहा प्रशासन

कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के आने की सूचना पर प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन डीपीआरओ व जिला पंचायत के कर्मचारी भी पीएम हाउस पहुंच गए। लोगों को बैठने के लिए कुर्सियां डलवाई गईं। सीओ ट्रैफिक अजय सिंह, कोतवाल चंद्रकांत मिश्रा व जिला अस्पताल चौकी प्रभारी अंजनी सिंह भी रहे।

पोस्टमार्टम हाउस में बिलखती आकाश की मां व पत्नी। अमृत विचार

89 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

नवाबगंज, उन्नाव, अमृत विचार। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच हुई। जांच के माध्यम से उच्च जोख़िम वाली कई महिला मरीजों को चिन्हित किया जाता है।

स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. पंकज वर्मा ने बताया कि माह की 1, 9, 16, 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व निःशुल्क जांच की जाती है। सीएचसी में मंगलवार को 89 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच कर दवा दी गई। इसमें उच्च रक्तचाप, वजन, शारीरिक जांच, मधुमेह व यूरिन के साथ जटिलता के आधार पर अन्य जांच की गई। इनमें एक उच्च जोखिम वाली गर्भवती मरीज चिन्हित हुई। इस दौरान डॉ. अखिलेश विक्रम, डॉ. जितेंद्र सिंह, फार्मासिस्ट महेश साहू व विजय कुमार, काउंसलर कामिनी कुशवाहा, स्टाफ नर्स निशी पाल, कोमल पाल आदि मौजूद रहे।

भूमि विवाद में देवर ने की भाभी की हत्या

अस्पताल में मौजूद परिजन। अमृत विचार

नवाबगंज, अमृत विचार। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के लालाखेड़ा गोडवा गांव में मंगलवार दोपहर जमीनी बंटवारे ने हिंसक रूप ले लिया। इसमें देवर ने अपनी भाभी पर लोहे के बेलचे से ताबड़तोड़ कई वार कर उसकी हत्या कर दी। लालाखेड़ा गोडवा गांव में पैतृक मकान व जमीन को लेकर रामू पुत्र गंगाराम का बड़े भाई दिनेश का विवाद चल रहा है। मंगलवार को दोनों में कहासुनी होने की सूचना पर पीआरवी भी पहुंची थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया तो वे शांत हो गए। लेकिन पुलिस के लौटते ही रामू का दिनेश की पत्नी सुनीता (42) से विवाद शुरू हो गया। वह भाभी पर पुलिस को सूचना देने से इतना आक्रोशित हो गया कि उसने पास में मौरंग भरने के लिए रखे लोहे के बेलचे से भाभी पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिये। लहूलुहान सुनीता वहीं अचेत हो गई। सीएचसी में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद रामू मौके से भाग निकला। एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि घरेलू विवाद में महिला की हत्या हुई है। पति की तहरीर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश चल रही है।

ट्रांसफार्मर का तेल चोरी, अंधेरे में डूबा गांव

संवाददाता, नवाबगंज, उन्नाव

अमृत विचार। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कुसुंभी गांव में चोरों ने रात में एक ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर उसका तेल व उपकरण चोरी कर लिए। इसके बाद पूरा गांव अंधेरे में डूब गया, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि बीती रात अचानक गांव की बिजली चली गई थी। जिसे शुरुआत में सामान्य विद्युत कटौती समझा गया। लेकिन मंगलवार सुबह जब ग्रामीण उठे तो उन्होंने देखा कि ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त पड़ा है और उसका सारा सामान गायब है। इसी से गांव की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन पर पड़ा है। किसानों के सामने भी सिंचाई व अन्य कार्यों को लेकर संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि करीब तीन वर्ष पहले अजगैन में नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद अगले ही दिन चोरी हो गया था। तब पुलिस ने शिकायत तक दर्ज नहीं की थी। घटना की सूचना जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने और चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एसडीओ अजगैन रुद्र प्रताप ने कहा कि घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। ट्रांसफार्मर चोरी होने के बाद से गांव में 5 दिनों से आपूर्ति बाधित थी। इससे 150 कनेक्शन धारकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

चोरों द्वारा गिराया गया ट्रांसफार्मर।

- सिंचाई व पढ़ाई जैसे कार्यों को लेकर उभरा संकट गहराया

लगाया गया नया ट्रांसफार्मर

संवाददाता, औरास, उन्नाव

अमृत विचार। अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद औरास क्षेत्र के इनायतपुर गांव में 5 दिन पूर्व चोरी गया ट्रांसफार्मर मंगलवार दोपहर बदला गया। इससे करीब 150 कनेक्शन धारकों को राहत मिली है। जेई रामू लोधी ने बताया कि मंगलवार शाम तक आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

दरअसल, इनायतपुर गांव में राजकीय इंटर कॉलेज के पास लगा 250 केवीए के ट्रांसफार्मर के पुर्जे व तेल कुछ दिन पहले चोरों ने चोरी कर लिये थे। चोर ट्रांसफार्मर से तांबे का तार व तेल निकाल ले गए थे। जेई रामू की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। बिजली न होने से सबसे ज्यादा दिक्कत पढ़ने वाले बच्चों को हो रही थी। अमृत विचार ने सोमवार को 5 दिन बाद भी नहीं रखा गया ट्रांसफार्मर, 150 कनेक्शन धारक आपूर्ति से वंचित शीर्षक से इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर का संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग ने त्वरित कार्रवाई की और मंगलवार दोपहर जेई रामू लोधी के निर्देश पर इनायतपुर गांव में नया 250 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा दिया गया।



लगाया जाता नया ट्रांसफार्मर।

भारत के लिए 1971 की जीत ऐतिहासिक थी : डीएम

कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

उन्नाव, अमृत विचार। डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें डीएम ने शहीद स्मारक में रीथ अर्पित कर शहीद सैनिकों को नमन किया और उनकी आत्मा की शान्ति के लिये 2 मिनट का मौन रखा।

डीएम ने कहा कि भारत वर्ष के लिए सन 1971 की विजय ऐतिहासिक रही है। जिसमें पाकिस्तान के सैनिकों ने हथियार डालकर आत्मसमर्पण कर दिया था। इस युद्ध में शामिल सभी योद्धाओं के पराक्रम को मैं सलाम करने के साथ शहीदों को हृदय से नमन करता हूं। कहा कि सन 1971 में भारत-पाक के युद्ध में देश की आन-बान-शान की रक्षा करते हुये भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने पाकिस्तान को परास्त कर देश का सिर गर्व से ऊंचा किया था। यह विजय भारत के लिये ऐतिहासिक और हर देशवासी के हृदय में उमंग पैदा करने वाली थी। जिसे सम्पूर्ण राष्ट्र विजय दिवस के रूप में 16 दिसम्बर को मनाता है। इस दौरान विंग कमान्डर एसके पांडेय, प्रभारी अधिकारी ईसीएचएस पूर्व सैनिक सूबेदार दिनेश चन्द्र, सार्जेन्ट कपिल त्रिपाठी, सार्जेन्ट आरएस सेंगर, दिवंगत सैनिक की पत्नी लक्ष्मी बाजपेई सहित पूर्व सैनिक व उनके आश्रित मौजूद रहे।

एलपीएस के युगांतर में दिखे भारतीय संस्कृति के रंग

रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

संवाददाता, उन्नाव

- वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए

अमृत विचार। लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) पीडी नगर प्रांगण में वार्षिकोत्सव (युगांतर) का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य, संगीत, नाट्य, मूक नाटिका व विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जो सतयुग से आधुनिक काल तक के विभिन्न रंग समेटे हुए थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सेक्टर ए के प्रधानाचार्य राकेश सिंह, शेखर शर्मा व सेक्टर बी शाखा की प्रधानाचार्या डॉ. अंजली पांडे ने दीप प्रज्वलन कर किया। सर्वप्रथम गणेश वंदना कर एक भव्य सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद प्राथमिक कक्षाओं की छात्राओं को बॉर्बी गर्ल गीत पर नृत्य, सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग व दुष्प्रभाव से बचने का संदेश को देते हुए मूक नाटिका प्रस्तुत की गई। नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा एक समूह गान, विष्णु के 10 अवतारों के भव्य प्रदर्शन को समेटे दशावतार नामक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देख दर्शक तालियां बजाते रहे।

सिटी डायरी

आशा की हड़ताल से डॉक्टरों ने संभाली पोलियो अभियान की कमान

घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाते प्रभारी चिकित्साधिकारी।

शुक्लागंज। 15 दिसंबर से आशा वर्कर्स के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से पल्स पोलियो अभियान की सफलता पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। ऐसे में निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के लिए अब डॉक्टरों ने स्वयं मेडिकल स्टाफ व एनजीओ कार्यकर्ताओं के साथ डोर-टू-डोर अभियान की कमान संभाल ली है। स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि एक भी बच्चा पोलियो ड्रॉप से वंचित न रहे। शुक्लागंज की न्यू पीएचसी क्षेत्र में हर वर्ष पल्स पोलियो अभियान में आशा वर्कर्स की अहम भूमिका रहती है, लेकिन इस बार अपनी मांगों को लेकर यूपी आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर सोमवार से 55 आशा वर्कर्स हड़ताल पर हैं। उनके न आने से जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने में स्वास्थ्य विभाग को दिक्कतें हो रही हैं।

हाईवे पर जाम में फंसे वाहन।

डामरीकरण व बोल्डर हटाने से हाईवे पर 5 घंटे रेंगे वाहन

शुक्लागंज। कानपुर-लखनऊ हाईवे पर आजाद मार्ग चौराहे के पास बड़े बोल्डर हटाने व गहरा क्षेत्र में एनएचएआई की ओर से डामरीकरण कार्य के चलते यातायात प्रभावित रहा। सुबह से शाम तक हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थमी रही और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे आजाद मार्ग चौराहे के पास रखे गए बड़े बोल्डर को हटाने का कार्य शुरू हुआ। इस दौरान कानपुर से लखनऊ जाने वाले वाहनों की गति धीमी हो गई और देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इसी समय गहरा के पास सड़क पर डामरीकरण का कार्य भी चल रहा था।

जर्जर सड़क।

टूटी सड़क को लेकर नहीं टूट रही अफसरों व जन प्रतिनिधियों की नींद

परियर। विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र का परियर-चकलवंशी मार्ग स्थित लवकुश महाविद्यालय के पास से होकर भदेवना जाने वाली सड़क पिछले कई वर्षों से क्षतिग्रस्त है। लगभग एक किलोमीटर की सड़क तीन साल पहले ही टूट चुकी थी। जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति के कारण बारिश में और भी मुश्किल हो जाती है। डॉ. जगदीश गौतम, संदीप, कुलदीप, हीरालाल, कमलेश, दिनेश, बबलू, रोहित, हरी, करन, नीरज, मिथुन आदि ने आक्रोश जताया।

क्षतिग्रस्त पुलिया में पलटा ट्रक, चालक घायल

पुलिया में पलटा पड़ा ट्रक। अमृत विचार

हसनगंज। मोहान और औरास मार्ग पर पुलिया टूटी होने के कारण वहां दर्जनों हादसे हो चुके हैं। इसमें कई बार लोगों की जान जाते-जाते बची है। बता दें कि औरास-मोहान मार्ग पर एक तीव्र मोड़ है। जिसकी पुलिया करीब एक साल से टूटी है। टूटी पुलिया से करीब एक दर्जन हादसे हो चुके हैं। जिसमें लोग गंभीर चोटहिल भी हुए हैं। मंगलवार सुबह कालपी निवासी मोहित यादव मुंबई से ट्रक में केमिकल लादकर संडीला स्थित फैक्ट्री जा रहा था। तभी भोरपहर 3 बजे तीव्र मोड़ व टूटी पुलिया होने से ट्रक सूखी नहर में पलट गया। जिससे चालक घायल हो गया।

हर्षोल्लास

हनुमान मंदिर के पास आयोजित किया गया सम्मान समारोह

राज किशोर रावत का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव

राजधानी मार्ग पर फूल माला से राष्ट्रीय परिषद सदस्य का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

अमृत विचार। शुक्लागंज के इंदिरा नगर निवासी व भाजपा के वरिष्ठ नेता राज किशोर रावत को राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा राष्ट्रीय परिषद सीतापुर का सदस्य मनोनीत किए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। राजमार्ग स्थित हनुमान मंदिर के पास आयोजित स्वागत-सम्मान समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज किशोर रावत को फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में केडी त्रिवेदी, विजय तिवारी, अंकुर शुक्ला, संजय तिवारी, विकास मिश्रा, सुरेश शुक्ला, विनय तिवारी, आदित्य त्रिपाठी, सूर्य कुमार बाजपेई, अजय मिश्रा, मोहनलाल शर्मा, अमरेन्द्र गुप्ता, विनोद त्रिपाठी, जय सिंह, सुरेश तिवारी और राकेश रावत सहित अन्य नेताओं ने स्वागत किया। ओपीजेडी इंटर कॉलेज के पास प्रमोद पासी, शिव पासी, पप्पू पासी, राम बाबू रावत, राकेश रावत व दीपक रावत ने उनका अभिनंदन किया। वहीं सहजनी में बृजेंद्र सिंह, राकेश व आदित्य सिंह व कार्यकर्ताओं ने भी स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने राज किशोर रावत के मनोनयन को उन्नाव व शुक्लागंज के लिए गौरव का विषय बताया।

जिला कार्यालय पर किया गया अभिनंदन

भाजपा संगठन पर्व के अंतर्गत हुई घोषणाओं के क्रम में भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए राजकिशोर रावत का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव हेतु सदस्य नामित होने के बाद पहली बार गृह जनपद आगमन पर जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियोंने अभिनंदन किया।

न्यूज ब्रीफ

कैंप में उपभोक्ताओं ने लिया ओटीएस का लाभ

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। नगर के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा में विद्युत विभाग द्वारा कैंप का आयोजन हुआ। इसमें 16 उपभोक्ताओं ने ओटीएस का लाभ उठाते हुए बकाया बिलों का निपटान कराया। इस दौरान विभाग को 1,20,000 की राजस्व प्राप्ति हुई। कैंप में एसडीओ एजाज अहमद, जेई दिलीप गुप्ता आदि अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी देते हुए बताया कि ओटीएस योजना के तहत बकाया बिल पर लगने वाले ब्याज में 100 प्रतिशत व मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। यह योजना फरवरी 2026 तक लागू रहेगी।

पूर्व प्रधान की पत्नी के निधन से गांव में शोक

फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार। ग्राम पंचायत फतेहपुर चौरासी ग्रामीण के गांव चंदिका खेड़ा निवासी पूर्व प्रधान अवधेश राजपूत की पत्नी पूजा की हालत कई माह से खराब थी। जिनका उपचार कानपुर में चल रहा था। जहां इलाज के दौरान सोमवार को उनका निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। महिला की मौत से दो बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। शव का अंतिम संस्कार सरैया घाट पर किया गया।

बच्चों ने शैक्षिक भ्रमण में जमकर की मस्ती

हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय अरवल के 40 बच्चों ने मंगलवार को शैक्षिक भ्रमण किया। कस्बे के जीनियस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहुंचकर बच्चों ने खूब मौज मस्ती की। जानकारी के अनुसार मंगलवार को पी.एम श्री कंपोजिट स्कूल अरवल के बच्चों ने ट्विनिंग और पेयरिंग प्रोग्राम के अंतर्गत कस्बा स्थित जीनियस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शैक्षिक भ्रमण किया। ट्विनिंग प्रोग्राम विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले स्कूलों के बीच एक साझेदारी है।

पंचायत चुनाव में उपद्रवियों पर रहेगी ग्राम प्रहरियों की नजर

एसपी अशोक कुमार मीणा ने परसनी गांव में लगाई रात्रि चौपाल, रात्रि गश्त पर दिया जोर

संवाददाता, टड़ियावां, हरदोई

अमृत विचार। एसपी अशोक कुमार मीणा ने गांव परसनी में सोमवार की रात चौपाल लगाई। उन्होंने कहा सर्दियों में अपराध की आशंका बढ़ जाती है। जिसके लिए पुलिस और ग्रामीणों के बीच समन्वय आवश्यक है। उन्होंने सड़क सुरक्षा, मिशन शक्ति, साइबर अपराधों की रोकथाम और गांव में सुरक्षा के लिए ग्राम प्रहरियों से रात्रि गश्त पर विशेष जोर दिया है।

एसपी ने कहा कि पंचायत चुनाव अब नज़दीक है, ऐसे में गांवों के सक्रिय और संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर रखी जाये। उन्होंने कहा कि चुनाव में अराजकता करने वालों को कतई छोड़ा नहीं जायेगा। चौपाल के दौरान ग्राम प्रहरियों को आईडी कार्ड और चौकीदा को टार्च व कंबल वितरित किया। इसके पूर्व ग्राम प्रधानपति डॉ. अनुज गुप्ता ने गांव के बच्चों को सर्दी से गर्म कैप पहनाई और महिलाओं को शाल वितरित की। इस मौके पर सीओ हरियावां अजीत कुमार सिंह, थाना प्रभारी कुलदीप सिंह, उपनिरीक्षक नंदकुमार तिवारी, व्यास यादव आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से संवाद करते एसपी साथ में मौजूद सीओ व प्रधानपति।

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार पुलिस सर्किल के अंदर की पुलिस चौकियों पर भी जन सुनवाई की का रही है। सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐंगवा में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों से संवाद किया। जिसमें सीओ, प्रभारी निरीक्षक, बीट प्रभारी, क्षेत्रीय पुलिस, चौकीदार, ग्राम प्रधान और संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

सुरसा थाना क्षेत्र के गांव जगतपुरवा में सोमवार की रात्रि में चौपाल का आयोजन की गया चौपाल मे मौजूद प्रधान प्रतिनिधि उदय प्रताप पाल और थाने के एसआई सुरजीत यादव ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था करने के लिए दिए संकेत इधर महिलाओं की सुरक्षा, गांव स्तर पर निगरानी व्यवस्था और आपसी भाईचारा के सहयोग पर जोर दिया। बिलग्राम संवाददाता के ग्राम निज़ामपुर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का संदेश दिया। रात्रि चौपाल में कोतवाली प्रभारी अरविन्द कुमार राय, साइबर सेल प्रभारी हाकिम यादव, उप निरीक्षक सत्यदेव सिंह, उप निरीक्षक अरविन्द यादव सहित पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। कोतवाली प्रभारी अरविन्द कुमार राय ने कहा कि पुलिस अपराधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है और किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

चौकीदारों को साइकिल वितरित करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

एएसपी ने पचदेवरा थाने में चौकीदारों से किया संवाद, सुरक्षा उपकरण वितरित किए

भरखनी, हरदोई, अमृत विचार। थाना पचदेवरा परिसर में सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आलोक राज नारायण ने चौकीदारों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना तथा चौकीदारों को पुलिस व्यवस्था से और प्रभावी रूप से जोड़ना रहा। संवाद के दौरान चौकीदारों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में ड्यूटी के दौरान प्राप्त अनुभव साझा किए।

किशोरी का जंगल में मिला शव, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। बिहार थानाक्षेत्र के हुलासी खेड़ा कुतुबपुर गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी का शव संदिग्ध हालात में जंगल में पड़ा मिला। परिजनों में हत्या किए जाने की चर्चा रही। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। एसपी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पिता के आरोप पर पुलिस ने हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर शव मोर्चरी भेज दिया है।

बिहार थानांतर्गत गांव हुलासीखेड़ा कुतुबपुर निवासी 14 वर्षीय किशोरी मंगलवार सुबह 7 बजे शौच के लिए घर से बाहर गई थी। डेढ़ घंटा बाद भी उसके न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तभी गांव के बाहर पोखरी जाने वाले मार्ग पर जंगल में गांव के एक बच्चे ने उसका शव पड़ा होने की सूचना ग्रामीणों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजन बेटी के शव उठाकर घर लाए और इसकी जानकारी पीआरवी को दी। शव मिलने के बाद गांव में सन्नाटा छा गया। किशोरी के गले में चोटों के निशान थे। परिजनों ने दुपट्टे से उसका गला घोंटकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया। किशोरी की मां विक्षिप्त व पिता दिव्यांग है। उसका एक 6 वर्षीय भाई मयंक उर्फ राम जी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच क बाद शव मोर्चरी भेजा। वहीं फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। शाम को एसपी जय प्रकाश सिंह ने भी वहां पहुंचकर घटना की जानकारी की। एसओ राहुल सिंह गौर ने बताया कि हत्या का सही कारण पीएम रिपोर्ट में पता चलेगा। पिता ने तहरीर में हत्या का आरोप लगाया है।

बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित रसोई गैस एजेंसी से निकले कर्मचारी की बाइक में तेज़ रफ्तार दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवक घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एजेंसी कर्मचारी को ट्रामा सेंटर लखनऊ व दो अन्य को जिला अस्पताल भेज दिया। ट्रामा सेंटर में देररात इलाज के दौरान एजेंसी कर्मचारी की मौत हो गई।

सौरभ की फाइल फोटो।

फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव सकरौली के मजरा धन्ना पुरवा निवासी कमलेश कुमार का 26 वर्षीय बेटा सौरभ कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव मार्ग स्थित एक रसोई गैस एजेंसी में चालक था। वह बीती सोमवार शाम छुट्टी होने पर बाइक से घर के लिए निकला था। उन्नाव-हरदोई रोड पर उन्नाव से तेज गति से आ रही अन्य बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों पर सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। एजेंसी कर्मियों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस तीनों को सीएचसी लाई। जहां चिकित्सक ने एजेंसी कर्मचारी को गंभीर देख ट्रामा सेंटर लखनऊ भेज दिया। जबकि दूसरी बाइक के घायल फैसल (30) निवासी गांव अतरधनी थाना बांगरमऊ कोतवाली व कबीर (32) निवासी गांव उनवां सफीपुर को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर लखनऊ में देररात इलाज के दौरान एजेंसी कर्मचारी सौरभ की मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि एजेंसी कर्मचारी की ट्रामा सेंटर लखनऊ में मौत हुई है। परिजनों से तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, बड़े भाई की मौत व छोटा गंभीर

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। रायबरेली जिला के थाना महराजगंज अंतर्गत गांव पूरे चोप सिकंदरपुर निवासी सर्वेश (40) पुत्र रामसिंह अपने छोटे भाई प्रदीप सिंह (35) के साथ बाइक से रायबरेली से हरदोई जा रहा था। तभी रास्ते में मंगलवार देरशाम साढ़े 6 बजे बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे स्थित गंगा एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज के पास पीछे से तेज़ गति से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से प्रदीप बाईं तरफ जा गिरा जबकि सर्वेश के दाईं ओर गिरते ही वह ट्रक में फंस गया और करीब 100 मीटर दूर तक घिसटता चला गया। सीएचसी में सर्वेश को मृत घोषित कर दिया गया जबकि प्रदीप की हालत गंभीर बनी हुई थी।

129 टीबी मरीजों को लिया गोद, दी पोषण पोटली

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। सीएचसी बिलग्राम में मंगलवार को 129 टीबी मरीजों को अपनाने की पहल की है। मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। यह कार्यक्रम सीएचसी इंचार्ज डॉ. राजेन्द्र कुमार और फाउंडेशन से आईं अमन खान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। सीएचसी इंचार्ज ने कहा कि टीबी मुक्त अभियान के तहत मरीज चिह्नित किए जा रहें हैं। टीबी पीड़ित मरीजों के लिए एक-एक निक्षय मित्र बनाया जा रहा है जो मरीजों को नियमित दवा का सेवन कराने के साथ हर माह एक पोषण पोटली उपलब्ध कराएंगे, ताकि देश को टीबी मुक्त घोषित किया जा सके। इसके लिए समाज सेवियों को भी आगे आकर क्षयरोग से पीड़ित मरीजों को गोद लेकर अभियान में हिस्सेदारी निभाने की जरूरत है।

संतों के बिना ईश्वर की प्राप्ति असंभव

उनवा गांव स्थित थानापति परिसर में आयोजित संत सम्मेलन में प्रवचन करते संत। अमृत विचार

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। क्षेत्र के उनवा गांव स्थित थानापति परिसर में आयोजित तीन दिवसीय संत सम्मेलन के दूसरे दिन मंगलवार को सत्संग व प्रवचनों की अमृत वर्षा हुई। इस दौरान संत-मनीषियों ने संतों की महिमा का विस्तार से वर्णन कर श्रद्धालुओं को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी।

सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि संतों के बिना ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं है। जब प्रभु की असीम होती है तभी किसी मनुष्य को संतों के दर्शन का सौभाग्य मिलता है। भागवत प्रवक्ता विनोद तिवारी ने कहा कि मनुष्य को पुण्य के संचित फलस्वरूप ही संतों का सान्निध्य प्राप्त होता है और ज्ञानी संत मानव जीवन को मंगलमय मार्ग पर अग्रसर करते हैं। जालौन से आए स्वामी रामनंदाचार्य ने पवनपुत्र हनुमान जी को परम पराक्रमी और ईश्वर का श्रेष्ठ सेवक बताया। मध्य प्रदेश के आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को हनुमान जी का अवतार भी बताया। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे भिनकीपुर हनुमान धाम के स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी ने श्रद्धालुओं को हनुमान जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। आयोजक श्रीकांत तिवारी ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई व सभी सहयोगियों के साथ संत-मनीषियों का स्वागत किया। इस दौरान सतीश चंद्र गुप्ता, बद्री नारायण तिवारी, अभिषेक, विजय तिवारी, शिवकुमार श्रीवास्तव, श्रीधर शुक्ला आदि मौजूद रहे।

भागवत कथा का समापन

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। ब्लॉक के ग्राम दलेलनगर नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन व्यास गद्दी पर विराजमान पंडित नैमिषारण्य धाम के हनुमंत शरण बजरंगी जी महाराज ने भक्ति भाव से भगवान कृष्ण, भगवान राम के विभिन्न प्रसंगों को सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के तहत होने वाली इस भागवत चर्चा में यजमान नरेश गुप्ता मौजूद रहे। 10 दिसंबर से शुरू हुई। भागवत कथा का 16 दिसंबर को समापन संपन्न हुआ। आयोजक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेश गुप्ता ने बताया कि 17 दिसंबर को वृहद स्तर पर भंडारे का आयोजन किया गया है। उन्होंने लोगों से भंडारे में भाग लेने की अपील की है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
अयो0अ0वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या
निविदा आमंत्रण सूचना (एस0बी0डी0)
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

पत्रांकः- 7371/2काम-अयो0अ0वृत्त/2025 दिनांक - 12.12.2025

उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदया की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, अयो0अम्बे0वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन निविदा http://etender.up.nic.in एवं प्रहरी पोर्टल के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से आइटम दर के आधार पर दिनांक 18.12.2025 से दिनांक 06.01.2026 के दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक 06.01.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार के प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के सदस्यों द्वारा आनलाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की फाइनेन्सियल बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्सियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत है :-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में)	ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
जनपद अयोध्या						
1	जनपद अयोध्या में गोसाईंगंज सरैया दिलासीगंज दलपतपुर होते हुये कुर्की चौराहा मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण (लम्बाई 11.320 किमी0) का कार्य।	2800.00	42.00	15 माह	2714.00	शा0सं0 28/2023/1556/तेइस-7-2023-176सा/2006 दिनांक 05.12.2023 के अनसुार

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

1- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगायी दरें जी0एस0टी0 को छोडते हुये लगायी गयी है।

2- निविदा आनलाईन दिनांक 18.12.2025 से दिनांक 06.01.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 06.01.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिड कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।

3- शासनादेश संख्या 1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय मे प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा मे शासनादेश मे निहित प्राविधानो के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

4- निविदादाता संबंधित अधिक जानकारी वेब साईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगायी गयी समस्त शर्तो/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जांच कर ली गयी है, जो सही है।

UP - 242494 दिनांक: 15/12/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(सत्य प्रकाश भारतीय)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अयोध्या

(ओम प्रकाश वर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता,
अयो0अम्बे0वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गोण्डा
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना नोटिस

पत्रांक 826/ग्रा0अ0वि0/ई-निविदा/निर्माण/2025-26 दिनांक 04.12.2025

महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-गोण्डा के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी, एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1- कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नलिखित है।

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत लाख रू0 में (जीएसटी छोड़कर)	बिड सिक्योरिटी लाख में	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि(वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	5	6	7
	वित्तीय वर्ष 2025-26 विधान सभा क्षेत्र-गोण्डा सदर।					
01	गोण्डा	विद्यालय में टूटी बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य।	3.97	0.08	300+500+GST	चार माह

2. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता 26.12.2025 से 03.01.2026 तक।
3. ई-निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय-03.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय-03.01.2026 को अपरान्ह् 12.30 बजे।
5. निविदा आमत्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लास के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा सभी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लागिंन करें तथा डाक्यूमेंट को लोड करें।

UP - 242144 दिनांक: 10/12/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड-गोण्डा

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

पत्रांकः- 5173/98काम-गो0वृ0/25-26 दिनांक 10.12.2025

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्षाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	जनपद/खण्ड का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में)	धरोहर धनराषि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित)	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
		(विधानसभा-गौरा)					
1	गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड	औसानी से केवहिया सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	32.80	3.30	2600	2 माह	ए,बी,सी
2	गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड	छपिया गांदही सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	58.00	4.90	2600	2 माह	ए,बी,सी
3	गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड	दरियापुर प्रधानमंत्री मार्ग से सुरवार बुजुर्ग चौधरी चौराहा बाबागंज वाया शीतलगंज सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	59.00	5.00	2600	2 माह	ए,बी,सी
4	गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड	परसा मंडप मार्ग से पिकरौरा बुजुर्ग होते हुए परसा उदयकर चौराहा तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	67.00	5.35	2600	2 माह	ए,बी,सी

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 18.12.2025 से 27.12.2025 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 27.12.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 27.12.2025 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 27.12.2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

UP - 242444 दिनांक: 15/12/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(प्रमोद कुमार त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, गोण्डा

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मैने अपना नाम HARSHIT DINESH SAHU से बदलकर HARSHIT SAHU रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-DINESH KUMAR SAHU ADD-S 275 SECTOR-5 SITAPUR ROAD JANKIPURAM EXTENSION POST-JANKIPURAM DIST-LUCKNOW-226031 (U.P.)

सूचना
शपथ करता शहंशाह पुत्र मोहम्मद आलम निवासी ग्राम औरंगपुर गहदेवा ,कुर्सी खेड़ा थाना व तहसील रसूलाबाद कानपुर देहात अपने सगे भाइयों सद्दाम,फरमने, हसन अली,सहनूर पुत्र गण मोहम्मद आलम के क्रिया कलापों व समाज में गलत कार्यो से क्षुब्ध धोकर उक्त सभी भाइयों से संबंध विच्छेद करता है उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्य पर उनकी जवाब देही नहीं होगी

सूचना
पहले मेरा नाम DILIP KUMAR था अब मैने बदलकर अपना नाम DILEEP KUMAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O-BANSI LAL R-O- 18,GOPALPUR PANDIT PO JAHANGIRGANJ, TEH ALAPUR, AMBEDKAR NAGAR

सूचना
सूचित हो कि मेरा नाम Km Chitranshi से बदलकर Chittranshi Srivastava हो गया है अब भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। D/o - Late Raj Kamal Srivastava Add - C-1365/5 Indira Nagar Sector- C Indira Nagar Dist- Lucknow-226016 (U.P.)

सूचना
पहले मेरा नाम RAKIYA BANO था अब मैने बदलकर अपना नाम ROKAIYA BANO रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **W/O-ABDUL KAYYOOM R/O-BAGMEERA BHITWA MANGRAULI BAZAR SHUKUL, AMETHI**

सूचना
मैं **प्रमोद कुमार विश्वकर्मा पुत्र बुधई निवासी ग्राम-कोटवा, नवीकोट नन्दना, नगर पंचायत व तहसील-बख्शी का तालाब, जिला-लखनऊ** । यहकि प्रमोद व प्रमोद कुमार विश्वकर्मा दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। मुझे प्रमोद व प्रमोद कुमार विश्वकर्मा दोनों नामो से जाना पहचाना जाता है।

सूचना
मेरा नाम स्कूल मे पिता ने शौम्या जैसवाल लिखवाया था पति ने आधार बनवाते समय अनु जैसवाल नाम करवा दिया शौम्या व अनु दोनों एकही महिला हूं। मुझे शौम्या उर्फ अनु जैसवाल पत्नी स्व योगेश जैसवाल के नाम से जाना जाय। मो- 7565099599

सूचना
यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती अनुपमा चौधरी, पत्नी स्व. सुख लाल चौधरी के पक्ष में निष्पादित मूल विलेख, जो आवासीय मकान से संबंधित है जिसका क्षेत्रफल 40.74 वर्ग मीटर तथा मकान नं0 6A/739 जो आवास विकास वृंदावन योजना-1, लखनऊ में स्थित है, बुक नं0-1, जिल्द संख्या 8609 पृष्ठ संख्या 279 से 292, सीरियल नं0 8687 में दर्ज है और जिसका पंजीकरण 27-09-2007 को हुआ था जो कि कही खो गया है। यदि किसी व्यक्ति को उपयुक्त वर्णित मूल दस्तावेज प्राप्त हो तो उससे विनम्र निवेदन है कि नीचे दिये गये नंबर पर संपर्क करे -8423246098

सूचना
मैने अपने पुत्र दीपक अवस्थी तथा पुत्रवधू अर्चना के अनैतिक कृत्यों तथा गलत आचरण से पूरे परिवार का अब से किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है यदि इनके द्वारा कोई भी अपराधिक गतिविधि या कृत्य किया जाता है तो यह उसके स्वंय जिम्मेदार होगें । मैने दीपक अवस्थी तथा पुत्रवधू अर्चना मिश्रा से अपने सारे सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है तथा इनको अपनी सम्पूर्ण चल एवं अचल सम्पत्ति से पूर्ण रुप से बेदखल कर रहा हूँ। **अशोक कुमार पुत्र स्वः सरजू प्रसाद निवासी मकान नं0-169 बाजार रोड, मड़ियांव गांव जानकीपुरम, लखनऊ,**

सूचना
मैं सलमान अहमद पुत्र स्व0 शाहिद हुसैन वारसी निवासी सी/513 बाल्मीकि नगर माल गोदाम रोड शहर थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी। मेरा नाम सलमान अहमद वारसी के साथ पूर्व में मेरा एक दूसरा नाम सलमान अहमद भी था। मेरे और मेरे पुत्र नोमान अहमद के आधार कार्ड व पैनकार्ड पर मेरा नाम सलमान अहमद वारसी अंकित है। उक्त दोनों नाम सलमान अहमद वारसी व सलमान अहमद मेरे ही हैं। वर्तमान में मैं सलमान अहमद वारसी के नाम से जाना व पहचाना जाता हूं। भविष्य में भी मैं सलमान अहमद वारसी के नाम से जाना जाऊंगा।

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरे पति डा0 रामधनी वर्मा की मृत्यु दिनांक 14.02.2017 को हो गई थी। यह कि भूखण्ड सं0-4 व 4ए, खसरा सं0- 519 व 520 का मिनजुमला स्थित बटहा सबौली, वार्ड- लाला लाजपत राय, लखनऊ की सम्पत्ति पर पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाईनेसं लि0 द्वारा एक लोन जारी किया गया था जिसके सभी भुगतान चुका दिये है मैं चाहती हूँ कि इस सम्पत्ति के कागजात जारी किये जाये (लोन कोड- 06000004223)। **छाया वर्मा पत्नी स्व0 डा0 रामधनी वर्मा 496/179 छोटा चांदगंज, निराला नगर लखनऊ उ0प्र0- 226020**

सूचना
मैं अपने छोटे पुत्र अर्जुन को गलत चाल-चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति और संबंधों से बेदखल करता हूं। अर्जुन द्वारा किए गए किसी भी लेनदेन और अनैतिक कृत्यों से मेरा तथा मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **मन्त राम पुत्र जगदत्त ग्राम टेढवा नवाबाद, परगना व तहसील उतरौला, जिला बलरामपुर**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **भुल्लन सुत राम नरेश निवासी ग्राम -बलरामऊ, थाना गोसाईगंज, परगना बराँसा, तहसील संदर, जनपद सुलतानपुर,** अपने पुत्र अमित प्रजापति के आवांछनीय, असामाजिक एवं. अनुचित चाल-चलन, आज्ञा उल्लंघन तथा मेरे प्रति कर्तव्यों की घोर उपेक्षा के कारण, उसे दिनांक 16-12-2025 से अपने समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से पूर्णतः बेदखल (Disown) करता हूँ। अतः भविष्य में यदि उक्त पुत्र मेरे नाम, मेरी सम्पत्ति या मेरे सम्बंध का किसी भी प्रकार से उपयोग करता है अथवा किसी प्रकार का दावा करता है, तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी उसी की होगी, इसके लिए मैं उत्तरदायी नहीं रहूँगा। साथ ही, आम जनता, बैंक, वित्तीय संस्थान एवं सम्बंधित व्यक्ति यह ध्यान रखें कि उक्त पुत्र को मेरी सम्पत्ति से कोई अधिकार, हित का दावा प्राप्त नहीं होगा।

सूचना
सूचित किया जाता है कि हमारी सम्पत्ति भवन संख्या 21/1180डी स्थित इन्दिरा नगर लखनऊ से सम्बन्धित आवन्टन पत्र कहीं खो गया है इसको किसी सहकारी / सरकारी बैंक या संस्था में बन्धक आदि नहीं किया गया है इस सम्पत्ति को केनरा बैंक RAH अवध विभूति खण्ड में बन्धक कर ऋण लिया जा रहा है। वाचस्पति पाठक पुत्र हीरा लाल पाठक, निवासी- 21/1180डी इन्दिरा नगर लखनऊ

सूचना
Flat No- A-36/34/01, तल-तृतीय, टाईप-आश्रय-1, ब्लाक-A-36, सुलभ आवास योजना, स्थित- सेक्टर-1, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0 में है। उपरोक्त सम्पत्ति को लखनऊ विकास प्राधिकरण अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के माध्यम से श्री विनय त्रिपाठी व श्रीमती संजू त्रिपाठी के पक्ष में आंवटन किया है। उपरोक्त सम्पत्ति का मूल आंवटन पत्र मेरे द्वारा कही खो गया है। जिसका प्रयोग किसी व्यकित या अन्य द्वारा अवैध माना जायेगा।
सम्पत्ति स्वामी - विनय त्रिपाठी

अमृत विचार

लखनऊ, बुधवार, 17 दिसंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

पंजा कुश्ती की टीम का चयन 21 को

हरदोई, अमृत विचार। 17वीं यूपी राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती (आर्म रेसलिंग) चैंपियनशिप सब जूनियर, जूनियर, सीनियर बालक/बालिका का आयोजन 2 जनवरी से 5 जनवरी तक आगरा में हो रही है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए ज़िले की टीम का चयन 21 दिसंबर को सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम के निकट शंकर व्यायामशाला में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। अधिक जानकारी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पूनम तिवारी से प्राप्त कर सकते हैं।

युवक ने महिला से की मारपीट, केस दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बुध बाजार निवासी महिला ने युवक पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। पीड़िता हुस्न बानो पत्नी अकील अहमद के अनुसार वह 6 दिसंबर की दोपहर अपनी पुत्री के साथ बाजार जा रही थी, तभी रास्ते में बाइक पर सवार महुआ टोला चुंगी निवासी रफीक ने उसे रोक लिया और अपने पैसे की मांग करने लगा। मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए ईंट मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रफी अहमद कॉलेज में वार्षिकोत्सव 22 से

हरदोई, अमृत विचार। रफी अहमद किदवई इंटर कॉलेज का तीन दिवसीय रंगारंग वार्षिकोत्सव 22 दिसंबर से शुरू हो रहा है जो 24 दिसंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन होगा। वार्षिकोत्सव में बच्चे तीन दिन तक खेलकूद, अन्त्याक्षरी, कबड्डी एवं कुर्सी दौड़ के साथ धमाल मचाएंगे। कॉलेज के प्रबंधक सुयश बाजपेई व प्रधानाचार्य डॉ. अमित कुमार वर्मा ने बताया कि वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ 22 दिसंबर दिन सोमवार को प्रातः 10:30 बजे मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलन और कबड्डी प्रतियोगिता के साथ होगा।

शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, सामान जला

हरपालपुर, हरदोई। कस्बे के नक्खासा बाग मोहल्ला में सोमवार रात बिजली के शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। इस घटना में घर का सारा सामान, जेवर और पांच हजार रुपये नकद जलकर राख हो गए। जानकारी के अनुसार हरपालपुर कोतवाली के कस्बे के नक्खाशा बाग मोहल्ला निवासी सुनीता, जो प्राथमिक विद्यालय गुलौली में रसोईया के पद पर कार्यरत हैं, सोमवार रात अपने तीन बेटों के साथ घर के बरामदे में सो रही थीं। रात करीब 2 बजे कमरे में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई।

नौकरी की तलाश में निकली युवती की गला घोंटकर हत्या

ग्राम सचिवालय के बगल में झाड़ियों के अंदर पड़ा था शव

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। सण्डीला इंडस्ट्रियल स्टेट में नौकरी तलाशने निकली युवती घर नहीं लौटी, पूरी रात वह लापता रही, अगली सुबह उसका शव ग्राम सचिवालय के बगल की झाड़ियों में पड़ा था। युवती के गले में दुपट्टा कसा हुआ था। हत्या से पहले दुष्कर्म किए जाने की भी अटकलें लग रहीं थी। एसपी अशोक कुमार मीणा और सीओ बिलग्राम रविप्रकाश सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। पुलिस व फॉरेंसिक टीम जांच पड़ताल में जुट गई है। देर शाम शव आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती की गला घोंट कर हत्या की बात कही गई है। दुष्कर्म की पुष्टि के लिए उसकी स्लाइड तैयार की गई है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही असलियत का पता चल सकेगा।

जानकारी के अनुसार माधौगंज थाने के एक गांव निवासी बुजुर्ग की चार बेटियों में से 22 वर्षीय बेटी सोमवार को सण्डीला गई थी। सारी रात वापस नहीं लौटी, पिता और उसकी मां उसे तलाश रहीं थी, उसी बीच मंगलवार की सुबह उसका शव गांव के दक्षिण से निकली कच्ची चकरोड पर ग्राम सचिवालय के बगल की झाड़ियों में पड़ा था। गले में दुपट्टा कसा हुआ था। इसका पता होते ही वहां काफी भीड़ लग गई। जानकारी मिलने पर एसपी व सीओ सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पिता ने बताया कि डकौली निवासी इकबाल सण्डीला इंडस्ट्रियल स्टेट की एक फैक्ट्री में नौकरी करता है। युवती ने उससे नौकरी की बात की थी। पिता ने बताया कि सोमवार को इकबाल ने युवती से सण्डीला चलने को कहा था। वह उसी के साथ जाने के लिए घर से निकली थी। उसके बाद से नहीं लौटी।

घटनास्थल पर जानकारी लेते पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा।

पापा, गौसगंज पहुंच चुके है...घर आ रहे हैं...

युवती के पिता ने बताया कि सोमवार की शाम करीब 6 बजे उसे फोन किया और बताया कि वह गौसगंज पहुंच चुकी है। थोड़ी देर में घर पहुंच जाएगी, लेकिन एक घंटे बाद भी वह घर नहीं पहुंची। उसके बाद से जीत बहादुर उसे ढूंढने निकला और सारी रात उसे इधर-उधर ढूंढता रहा।

उन्नाव के सफीपुर से तय थी शादी

पिता ने बताया कि उसकी बेटी से बड़ी और उससे छोटी बेटी की शादी हो चुकी थी, उसकी भी शादी उन्नाव जिले के सफीपुर निवासी युवक से तय हो चुकी थी। अगले साथ शादी होनी थी, गरीबी की वजह से वह धीरे-धीरे शादी की तैयारियां कर रहा था। पिता की मदद करने के लिए ज्योति नौकरी तलाश करने के लिए सण्डीला गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी।

> युवती की हत्या के खुलासे के लिए पुलिस की दो टीमें लगाई गई हैं। साथ दी गई तहरीर के मुताबिक हर एक पहलू से जांच-पड़ताल करते हुए जरूरी पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा।
> **अशोक कुमार मीणा,** एसपी

पूर्व सभासद के पति ने फांसी लगाकर दी जान

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। पूर्व सभासद के पति ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। कस्बे के भगवन्तनगर निवासी पूर्व सभासद बिटोली देवी के पति रामनाथ राठौर (65) ने पड़ोस के छोटा पजउआ पर खड़े पेड़ में गमछे से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। ज़ब आस पड़ोस के लोग उधर से गुजरे तो शव लटका देखा तो परिजनों को सूचना दी। ऐसे में परिजनों ने स्वयं ही शव को उतार कर घर ले गए। कोतवाल शिवाकांत पांडेय ने बताया परिजन पोस्टमार्टम को तैयार नहीं थे जिसके चलते पोस्टमार्टम नहीं कराया गया।

रामनाथ राठौर की फाइल फोटो।

युवक के शव की पिता ने की शिनाख्त दोस्तों पर हत्या करने का लगा आरोप

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। सड़क पर घायल पड़े मिले युवक की सीएचसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक के शव की शिनाख्त टड़ियावां थाने के मुरादनगर निवासी राजीव पुत्र बहादुर के रूप में हुई है। पिता ने बेटे के दोस्तों पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। जबकि पुलिस हादसे में युवक की मौत होने की बात कही रही है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल घटना की जांच की जा रही है।

बताते चलें कि बीते रविवार की रात टड़ियावां पुलिस को गोपामऊ रोड पर बाज़ार पुरवा के पास सड़क पर लहूलुहान हालत युवक पड़ा मिला था। पुलिस ने उसे सीएचसी टड़ियावां पहुंचाया था, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस शव की शिनाख्त के लिए कोशिश कर रही थी। सोशल मीडिया पर वायरल हुए फोटो को देखकर थाने पहुंचे मुरादनगर निवासी बहादुर ने बेटे राजीव के रूप में उसकी शिनाख्त की। बताया कि राजीव दो बेटों में छोटा था। उसके परिवार में पत्नी आरती के अलावा एक बेटी वर्षा और दो बेटे गोलू व ऋषभ हैं। बहादुर के अनुसार रविवार को राजीव को उसके दोस्त मित्तल व सोनू घर से बुलाकर साथ ले गए थे। आधी रात तक बेटा नहीं लौटा, मित्तल और सोनू से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने ढूंढने की बात कही। लेकिन अगली सुबह बेटे का शव मिलने का पता चला।

पूरे शरीर पर चोट के निशान

राजीव की मौत को लेकर लगाईं जा रहीं अटकलों के बीच शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट चौंकाने वाली आई है। राजीव के शरी पर अनगिनत चोंटे मिली हैं। बाएं हाथ और दाहिने पैर के अलावा शरीर की कई हड्डियां टूटी हुईं थीं। पेट और पीठ में चोंटे थी।

नाला निर्माण में मानकों की उड़ाई जा रहीं धज्जियां

सांडी, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे के मुख्य मार्ग पर नगर पालिका द्वारा नाला निर्माण कराया जा रहा है, लाखों रुपये के बजट वाले नाले का निर्माण ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से कराया जा रहा है। कस्बे के मुख्य मार्ग पर जल निकासी योजना के तहत लगभग 39 लाख रुपए की लागत से नाला का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें मुख्य मार्ग से 5 मीटर दूरी पर नाला निर्माण का मानक बनाया गया है, लेकिन कहीं-कहीं पर 5 मीटर से कम दूरी पर सड़क से दो और तीन मीटर पर ही निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके अलावा मानक विहीन लोहे की कम सरिया के साथ-साथ मौरंग की जगह पूरे निर्माण में ड्रस्ट का प्रयोग किया जा रहा है। इस बारे में नगर पालिका अवर अभियंता धर्मेंद्र शाह ने बताया कि मौके पर जाकर कार्य को देखा जाएगा। फिलहाल इस मामले में कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक अवर अभियंता ने मानक विहीन कार्य करने के लिए ठेकेदार को खुली छूट दे रखी है। सहायक अभियंता संतोष रावत ने बताया मामले के जानकरी हुई है। अवर अभियंता से जानकारी लेकर कार्य को दिखवाया जाएगा।

सांडी कस्बा में कराया जा रहा नाले का मानकविहीन निर्माण कार्य। अमृत विचार

भाजपा नेता से 9.76 लाख की धोखाधड़ी, पिता-पुत्र पर केस

संवददाता, हरदोई

अमृत विचार। महाराष्ट्र के कारोबारी बाप-बेटे ने भाजपा नेता के रोलर व फ्लोर मिल से 16 लाख,26 हज़ार 107 रुपये कीमत की मैंदे की 1600 बोरियां खरीदी,पहले 4 लाख और उसके बाद ढ़ाई लाख रुपये का भुगतान करने के बाद 9 लाख 76 हज़ार 107 रुपये का भुगतान रोक लिया, मांगने पर उधर से धमकाया गया। भाजपा नेता ने इस तरह अपने साथ हुई धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है,पुलिस जांच कर रही है।

भाजपा नेता पारुल दीक्षित ने बताया कि वह ओम श्री महाकालेश्वर रोलर व फ्लोर मिल के डायरेक्टर है,उनकी फर्म में 7 डायरेक्टर है। कुलदीप मिश्रा एकाउंटेट है। महाराष्ट्र के गाला नंबर-12,सीरियल नंबर-32,सागर इंडस्ट्रियल स्टेट पारवाड़ी,बसई ईस्ट,बसई विरार पालधर निवासी व आकाश एग्रो कंपनी के मालिक शब्बीर अहमद और उसके बेटे नईम अहमद ने 16 लाख,26 हज़ार,107 रुपये कीमत की मैंदे की 1600 बोरियों की अलग-अलग खरीद की,उसमें से पहले 4 लाख और उसके बाद ढ़ाई लाख रुपये का भुगतान कर 9 लाख,76 हज़ार,107 रुपये रोक लिए,मांगने पर उधर से धमकाया गया। भाजपा नेता श्री दीक्षित ने पुलिस को दी तहरीर में शब्बीर अहमद व उसके पुत्र नईम अहमद के खिलाफ अपने साथ 9 लाख,76 हज़ार,107 रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों बाप-बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है।

हर ब्लॉक में बनाए जाएं दो मॉडल समूह : डीएम

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित जनपद स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। डीएम ने कहा कि जनपद में समूह को सशक्त बनाकर उनकी प्रगति की निगरानी कर सुनिश्चित करते हुए उनकी आय 01 लाख से अधिक कर लखपती दीदी बनाई जाए।

उन्होंने सभी विभागों से कहा कि अपने विभाग की योजनाओं के लाभार्थियों के परिवार में एक महिला को समूह से जोड़ा जाये। समूह का बैक खाता खुलवाने में उनकी मदद की जाये, जिससे उनको खाता खुलवाने में समस्या न हो। महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित कर उन्हें प्रसंस्करण पैकेजिंग पर जोर दिया जाये। नये समूहो का गठन किया जाए जो समूह सक्रिय नहीं है उन्हें सक्रिय किया जाये। हर गांव में विद्युत सखी का चयन किया जाये। हर ब्लाक में दो मॉडल समूह बनाया जाये। महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संगठित कर, उन्हें स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने मे मदद की जाये। बैठक में सीडीओ सान्या छाबड़ा भी मौजूद रहीं।

बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम अनुनय झा व सीडीओ सान्या छाबड़ा।

जन सुनवाई में डीएम ने सुनीं 44 शिकायतें

हरदोई, अमृत विचार। कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने मंगलवार को कुल 44 लोगों की शिकायतें सुनीं। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्टेट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पुनरीक्षण कार्य तय समय में पूर्ण कराया जायेगा

हरदोई, अमृत विचार। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुरीक्षण के सम्बन्ध में आयोजित बैठक जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। कहा कि निर्वाचक नामावलियों के पुरीक्षण पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत मतदाताओं को संबंधित क्षेत्र के बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र प्राप्त कराकर एवं वांछित सूचनाओं सहित भरवाकर प्राप्त किया जा रहा है और कार्य को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय में पूर्ण कराया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि एसडीटी की सूची समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी गयी है।

ममेरे ससुर पर विधवा ने दर्ज कराया मुकदमा

हरदोई, अमृत विचार। विधवा महिला ने अपने ममेरे ससुर पर बदनीयती का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। कोतवाली शहर के राम नगरिया की रहने वाली महिला ने अपने ममेरे ससुर संदीप सिंह पर आरोप लगाया कि उसके ससुर सुनील सिंह और पति राजन सिंह की मौत के बाद उसकी सास सरिता सिंह का सगा भाई संदीप सिंह उसी के घर में रहता है और उस पर बुरी नीयत रखता था। 17 सितंबर को वह अपने बच्चे को स्कूल से लेकर घर पहुंची। ममेरे ससुर संदीप सिंह ने उसे पकड़ कर खींच लिया और अवैध संबंध रखने को धमकाया। पुलिस में सुनवाई न होने पर महिला ने एफटीसी कोर्ट में अर्ज़ी दाखिल की। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली शहर पुलिस ने आरोपी संदीप सिंह व सरिता सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व महिलाएं। अमृत विचार

छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों व सुरक्षित रहने के बताए गुर

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली पिहानी क्षेत्र के बूढ़ा गांव में मिशन शक्ति अभियान फेस-5 एवं सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत छात्र एवं छात्राओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन, यातायात संकेतों की पहचान, सुरक्षित पैदल चलने व वाहन चलाने के नियम, हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं के कारणों पर प्रकाश डालते हुए उनसे बचाव के उपाय भी बताए गए। इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य को बताते हुए महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण से जुड़ी सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें निर्भीक होकर किसी भी आपात स्थिति में सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।

पूरे दिन छाए रहे बादल, सर्द पछुआ हवा ने बढ़ाई गलन

हरदोई, अमृत विचार। मंगलवार को पूरे दिन बादल छाए रहे। देर सुबह तक घना कोहरा पड़ता रहा। मौसम विभाग ने दृश्यता 50 से 100 मीटर दर्ज की। जबर्दस्त कोहरे के चलते वाहन बहुत मंद गति से चले। ठंड के चलते सुबह स्कूली बच्चों व काम पर जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ी। मौसम का रुख लगातार बदलता चला जा रहा है। दो किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली पछुआ हवाओं ने मौसम को काफी सर्द कर दिया। पूरे दिन बादल छाए रहे। सोमवार रात से ही कोहरा पड़ना शुरू हो गया था। मंगलवार की देर सुबह तक घना कोहरा छाया रहा।

- **कोहरे के चलते दृश्यता 50 से 100 मीटर दर्ज की गई**

ग्रामीण क्षेत्रों में काफी घने कोहरे के चलते रबी की फसल की रखवाली कर रहे किसानों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ी। कोहरे में जानवर फसलों को नुकसान पहुंचा गए। मौसम विभाग ने 50 से 100 मीटर दृश्यता दर्ज की, वहीं सोमवार की अपेक्षा मंगलवार को तापमान में भी काफी गिरावट आई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेलशियस रहा, जबकि सोमवार 22 था। इसी प्रकार मंगलवार को न्यूनतम तापमान भी घट कर 9 डिग्री सेल्शियस रह गया।

सर्वोदय आश्रम ने दिए उम्मीदों को पंख

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। देश के प्रख्यात कलमकार कहानीकार और एक न्यूज़ चैनल को बुलंदी पर पहुंचाने वाले संजय सिन्हा, संजय कुमार सिंह व इंडियन एक्सप्रेस की दीप शिखा सर्वोदय आश्रम पहुंची। जहां आश्रम के संस्थापक व सर्वोदय जगत के साथी रहे स्व.रमेश भाई को नमन करते हुए वहां चल रहे करीब साढ़े चार सौ बालिकाओं की शिक्षा कार्यक्रम को देख कर उनके सपनों को साकार होते होने की बात कही।

आश्रम में मेश भाई की समाधि के पास नवनिर्मित विनोबा विचार मंच का उद्घाटन विनोबा विचार प्रवाह के सूत्रधार रमेश भईया और संजय सिन्हा फेस बुक परिवार के मुखिया संजय सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। सर्वोदय आश्रम 18 जिलों में सिलाई के माध्यम से जीविका कार्यक्रम संचालित कर रहा है। प्रभारी ब्रजेश कुमार ने एक प्रदर्शनी लगाई थी। जिसका फीता काटकर उद्घाटन अतिथियों ने किया और दीप शिखा, विमला, निर्मला, सरोज, प्रतिमा, आरती और अल्पना ने सिलाई मशीनों का वितरण किया।

कार्यक्रम में बोलती उर्मिला बहन। अमृत विचार

- **आश्रम में विनोबा विचार मंच का शुभारंभ, आत्मनिर्भर बनने को सिलाई मशीनों का वितरण**

आयोजन | असेम्बली ऑफ गॉड हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

पुरातन छात्रों ने स्कूल पहुंचकर ताजा की यादें

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। अपने दौर के शहर के प्रतिष्ठित स्कूल रहे असेम्बली ऑफ गॉड हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव में पुरानी यादों को ताज़ा करने 70 और 80 के दशक में इस इंग्लिश स्कूल में शिक्षा पाये पुरातन छात्र (ओल्ड स्टूडेंट्स) बड़ी संख्या में विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम इकट्ठा हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने लोकप्रिय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

विद्यालय की वर्तमान प्रधानाचार्य निकिता सैमुएल ने बताया कि इस आयोजन में 4-5 दशक पहले पढ़े सीनियर स्टूडेंट्स को विशेष तौर पर आमंत्रित करके वो अपनी मां रंजना सैमुएल को एक यादगार तोहफ़ा देना चाहती थी,कि जिन बच्चों को उन्होंने आज से 4 दशक पहले पढ़ाया वो आज देश और विदेश में इस प्रतिष्ठित स्कूल का नाम रोशन कर रहे है। शहर के पहले इंग्लिश स्कूल असेम्बली ऑफ गॉड की स्थापना वर्ष 1972 में हुई थी। प्रारम्भ में ये स्कूल प्राइमरी स्तर का रहा 1978 में क्लास 6 शुरू हुआ और इस स्कूल का कक्षा 8 का पहला बैच 1980 में निकला था। करीब 15 वर्ष पहले ये हायर सेकंडरी स्तर का विद्यालय बन गया। इस स्कूल से 70 और 80 के दशक में पास आउट हुए पुरातन छात्र बालाजी हॉस्पिटल के डॉ अजय सिंह, हाई कोर्ट के वकील अनुराग नारायण, अतुल वर्मा, सी ए कार्तिकेय गुप्ता, इं. अहमद मुबीन, वरिष्ठ पत्रकार आलोक सिंह, सिनेमा जगत (बॉलीवुड) में जिले का नाम रोशन करने वाले राहुल चौहान, गोविंद नानवानी, नीतेश जवारानी, आनंद सिरोही, अरुण कौल, अनुपमा गुप्ता, रीता आहूजा ने बच्चों के सामने अपने स्कूल से जुड़े पुराने संस्मरण सुनाए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करे बच्चे। अमृत विचार

कोहरे के चलते पांच वाहन टकराए

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

अमृत विचार। कोतवाली पिहानी क्षेत्र के जहानी खेड़ा चौकी अंतर्गत डेल पंडरवा बॉर्डर के पास रात्रि करीब 1 बजे घना कोहरा होने के कारण एक सड़क हादसा हो गया। शाहजहांपुर की ओर से आ रहे वाहनों का संतुलन बिगड़ने से एक के बाद एक पांच वाहन आपस में टकरा गए। जानकारी के अनुसार सबसे आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से आ रही बस ने टक्कर मार दी। इसके बाद पीछे से आ रही एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली, फिर पिकअप वाहन और अंत में एक कार भी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार दो लोगों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसिंगवा भेजा गया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत सामान्य है, जबकि अन्य सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। जहानी खेड़ा चौकी इंचार्ज कैलाश यादव तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को समय रहते अस्पताल भिजवाया गया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया गया।

दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहन।

डंपर ने ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर मारी, 5 घायल

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के शाहजहांपुर मार्ग पर उधरनपुर के निकट तेज रफ्तार डंपर ने एक ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे ट्राली पर बैठे पांच मजदूर घायल हो गए और ट्राली क्षतिग्रस्त हो गई। डंपर का चालक शराब के नशे में बताया गया। घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार शाम उधरनपुर के पास तेज रफ्तार शाहजहांपुर की ओर से आ रहे डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे ट्रॉली पर बैठे मजदूर रोहित, शिव, जीतराम, अवधेश निवासी सूरजपुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी तथा नीतेश नरहाई कोतवाली शाहाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए।

शटरिंग से लदा ई-रिक्शा बच्चे पर पलटा, घायल

हरदोई, अमृत विचार। 5 साल का बच्चा घर के बाहर खड़ा था। उसी बीच शटरिंग से लदा ई-रिक्शा उधर से निकल रहा था। उसका पहिया गड्ढे में फंसा और पलट गया, जिससे वह बच्चा उसके नीचे दब गया, जिसे वहां से निकाल कर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। उधर भीड़ ने ई-रिक्शा चालक को पकड़ लिया है। कोतवाली देहात के खेतुई निवासी रोशन लाल का इकलौता बेटा अनिरुद्ध मंगलवार को घर के बाहर खड़ा था। तभी वहां से शटरिंग लाद कर निकल रहा ई-रिक्शा निकला, उसका पहिया गड्ढे में फंसा और वह अनिरुद्ध के ऊपर पलट गया। लोगों ने ई-रिक्शे के नीचे दबे अनिरुद्ध को बाहर निकाल कर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है।

न्यूज ब्रीफ

उद्यम स्थापित करने को करें आवेदन

सीतापुर, अमृत विचार : उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ओडीओपी उत्पाद के रूप में चयनित दरी उत्पाद से सम्बन्धित नए उद्योग की स्थापना एवं स्थापित उद्यमों के विस्तार के लिए परियोजना के अनुसार वित्त पोषण की व्यवस्था है। जिसमें अभ्यर्थी को परियोजना लागत की 5 से 10 प्रतिशत स्वयं का अंशदान एवं 10 से 25 प्रतिशत तक मार्जिनमनी/अनुदान अनुमन्य है। इच्छुक कारीगरों/व्यक्तियों द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की बेवसाइट http://msme.up.gov.inपर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कोहरा से बढ़ी ठंड अलाव जलाने की मांग

रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार : देर रात से शुरू हुआ कोहरा दिन भर रहा। जिसके साथ ठंड में तेजी से बढ़ गया है दिन भर सूर्य न निकलने से बच्चों से लेकर बड़ों ने गर्म कपड़ों का सहारा लिया जगह-जगह लोग आग जलाकर समूह में बैठे हुए दिखाई दिए आवागमन करने के लिए वाहनों में लाइट जलाकर चल रहे हैं दूर-दूर विद्यालय आने जाने वाले छात्र-छात्राओं को कोहरे से दिक्कतों का सामना करना पड़ा ग्रामीण संदीप कुमार,टम्पू, संतोष कुमार, विजय कुमार, गुड्डू, मोहम्मद उमर, राजेश, पप्पू, छोटेलाल, अतीक, रवि कुमार सहित अन्य लोगों ने अलाव जलाने की मांग की है।

साइबर सुरक्षा को लेकर साइबर गोष्ठी

महोली, सीतापुर, अमृत विचार : साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर विशेष साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना महोली परिसर में साइबर वालंटियरों की गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी का आयोजन अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) एवं क्षेत्राधिकारी महोली के आदेश-निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक जेबी पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान उपस्थित साइबर वालंटियरों को ऑनलाइन ठगी से बचाव की जानकारी दी।

ससुराल आए युवक पर हमला, गंभीर

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : ससुराल आए दामाद की जमकर पिटाई कर दी गई। सकरन के अम्बाई निवासी राम लखन वर्मा के मुताबिक, वह अपने साले सुनील को छोड़ने ससुराल बिलरिया गया था। जहां पर उसकी सरहज व सास ससुर से लड़ाई हो रही थी। उसके द्वारा मना करने पर गांव के झगड़ा कर रहे व्यक्ति ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।

सीएचसी प्रभारी व बीपीएम का वेतन रोकने का निर्देश

सीएचसी साण्डा का डीएम ने किया निरीक्षण, ट्रैकिंग रजिस्टर में कमी व साफ-सफाई में मिलीं खामियां

सख्त तेवर

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने विकास खंड सकरन में औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था का हाल जाना। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा में कई खामियां सामने आईं। जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को खरी खोटी सुनाई और कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय टेड़वा कला पहुंचकर शैक्षणिक गतिविधियों और मिड-डे-मील की गुणवत्ता की जांच की।

सीएचसी साण्डा के निरीक्षण में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आनंद मित्रा के अनुपस्थित मिलने पर

साण्डा सीएचसी में रजिस्टर का अवलोकन करते डीएम डॉ. राजा गणपति आर.।

डीएम ने एक दिन का वेतन रोकने और नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक न मिलने पर बीपीएम जयंत नाथ तिवारी का 15 दिन का वेतन काटने का आदेश दिया गया। इमरजेंसी वार्ड में मरीजों से बातचीत कर उनके उपचार व भोजन की जानकारी ली गई। परिवार नियोजन कक्ष, मातृ सुरक्षा कक्ष और जननी सुरक्षा कक्ष के रजिस्टरों में खामियां मिलने पर स्टाफ नर्स सविता, फैमिली काउंसलर नीतू गुप्ता और स्टाफ नर्स सरिता वैश्य को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

डीएम बने टीचर, लगाई बच्चों की क्लास

डीएम प्राथमिक विद्यालय टेड़वा कला पहुंचे। निरीक्षण करते हुए उन्होंने कक्षा तीन और चार के बच्चों से पाठ पढ़वाया, रसोईघर में मिड-डे-मील की गुणवत्ता, पेयजल, प्रकाश और साफ-सफाई की व्यवस्था जांची गई। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मातृ सुरक्षा कक्ष में डॉ. अंकिता की अनुपस्थिति पर उनका भी एक दिन का वेतन रोका गया। डीएम ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

सड़कों से हटेंगे छुट्टा मवेशी : जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय स्थायी एवं अस्थायी गौवंश आश्रय स्थलों की अनुश्रवण, मूल्यांकन व समीक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने सख्त निर्देश दिए कि सड़कों पर छुट्टा मवेशी नहीं दिखना चाहिए। इसके लिए अभियान चलाकर पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित कराया जाए, अन्यथा अप्रिय घटना में संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने गौशालाओं से जुड़े मांग पत्र समय से भेजने, केयर टेकरों का भुगतान समय से कराने और पत्रावलियां लंबित न रखने को कहा। साथ ही हरे चारे की उपलब्धता और गौवंशों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मोबाइल टावर पर चढ़ युवक ने किया हंगामा

अफरा-तफरी

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : शहर में एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। पीआरवी पुलिस टीम के पहुंचने पर किसी तरह उसे टावर से उतारा जा सका। देर तक अफरातफरी का माहौल रहा।

लहरपुर कोतवाली क्षेत्र का काजी टोला निवासी राजा खान पुत्र जलीस कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित कैंची पुल के नजदीक एक टावर पर चढ़ गया। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची। इसी के बाद कोतवाली पुलिस आ गई। किसी तरह युवक को टावर ने नीचे उतारा जा सका।

पूछताछ के बाद पता चला कि युवक की इलाके की एक युवती



टावर पर चढ़ा युवक। ● अमृत विचार

के साथ नजदीकियां थीं। इसको लेकर उसे कई बार परेशान किया गया था। ऐसे में युवक उसी युवती के साथ शादी की जिद पर अड़ा हुआ था।

छाया रहा कोहरा, बढ़ी ठिठुरन

सीतापुर, अमृत विचार : घने कोहरे और चली हल्की ठंडी हवाओं ने आमजन की दिनचर्या पर असर डाला। तेज धुंध के बीच सड़कों पर अपेक्षाकृत वाहनों की रफ्तार कम रही। अचानक बिगड़े मौसम में पारा लुढ़क गया।। चिकित्सकों ने बच्चों और वृद्धों को खास सलाह दी है।

रात से छाया धुंध सुबह अधिक गहरा गया। ऐसे में मुख्य मार्ग से लेकर संपर्क मार्ग रेंगते नजर आए, दृश्यता 10 मीटर से भी कम रह गई। जिस कारण लोगों को आवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ा। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह

लालबाग चौराहे पर सुबह कोहरे के बीच से गुजरता बाइक सवार।

के मुताबिक, तीन दिनों तक कोहरा बने रहने के संकेत मिल रहे हैं। उधर लुढ़कते पारे के बीच न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रिकार्ड होने पर चिकित्सकों ने बच्चों और वृद्धों से सावधानी बरतने की सलाह दी है।

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुशियाना में ग्राम प्रधान द्वारा बंजर भूमि पर किए गए कथित अवैध कब्जे को मुक्त कराने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उनकी अनुपस्थिति में तहसीलदार मनीष त्रिपाठी को सौंपा।

जिला संयोजक नीरज, संयोजक अमन वर्मा और आकाश मिश्रा बजरंगी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पक्का तालाब तीर्थ से जय

तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

श्रीराम के नारे लगाते हुए तहसील पहुंचे। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि ग्राम मुशियाना बंजर भूमि तथा प्राथमिक विद्यालय के नाम दर्ज भूमि पर ग्राम प्रधान द्वारा कब्जा किया गया है और उसके सहयोगी कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। संगठन के लोगों ने मांग की कि बंजर भूमि पर अवैध रूप से बने निर्माण को ध्वस्त कर भूमि खाली कराई जाए तथा भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उच्चाधिकारियों की गठित टीम से नाप-जोख कराई जाए। तहसीलदार मनीष त्रिपाठी ने बताया कि प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान हरिराम मौर्य, उमेश कुमार, रिंकू वर्मा, रमेश कुमार, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से बालक की मौत

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरी पुरवा लच्छन नगर में ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से 9 वर्षीय बालक की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरी पुरवा मजरा लच्छन नगर निवासी हफीज खान का 9 वर्षीय पुत्र शाहनवाज अपने साथी जीशान के साथ खेल रहा था। तभी उधर से मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली आ रही थी। जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक द्वारा उसको उठाकर गन्ने के खेत में डाल दिया गया और आरोपी मौके से भाग गया।

हादसों में युवक की मौत, 5 गंभीर

संवाददाता, संदना, नैमिषारण्य, सीतापुर

कोहरे का कहर

● जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में हुईं दुर्घटनाएं

अमृत विचार : सुबह का कोहरा काल बना। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के दो स्थानों पर हादसे हुए। ऐसे में दो सड़क हादसे हुए। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। दूसरे हादसे में नैमिष से अयोध्या लौट रहे श्रद्धालु हादसे का शिकार हो गए, इसमें तीन महिला सहित छह लोग घायल हुए हैं।

पिसावां थानाक्षेत्र का कुतुबनगर निवासी योगेंद्र कश्यप (33) पुत्र रामचंद्र कश्यप बाइक से जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। सड़क हादसे में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, संदना थाना क्षेत्र के अंतर्गत थाना के समीप मारुति स्विफ्ट डिजायरं कार और एक ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। घायलों में से जम्मू निवासी कार चालक दर्शन लाल सहित कार में सवार पांच लोग घायल हो गया। जिनमें तीन की हालत गंभीर बनी हुई है।

ट्रक-कार की टक्कर, पांच घायल : गोंदलामऊ। सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर ट्रक और कार के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। बताते हैं कि चावल से लदा ट्रक सिधौली-मिश्रिख मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान सिधौली से मिश्रिख की ओर जा रही कार से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक सुल्तानपुर जनपद के थाना बाल्दीसरांय स्थित मालपुर सैनी निवासी आयुष तिवारी पुत्र जटाशंकर तिवारी चला रहे थे। वहीं, वाहन सवार जम्मू काश्मीर के जिला राजौरी स्थित सुंदरबनी नासी दर्शन लाल पुत्र सीताराम को चोटें आईं हैं।

कलह से परेशान अधेड़ ने नहर में कूदकर दी जान

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : बिसवां देहात के मोहल्ला संजय नगर निवासी एक व्यक्ति ने पारिवारिक कलह के चलते नहर में कूदकर अपनी जान दे दी। परिवार और करीबियों के इन्हीं दावों के बीच पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

बिसवां कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला संजय नगर निवासी नंदू पुत्र मेवालाल घर से निकला था। बताते हैं कि नंदू पुरैनी पुल पर पहुंची। राहगीरों के बीच ही नंदू ने शारदा सहायक नहर में छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली बिसवां प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा द्वारा गोताखोरों की मदद से नहर में तलाश कराई गई। मशक्कत के बाद लगभग अधेड़ को बाहर निकाला गया। सीएचसी पर लाए गए नंदू को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि परिवार से हुई पूछताछ में पारिवारिक कलह सामने आई है, फिर भी शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

62 दिव्यांगजनों ने किया आवेदन

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

अमृत विचार : विकासखंड परिसर में दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांग जनों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

कड़ाके की ठंड के बाद भी आयोजित दिव्यांग शिविर में दिव्यांग जनो की भीड़ उमड़ी। शिविर में 62 दिव्यांग पात्र व्यक्तियों ने अपनी अपनी विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन किया। शिविर में दिव्यांग पेंशन से संबंधित समस्या का समाधान किया गया एवं कृत्रिम अंग, बैसाखी, ट्राईसाईकिल आदि के आवेदन भी लिए गए। शिविर में खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र

शिविर के दौरान उपस्थित अधिकारी और पात्र दिव्यांग।

कुमार सिंह, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग से वरिष्ठ सहायक कमलेश कुमार, विकासखंड बेहटा से सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण ओमेंद्र वर्मा, विकासखंड परसेंडी के ग्राम विकास अधिकारी समाज कल्याण वैभव कुमार, विकासखंड लहरपुर से ग्राम विकास अधिकारी समाज कल्याण वरुण पटेल, विकासखंड स्तरीय कर्मचारी व लाभार्थी उपस्थित थे।

बिसवां में प्रशासन से हटवाया अतिक्रमण

संवाददाता, बिसवां, सीतापुर

अमृत विचार : एसडीएम बिसवां शिखा शुक्ला के नेतृत्व में नगर के मुख्य चौराहे से रायगंज चौराहे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बुलडोजर की सहायता से नगर पालिका के नालों पर किए गए अतिक्रमण तथा दुकानों के बाहर लगे टीन शेड व टीनों को हटाया गया। इस मौके पर कोतवाल मुकुल प्रकाश वर्मा, सफाई निरीक्षक नगर पालिका सौरभ शुक्ला, आरआई आशीष यादव, उपनिरीक्षक सुधाकर सिंह सहित नगर पालिका कर्मी व पुलिस बल मौजूद रहा।

अतिक्रमण हटाती जेसीबी।

सिटी डायरी

अतिथि को सम्मानित करते संगठन के पदाधिकारी और सदस्य।

सृजन महोत्सव

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : साहित्य सृजन द्वारा हरगोविंद वर्मा सभागार में सृजन महोत्सव संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत कार्यवाह प्रशांत रहे, जबकि अध्यक्षता शिक्षाविद व साहित्यकार रमेश बाजपेयी ने की। विशिष्ट अतिथियों में बांदा की सर्जन व साहित्यकार डॉ. शबाना रफीक, भाषा संस्थान सूरत के अध्यक्ष डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा गुणशेखर, फ्यूचर ब्राइट पब्लिक स्कूल के प्रतिनिधि डॉ. वैभव, आरएसएस जिला प्रचारक सुरेंद्र तथा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप मिश्र सरस उपस्थित रहे।

दिव्यांग को अभिनंदन पत्र देते विनोद गुप्ता व उपाध्यक्ष सागर गुप्ता

कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

दिव्यांगों को वितरित किये ऊनी वस्त्र

सीतापुर, अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर विवेकानंद सेवा संस्थान द्वारा मंडल स्तर पर दिव्यांग जन सहयोग एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान दिव्यांगजनों का पंजीकरण, मार्गदर्शन, परामर्श एवं सहायता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मण्डल उपाध्यक्ष सागर गुप्ता ने पांच दिव्यांगजनों को ठंड से बचाव के लिए गर्म वस्त्र वितरित किए, इस दौरान शासन की योजनाओं का प्रचार किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष सागर गुप्ता, मोनू सिंह, दुर्गेश सक्सेना, संजय कुमार, सर्वेश कुमार, ममता एवं बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

संगीतमय प्रबोधन कार्यक्रम

रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार : बौद्ध धर्म जागरण का पांच दिवसीय संगीतमय प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय बुद्ध कथा धर्म संघ ज्ञान कथा की अमृतमयी वर्षा कथावाचक अमित बौद्ध द्वारा की गई। इस दौरान कमेटी के मुख्य संयोजक कमेटी संचालक संस्थापक सरजू प्रसाद गौतम, संयोजक संतराम गौतम, सलाहकार मैकेनिक अजय कुमार गौतम, जगदीश, इतवारी, अशोक, भोले, विक्रम, राजेंद्र, हरिलाल, मंसाराम, सियाराम, राम मिलन, छोटेलाल, भिलाई, मगन, खुशीराम, सुरेश, कैलाश सहित अन्य उपस्थित थे।

भजन संध्या

महोली, सीतापुर, अमृत विचार : बाबा बैजनाथ धाम में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। बता दें पूर्व में रहे कोतवाली प्रभारी विनोद मिश्रा ने 7 दिवसीय भव्य श्रीमद् भागवत कथा से धार्मिक पहल की थी। इसी को आगे बढ़ाने का कार्य कोतवाली प्रभारी जेबी पाण्डे द्वारा किया गया। सुंदर कांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक शशांक त्रिवेदी, सीओ नगेंद्र चौबे, मनोज मिश्रा, कौशलेंद्र दीक्षित, ब्लाक प्रमुख महोली, ब्लाक प्रमुख पिसावां आदि मौजूद रहे।

भजन गाते कोतवाली प्रभारी जेबी पाण्डेय। अमृत विचार

समस्या जिला अस्पताल में ओपीडी में बड़ी संख्या में मरीज और तीमारदार, पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत

मुख्य रास्तों से लेकर अस्पताल तक भीड़ की बाधा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : सोमवार को अस्पताल और मुख्य मार्गों पर भीड़ देखने को मिली। कई स्थानों पर आम के साथ खास भी फंसे रहे। इस दौरान पुलिस को मशक्कत का सामना करना पड़ा। उधर, जिला अस्पताल में ओपीडी में मरीज और तीमारदार में परिसर के बाहर तक मौजूद थे।

छाए धुंध के बावजूद जिला अस्पताल में पर्चा काउण्टर के बाहर मरीज और तीमारदारों की भीड़ थी। यहीं पर शहर के मोहल्ला हुसैनगंज से बिट्टी, राजेश, शमीद और पप्पू मिले।

जिला अस्पताल से कोतवाली जाने वाले मार्ग पर लगा जाम।

पूछने पर बताया कि सभी को तेजी बुखार और सांस लेने में दिक्कत है। समय बीतने पर ओपीडी में भी भीड़ बढ़ गई।

डॉ. राकेश कुमार और डॉ. अनिल कुमार सिंह बताते हैं कि पिछले एक सप्ताह से बच्चों में बुखार और सीने में जकड़न की शिकायत बढ़ी है। डॉ. अनुपम मिश्रा ने बताया कि बड़ी संख्या में बुजुर्ग भी आ रहे हैं। ओपीडी में सर्जन डॉ. अनूप कुमार, आर्थो डॉ. पवन, डॉ. रविशेखर, डॉ. कमलेश चन्द्रा, डॉ. जेके वर्मा, डॉ. अनुराग राणा के कक्ष में भी बड़ी संख्या में मरीज थे।

पैथॉलाजी में 2780 की हुई जांच : जिला अस्पताल की पैथॉलाजी में 2780 की जांच हुई। पैथालॉजी के डॉ. राजाराम बताते हैं कि पिछले तीन दिनों से रक्त की जांच कराने वालों की संख्या बढ़ी है। बताते हैं कि हेबेटाइटिस बी और सी की भी जांच कराई जा रही है। थायराइड को लेकर भी 270 महिला मरीजों ने परीक्षण कराया।

मुख्य चौराहों पर लगा जाम, फंसी एंबुलेंस : शहर में जिला अस्पताल के बाहर कई बार जाम लगी। यहीं स्थिति लालबाग और ट्रांसपोर्ट चौराहे पर भी देखने को मिली। जिला अस्पताल-कोतवाली मार्ग पर कुछ देर एंबुलेंस भी फंसी रही। यातायात पुलिस जाम को हटाने के लिए कई स्थानों पर देखने को मिली। यातायात प्रभारी निरीक्षक फरीद अहमद का कहना है कि जाम से निजात को लेकर ई रिक्शों के रूट डायवर्जन किये गए हैं। नियमों की अनदेखी करने वालों का चालान भी किया जा रहा है।

अमृत विचार

लखनऊ, बुधवार, 17 दिसंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

अवैध तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार

खीरों : सोलर पैनल चोरी के मामे में वांछित चल रहे चड़ौली गांव निवासी आरोपी मुक्कू उर्फ मुकेश कुमार पुत्र स्व. हजूरी प्रसाद को पुलिस चौकी प्रभारी लल्लाखेड़ा ने अन्य पुलिसकर्मियों के साथ सोमवार की रात एकक अवैध तमंचे के साथ बेहटा सातनपुर गांव के खरकन पुलिया के पास गिरफ्तार कर लिया। जिसे पुलिस ने जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि विगत दिनों फिरोजाबाद मजरे खीरों में स्थित पानी की टंकी और लच्छीपुर गांव के एक किसान के खेत से पैनल चोरी के साथ अन्य चोरी की घटनाएं हुई थीं। जिसमें फरार चले रहे आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है।

हादसे में घायल की मौत, केस दर्ज

अमावां : मिल एरिया थाना क्षेत्र के लोधवा मऊ गांव निवासी चंद्रभान बीती आठ दिसंबर की रात रायबरेली से साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। तभी रोड से गुजरे एक बाइक सवार ने चंद्रभान की बाइक में टक्कर मार दी थी। घटना में घायल चंद्रभान को परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था। लखनऊ में सोमवार को चंद्रभान की मौत हो गई। इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया मृतक के पुत्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी बाइक चालक की तलाश की जा रही है।

लेखपाल पर गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप

महराजगंज : तहसील क्षेत्र के ग्राम बैंती, परगना कुम्हरावा में तैनात हल्का लेखपाल पर बिना स्थलीय पैमाइश किए मुख्यमंत्री पोर्टल पर बंजर भूमि की शिकायत के मामले में गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप है। पीड़ित अभय शंकर मिश्रा का शिकायती पत्र में हल्का लेखपाल पर आरोप है कि सांठगांठ कर पड़ोसी के पक्ष में गलत तरीके से नाप कराकर जबरन कब्जा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित ने मामले में उपजिलाधिकारी व जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच व लेखपाल की कार्यशैली पर कार्रवाई की मांग की है। मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब लेखपाल से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। वायरल वीडियो में लेखपाल की भूमिका को लेकर लोग सवाल उठा रहे हैं। हालांकि प्रशासन की ओर से अभी तक वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। शिकायतकर्ता ने उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि शिकायत की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

कैंप में बनाए गए आयुष्मान कार्ड

महराजगंज : कस्बे के वार्ड संख्या आठ स्थित प्रकाश नगर में लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया गया। यह कार्ड विशेष रूप से 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के बनाए जा रहे है। चेयरमैन प्रतिनिधि ने बताया कि बृहस्पतिवार को टाउन एरिया के पैगंबर नगर में भी कैंप लगाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विजय धीमान, धर्मेंद्र, सभासद नुरुल, सभासद रमजान अली, संदीप वैश्य आदि रहे।

बंध समिति का चुनाव 14 जनवरी को

सरेनी : विकास क्षेत्र के श्री भगवती विद्यालय इंटर कॉलेज मुरारमऊ की प्रबंध समिति व साधारण समिति का चुनाव 14 जनवरी 2026 को विद्यालय परिसर में होगा। यह जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष उमेश चंद्र तिवारी ने दी है। उन्होंने बताया कि सुबह दस बजे से लेकर अपरान्ह दो बजे तक मतदान होगा; इसके बाद मतों की गणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया 3 जनवरी से 14 जनवरी तक चलेगी।

प्रधानाचार्य की पिटाई से छात्र घायल, दी गई तहरीर

संवाददाता, महराजगंज, (रायबरेली)

अमृत विचार। कस्बा स्थित एक विद्यालय के प्रधानाचार्य पर छात्रों के साथ मारपीट का आरोप है। दो छात्रों की पिटाई में एक छात्र के हाथ में गंभीर चोट आई है।

छात्र के पिता राज मोर्या निवासी ग्राम पूरे गया बक्स का पुरवा मजरे पोखरनी ने बताया कि 15 दिसंबर को स्कूल में प्रधानाचार्य ने उसके पुत्र राजकुमार की पिटाई कर दी। परिजनों को विद्यालय से भगा देने का भी आरोप लगाया गया है। घायल बच्चों का इलाज निजी अस्पताल में कराया गया। कोतवाल जगदीश यादव का कहना है कि तहरीर मिली है। प्रधानाचार्य अवकाश पर हैं। मामले में पूछताछ कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

घायल खड़े हाथ दिखाते बच्चे।

टैलेंट हंट बॉलीवुड अवार्ड नाइट में कलाकारों ने बिखेरा जलवा

संवाददाता, रायबरेली

कार्यक्रम

- **जिले में पहली बार हुए आयोजन से नवोदित कलाकारों में नजर आया जबरदस्त उत्साह**

अमृत विचार। जिले में पहली बार सालासर बालाजी महाराज प्रोडक्शन हाउस द्वारा होटल प्लेसेंट व्यू में भव्य बॉलीवुड अवार्ड नाइट का आयोजन किया गया। इसमें कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन कर जलवा बिखेर दिया। सबसे अधिक उत्साह नवोदित कलाकारों में रहा। अभिनेता गौरव कुमार और उनकी टीम ने इस कार्यक्रम का आयोजन रायबरेली की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए किया खासतौर पर जो कलाकार आर्थिक कमी के कारण प्लेटफॉर्म न मिलने के कारण पिछड़ जाते हैं।

अभिनेता गौरव ने बताया कि इनमें विजेता प्रतिभाओं को फ़िल्मों और वेब सीरीज में काम करने का मौका भी मिलेगा। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध भोजपुरी अभिनेत्री ऋचा दीक्षित और प्रख्यात अभिनेता गौरव कुमार, सृष्टि, आयुष, सिंगर में जज स्नेहलता, एक्टिंग में राजेश श्रीवास्तव और डांसिंग के जज में निर्मल रहे। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध होम्योपैथ डॉ. रमेश श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि रमेश बहादुर सिंह, डॉ मनीष चौहान, छोटे राजा, हरिहर सिंह, उमेश सिकरिया, शिवकांत शुक्ला विपिन फौजी ने प्रतिभाओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के प्रायोजक सालासर बालाजी महाराज प्रोडक्शन हाउस आयोजक गौरव कुमार रहे।

रायबरेली के सत्य नगर निवासी अभिनेता गौरव कुमार ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत से फिल्म उद्योग में एक विशिष्ट स्थान बनाया है। उनकी प्रमुख उपलब्धियों में रायबरेली, संदेह, नाच बसंती नाच, दंगल में आई लव यू और सीतापुर सीटी ऑफ गैंगस्टर फिल्में षामिल हैं। इन सफल फिल्मों में मुख्य भूमिकाएँ निभाकर दर्शकों के दिलों में अभिनेता गौरव कुमार ने जगह बनाई है। अभिनेता जल्द ही अपनी आने वाली फ़िल्मों श्सुबेदारश् और श्लाल दानाश् के माध्यम से बड़े पर्दे पर फिर नज़र आएंगे। जिनका उनके प्रशंसक बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। इस बॉलीवुड अवार्ड नाइट का उद्देश्य रायबरेली के गाँव और गलियों में छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाना था। टैलेंट शो में सिंगिंग शाश्वत तिवारी, एक्टिंग अनुपम शुक्ला, डांसिंग कुबेर मिश्रा और निया गुप्ता रहे। इस मौके पर महक अग्रहरि, शिव भोला सोनी, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, विजय मिश्रा, हरिओम सोनकर, पूनम रावत, संजू सिंह, सुशील कुमार गुप्ता, शैलेन्द्र कुमार गुप्ता एडवोकेट, ऋषि सिन्हा, प्रशांत वर्मा, गौरव मिश्रा उपस्थित रहे।

बॉलीवुड अवार्ड नाइट कार्यक्रम में अतिथि को अवार्ड देकर सम्मानित करते लोग।

कुत्तों के आतंक से दहशत में रोगी व तीमारदार

लापरवाही: जिला महिला अस्पताल के आगे-पीछे और गैलरी में अक्सर घूमता नजर आता है कुत्तों का झुंड

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जिला महिला अस्पताल में इन दिनों अराजकता और घोर लापरवाही चर्चा में है। अस्पताल परिसर में आवारा कुत्तों के आपस में लड़ने, घूमने, भौंकने और दौड़ने से दहशत बनने पर प्रसूताओं व उनके तीमारदारों की जान हर पल जोखिम में रहती है। रात आठ बजे के बाद तो रोगी और उनके तीमारदार बाहर निकलने तक से घबराते हैं। इसकी वजह, रात में गुस्सैल कुत्तों का डर रहता है कि कहीं हमला न कर दें। हैरानी की बात यह है कि अंदर व बाहर गैंग बनाकर टहल रहे कुत्तों के बावजूद अस्पताल प्रशासन और खासकर महिला सीएमएस आंख मूंदे बैठी हैं।

जिला महिला चिकित्सालय जहां गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव और नवजातों को जीवन की पहली सांस मिलती है आज अस्पताल का यह परिसर असुरक्षा का प्रतीक बनता जा रहा है। अस्पताल भवन के आगे-पीछे व गैलरी में भी आवारा कुत्तों का झुंड खुलेआम घूमना आम बात हो गई है। कुत्तों का झुंड जब अस्पताल परिसर में दौड़ते नजर आते हैं तो रात के समय की स्थिति और भयावह हो जाती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि अस्पताल में साफ-सफाई और सुरक्षा की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों पर है, वे इन कुत्तों को रोक पाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। इसको लेकर सीएमएस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों की माने तो इस समस्या को लेकर सीएमएस ने पत्राचार और न तो मौखिक रूप से नगर पालिका से समन्वय स्थापित किया और न ही कुत्तों को पकड़वाने या परिसर को सुरक्षित करने के लिए कोई ठोस कदम ही उठाएं। एक तरफ सरकार सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने की बात कर रही है तो वहीं दूसरी ओर जिला महिला अस्पताल की यह दुर्दशा पूरे स्वास्थ्य तंत्र पर सवालिया निशान लगा रही है। गरीब और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं मजबूरी में इसी अस्पताल में आती हैं, जहां डिस्चार्ज के बाद अस्पताल से निकलने और प्रसव कराने जाते समय अक्सर इन कुत्तों से डर का साया बना रहता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर आवारा कुत्तों की मौजूदगी न केवल सुरक्षा, बल्कि स्वास्थ्य मानकों का भी गंभीर उल्लंघन है। इससे रेबीज, संक्रमण और अन्य बीमारियों का खतरा बना रहता है, जो मां और बच्चे दोनों के लिए घातक व जानलेवा हो सकता है। किसी अप्रिय घटना के होने से पूर्व सीएमएस को ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए कड़ा कदम उठाने की जरूरत है। यदि समय रहते इसे गंभीरता से अमल में नहीं लाया गया तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे की जिम्मेदारी से प्रशासन को बचा नहीं सकता है।

जिला महिला अस्पताल के पीछे वाले गेट के पास टहलता कुत्तों का झुंड। अमृत विचार

जिला महिला अस्पताल की गैलरी में घूमते आवारा कुत्ते। अमृत विचार

बेड पर बैठे तो कभी वार्ड में टहलते हुए कुत्तों का वीडियो वायरल, जिम्मेदार अंजान

अस्पताल में सुरक्षा का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कई बार बेड पर बैठे और वार्ड में टहलते कुत्तों का वीडियो वायरल हो चुका है। इसके बावजूद जिम्मेदार इनके रोकथाम को लेकर तनिक भी संजीदा नहीं हैं। यदि ऐसा ही रहा तो कभी कोई ना कोई इनके गस्से का षिकार बन सकता है।

> अस्पताल परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त सुरक्षा गार्ड लगाए गए हैं। अस्पताल में किसी भी तरह की अव्यवस्था फैलने पर उसे त्वरित दुरूस्त कराया जाता है। अस्पताल में किसी भी जानवर के जाने पर विषेष ध्यान रखा जाता है।
>
> **-डॉ. निर्मला कुमारी साहू, सीएमएस, जिला महिला अस्पताल रायबरेली।**

चोरों ने घर से दस लाख की नकदी और जेवरात किए पार

संवाददाता, सलोन (रायबरेली)

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव में दो दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने अधिवक्ता के घर को निशाना बनाकर साढ़े तीन लाख की नकदी और लाखो के सोने चांदी के आभूषण पार कर फरार हो गए। घटना के दौरान चोरो ने आंगन के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया था। पीड़ित ने लगभग दस लाख रुपये की चोरी हो जाने की बात बताई है। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली अंतर्गत करहिया चौकी क्षेत्र के प्यारेपुर निवासी अधिवक्ता अमित कुमार शुक्ला के बड़े भाई प्रमोद शुक्ला मोबाइल के थोक विक्रेता हैं। 12 दिसम्बर की आधी रात घर मे छत के रास्ते घुसे अज्ञात चोरों ने आंगन में बाहर से दरवाजे को कपड़े से बांध दिया था। इसके बाद दूसरे कमरे का की कुंडी तोड़कर चोर अंदर दाखिल हो गए। तहरीर के मुताबिक कमरे के अलमारी और बक्से में रखे लाखों के जेवरात व साढ़े तीन लाख रुपये पर हाथ साफ कर दिया। वहीं ग्रह स्वामी की जब आंख खुली तो दरवाजा बाहर से बन्द होने पर हड़कम्प मच गया। इसके बाद घर स्वामी के शोरगुल की आवाज सुनकर अज्ञात चोर मौके का फायदा उठाकर छत के रास्ते से भाग निकले। अधिवक्ता अमित ने बताया कि दरवाजे को कपड़े से बांध दिया गया था। पुलिस ने घटना के दो दिन बाद मुकदमा दर्ज किया है। अधिवक्ता के मुताबिक नकदी, आभूषण समेत दस लाख रुपये की चोरी हुई है। कोतवाल राघवन कुमार ने बताया-तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

चोरी के बाद खुला पड़ा बक्सा व बिखरा सामान। अमृत विचार

अज्ञात वाहन की टक्कर से दो परीक्षार्थी घायल

बछरावां। अटरा पोस्ट हरदोई निवासी अंशु पुत्र रामफेर व अनुज पुत्र राकेश कुमार बाइक से बछरावां-मौरावा मार्ग होते हुए स्थानीय थाना क्षेत्र के छोटकवा खेड़ा स्थित जेपीएस महाविद्यालय में बीए के पेपर देने के लिए जा रहे थे। चुरूवा पश्चिम गांव बाईपास शेखपुर समोधा चौराहा के निकट गुरूबख्शगंज की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार परीक्षार्थी घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक वाहन से लेकर फरार हो गया। राहगीरों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस के द्वारा सीएचसी बछरावां पहुंचाया गया। जहां से एक घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जनरेटर चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

जगतपुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत जल निगम हाउस पर रखा जनरेटर कुछ दिन पूर्व चोरी हो गया था। वहीं चौकीदार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर किया है। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह की शक्ति के बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के बिंदागंज शारदा सहायक नहर पुल के पास से ऊंचाहार थाना क्षेत्र के विक्रम पुत्र राम निवासी गनपी मजरे राम सांडा थाना ऊंचाहार, मनीष पुत्र जयकरन निवासी मिसिरपुर बाबूगंज थाना ऊंचाहार को गिरफ्तार किया। पूछताछ पर उन्होंने जनरेटर चोरी का जुर्म स्वीकार किया। जिनकी निशानदेही पर जनरेटर बरामद किया गया। इस बाबत जगतपुर थानेदार पंकज त्यागी ने बताया कि एक जनरेटर जिसकी कीमत लगभग साढ़े चार लाख रुपये है। चोरी के दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया।

हक के लिए आवाज उठाएंगे आउटसोर्स कर्मी

रायबरेली। उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के परिचालन व अनुरक्षण कार्य में तैनात हजारों आउटसोर्स कर्मचारियों की छटनी करने, छटनी के उपरान्त मानक निर्धारित करने हेतु समिति का गठन करने आदि से कर्मचारियों में आक्रोष व्याप्त है। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ रायबरेली जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि मांगों को लेकर संगठन द्वारा 26 नवंबर को शक्ति भवन लखनऊ पर शान्तिपूर्वक विरोध प्रदर्शन किया गया। परिणाम स्वरूप प्रशासन कि उपस्थित में पावर कार्पोरेशन प्रबंधन व संगठन पदाधिकारी के बीच बैठक वार्ता में बनी सहमति के अनुरूप कार्यवृत्त जारी न करने,मानक समिति द्वारा रिपोर्ट देने से पहले ही पूर्वांचल डिस्काम में पुनः छटनी शुरू कर दिया गया। इसके विरोध में संगठन द्वारा 20 दिसम्बर से जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करने एवं 12 जनवरी 2026 को ऊर्जा मंत्री से उनके लखनऊ स्थित आवास पर मिलकर आउटसोर्स कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराने का निर्णय लिया गया है जिसमें प्रदेश के भिन्न-भिन्न जनपदों से चलकर आए बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा भाग लिया जाएगा।

हुक्का बार में पुलिस का छापा, पांच गिरफ्तार

अमावां। मिल एरिया पुलिस ने सोमवार की रात अवैध रूप से संचालित एक हुक्का बार में छापेमारी कर पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हुक्का बार के संचालक सगे भाइयों को गिरफ्तार कर हुक्का व तंबाकू से संबंधित फ्लेवर कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिल एरिया पुलिस को सोमवार की रात रतापुर चौराहे के पास स्थित ग्रामीण बैंक की देवानंदपुर शाखा के पास एक हुक्का बार के संचालन की खबर मिली। हुक्का बार में कई नवयुवकों के भी मौजूद होने की खबर पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने हुक्का बार के संचालक शिवा पुत्र मंसाराम व उसके बड़े भाई आशीष पुत्र मंसाराम को दबोच लिया। पूछताछ में हुक्का बार संचालक कोई भी लाइसेंस या कागजात नहीं दिखा सका पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और हुक्का बार में मौजूद देवानंदपुर के अभिनव चौधरी पुत्र कैलाश रतापुर के निखिल यादव पुत्र बाबूलाल के अलावा प्रतापगढ़ जनपद के सांगीपुर थाना क्षेत्र के देवगांव निवासी विकास पुत्र रामचंद्र को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए पांचो युवकों को जेल भेज दिया है।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री का किया स्वागत

लालगंज (रायबरेली)। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद अखिल भारतीय हिंदू सभा के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ समाजसेवी शैलेंद्र अग्निहोत्री ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मिलकर उन्हें बधाई दी है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी सहित भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व के प्रति साधुवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वही करती है। भारतीय जनता पार्टी ने सभी जातियों और समूहों का प्रतिनिधित्व किया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नितिन नवीन और प्रदेश भाजपा के पद पर पंकज चौधरी मनोनीत हुए हैं।

उपमुख्यमंत्री का स्वागत करते प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री।

धूमधाम से मनाया एम्स का सातवां स्थापना दिवस

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने अपना सातवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। स्थापना दिवस के अवसर पर एम्स को दुल्हन की तरह सजाया गया। जगमगाती झालर की रोशनी सभी को मनमोहक लग रही थी। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे निदेशक प्रो डा अमिता जैन ने अतिथियो को अंग वस्त्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि विनोद कुमार पाल सदस्य भारत सरकार नीति आयोग नई दिल्ली, निदेशक प्रो. डॉ. राधा रंग राजन सीएसआईआर-सीडीआरआई व निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने एम्स की उपलब्धियो पर हर्ष व्यक्त करते हुए एमबीबीएस के सफल छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल पहनाकर कर सभी का उत्साह वर्धन करते हुए अपने विचार व्यक्त किया। संस्थान की अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. आरवी रमणी ने कहा कि अब बाल्यावस्था से निकलकर दौड़ने का समय आ गया है। संस्थान जल्द ही अपनी गति को और रफ्तार देगा।

निदेशक डॉ. अमिता जैन ने एम्स की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्थान का बहिर्रोगी विभाग करीब 20 लाख और अंतर्रोगी विभाग करीब 50 हजार लोगों का उपचार कर चुका है। लगभग 12 हजार सर्जरी की जा चुकी है। लगभग 71,50,000 नैदानिक जाँचे किए जा चुके है। चिकित्सा एवं संबद्ध पाठ्यक्रमों में वर्तमान में 1023 छात्र शिक्षा पा रहे है। संस्थान अवसंरचना, चिकित्सा सेवाएं, अकादमिक सुविधा, अनुसंधान गतिविधियों जैसे अपने सभी प्रकार के संसाधनों में निरंतर प्रगति कर रहा है। निकट भविष्य में नवाचार, समावेशिता व करुणा से प्रेरित मेडिकल शिक्षा, स्वास्थ्य, नैदानिक जांच एवं शोध में उत्कृष्टता का एक प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है।

इस वर्ष अकादमिक उपलब्धियों हेतु प्रत्येक सत्र में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं विषय में अव्वल आने वाले छात्रों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया। सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. भोला नाथ ने धन्यवाद देते हुए राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर उपनिदेशक कर्नल अखिलेश सिंह, वित्तीय सलाहकार कर्नल यूएन राय, अधीक्षक प्रो. डॉ. नीरज श्रीवास्तव, डीन प्रो. नीरज कुमारी, डीन परीक्षा प्रो. प्रगति गर्ग, डीन अनुसंधान प्रो. अर्चना वर्मा, प्रो. आरएस बेदी, प्रो. प्रबल जोशी, प्रो. रजत शुभ्र दास, प्रो. डॉ. मधुकर मित्तल, प्रो. डॉ. गौरव उपाध्याय, डॉ. अरुणप्रीत कौर, डॉ. केडी. सिंह, डॉ. महेंद्र कुमार मीणा आदि लोग मौजूद रहे।

आयोजन

एम्स के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को प्रतीक चिह्न देतीं निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन। अमृत विचार

युवक की हत्या करके नग्न शव फेंके जाने की आशंका

संवाददाता, ऊंचाहार (रायबरेली)

- **अरखा गांव में गंगा नदी के किनारे मिला था शव**

अमृत विचार। सोमवार को क्षेत्र के अरखा गांव में गंगा नदी के किनारे स्थित एनटीपीसी के ऐश पांड में एक युवक का पूर्ण रूप से नग्न शव बरामद हुआ था। युवक की पहचान संतोष उर्फ प्रदुम्न (26) पुत्र पप्पू निवासी ग्राम फूलनगर फुलवा बिसौना थाना एयरपोर्ट जिला प्रयागराज के रूप में हुई है।

मृतक के परिजनों का कहना है कि वह शटरिंग का मिस्त्री था और बीते दो दिसंबर को अचानक घर से लापता हो गया था। ऐसा अनुमान लगाया जाता है कि उसे कुछ लोग साजिश के तहत लेकर ऊंचाहार आए और ऐश पांड जैसे सुनसान स्थान पर झाड़ियों में ले जाकर उसकी हत्या करके शव फेंक दिया। उसका शव भी कई दिन पुराना था। शव के पास उसके कपड़े और शराब की बोतलें भी बरामद हुई है। अनुमान है कि यहीं पर बैठकर शराब भी पी गई है। जबकि मंगलवार को फॉरेंसिंक टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच की है। घटना स्थल पर कल से लगातार लोगों की भीड़ एकत्र होने के कारण फॉरेंसिक टीम को बहुत कुछ साक्ष्य हासिल होने की संभावना कम है। उधर कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि अभी इसमें कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। जिसके बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा, उसी के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

आक्रोश अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सीएचसी में कार्य बहिष्कार करके की हड़ताल

मांगों को लेकर आशा बहुओं में दिखा गुस्सा, किया उग्र प्रदर्शन

संवाददाता, ऊंचाहार (रायबरेली)

अमृत विचार। आशा बहुओं ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में कार्य बहिष्कार करके हड़ताल की। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उन्होंने सीएचसी से ब्लॉक मुख्यालय तक एक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।

उत्तर प्रदेश आशा वर्कर की जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा ने बताया कि आशा बहुओं की नियुक्ति वर्ष 2006 में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से की गई थी। सरकार उनसे ब्लॉक, थाने और ग्राम पंचायत जैसे विभिन्न स्थानों पर सौ से अधिक कार्य करवाती है, लेकिन उन्हें नियमित वेतन नहीं मिलता। इसके अतिरिक्त वे कम से कम 21 हजार की एकमुश्त सम्मानजनक राशि वेतन के रूप में दिए जाने की मांग कर रही हैं। आशा बहुओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में बैठने की उचित व्यवस्था की भी मांग की। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने घोषणा की है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो वे ऊंचाहार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगी। उनकी मांगों में राज्य कर्मी का दर्जा, न्यूनतम वेतन, ग्रेच्युटी, जीवन और स्वास्थ्य बीमा की गारंटी शामिल है। इस दौरान दर्जनों आशा कार्यकर्ता मौजूद रही।

ऊंचाहार सीएचसी में प्रदर्शन करतीं आशा बहुएं। अमृत विचार

व्यापारियों ने समस्याओं को लेकर एसडीएम से की मुलाकात

लालगंज (रायबरेली) अमृत विचार। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने लालगंज की समस्याओं को लेकर एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी से मुलाकात की। इस दौरान नगर को विकसित बनाने की विषय में विचार विमर्श किया। नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि लालगंज नगर में नगर पंचायत के द्वारा चौड़ी नालियां बना दी गई हैं जिससे सड़के सकरी हो गई हैं। व्यापारियों के यहां जब ग्राहक आता है तो नालिया ऊंची होने के वजह से गाड़ियां रोड पर खड़ी करनी पड़ती हैं जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। उपजिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत लालगंज को फोन पर अतिक्रमण के विषय में एलाउंसमेंट और लेटर जारी करने की बात कही है। प्रशासन का कहना है कि टीम गठन कर जल्द अभियान प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में रोहित सोनी, मृत्युंजय वाजपेई, अनिल सोनी, कौशलेंद्र कंचन, शिवम गुप्ता, अप्पू शर्मा, रौनक भदौरिया, हंसराज विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

एसडीएम से नगर की समस्याओं पर चर्चा करते हुए व्यापारी।

न्यूज ब्रीफ

कुएं में गिरा गोवंश

ऊंचाहार (रायबरेली) : थाना क्षेत्र के गंगाविशुनपुर मजरे पट्टी रहस कैथवल गांव में सोमवार की देर रात एक गोवंश कुएं में गिर गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से गोवंश को सकुशल बाहर निकाल लिया है।

दो बाइकों की भिड़ंत में दो लोग गंभीर, रेफर

फुरसतगंज (अमेठी) : थाना क्षेत्र के अकेलेवा चौराहे पर सुबह घनघोर कोहरे में दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज लाया गया। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया गया। चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. विनय ने बताया कि दोनों गम्भीर रूप से घायल हैं। प्राथमिक उपचार कर इन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार पल्सर मोटर साइकिल चला रहे प्रज्वल सिंह पुत्र अमित सिंह निवासी अहरी थाना मोहन गंज तथा बाइक चला रहे सूफियान पुत्र नूर मोहम्मद निवासी डिहवा, लखापुर थाना नसीराबाद घायल हुए हैं।

सड़क दुर्घटना में मां-बेटा व पौत्री घायल

अमेठी : कोतवाली क्षेत्र के पटखौली निवासी गीता तिवारी (50) अपने 27 वर्षीय पुत्र अरविंद तिवारी और पौत्री सृष्टि (5) के साथ मोटरसाइकिल से अमेठी-भादर मार्ग से टीकरमाफी बाजार जा रही थी। टीकरमाफी बाजार से कुछ दूर पहले इनकी मोटरसाइकिल में एक अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों घायल हो गए। सूचना पर एम्बुलेंस के माध्यम से उन्हें सीएचसी अमेठी लाया गया, जहां इलाज चल रहा है। घायलों में अरविंद तिवारी ने बताया कि हम लोग टीकरमाफी बाजार जा रहे थे कि सामने से एक तेज गति से आ रही अज्ञात मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। जिससे हमारी मां गीता देवी के सिर में गहरी चोट आई है लेकिन हम और हमारी बच्ची सृष्टि बच गए।

जीवन में एकता का प्रतीक है खेल

रायबरेली : खेल से तन और मन स्वस्थ रहते हैं। खेल जीवन में एकता और अखंडता का प्रतीक हैं। डॉ. रिज़वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुख्यतिथि समाज सेविका पूजा प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन मे बच्चों से कहीं। दूसरे दिन की प्रतियोगिता मे प्ले ग्रुप से कक्षा दो के बच्चों की प्रतियोगिता के साथ इंटर क्लब ताइक्वांडो प्रतियोगिता कराई गई। ताइक्वांडो प्रतियोगिता मे जिले के 180 खिलाड़ियों नें प्रतिभाग किया। पीजी के बच्चों की प्रतियोगिता मे कुर्सी दौड़ मे मोहम्मद अबान प्रथम, मोहम्मद आरिज द्वितीय, राबिया बानो तृतीय स्थान पर रहें। कोन दौड़ में पीजी बालक वर्ग में हसनैन प्रथम, मो अरहान द्वितीय, अंश तृतीय, बालिका वर्ग में हुमेरा, अल्वी फातिमा, प्रज्ञा क्रमष : प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान पर रहें। 50 मीटर बालिका दौड़ पीजी में हुमेरा प्रथम, जुनैरा द्वितीय, आरफा तृतीय, बालक वर्ग मे हसनैन प्रथम, मो आरिज, मो अबान तृतीय, 50 मीटर एलकेजी और यूकेजी बालक में जीशान प्रथम, मो हस्सान द्वितीय, मो0 आबिस तृतीय स्थान पर रहें। 100 मीटर दौड़ मे अमन, मो जुहैब, रेहान, बालिका वर्ग में अनन्या, राशिका, आयत, 200 मीटर रेस में बालक जीशान प्रथम, जफ़र द्वितीय दानिश, बालिका वर्ग में अदीबा बाना, अलिसा बानो, कैफ़िया क्रमष : प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायकों में सुनील कुमार, डिम्पी तिवारी, मुकेश कुमार, अब्दुल्ला खान, चन्दर, पूनम यादव, सलमान खान, अंशिका यादव जीतेन्द्र प्रजापति, रत्नेश, अकरम रहे।

बढ़ती ठंड में भी नहीं जले अलाव

लोग परेशान: रेलवे स्टेशन, बस अड्डा समेत कई चौराहों पर व्यवस्था न होने से मुसीबत

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। बढ़ती ठंड ने अब जोर पकड़ लिया है। सुबह के समय घनघोर कोहरा छाया रहता है। वहीं, शाम होते ही उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण ठिठुरन काफी बढ़ जा रही है। ठंड के चलते न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इसके बावजूद, अमेठी शहर और आसपास के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर ठंड से बचाव के लिए जरूरी इंतजाम अब तक नहीं किए गए हैं। प्रमुख चौराहों व मार्गों पर अलाव की व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है।

मुख्य रूप से रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर और सगरा तिराहा, ब्लॉक तिराहा, सगरा तिराहा, देवीपाटन मंदिर,गांधी चौक चौक, तथा गांधी तिराहा जैसे प्रमुख स्थानों पर अलाव (आग तापने की व्यवस्था) न जलने से यात्रियों, अस्पताल आए मरीजों और उनके तीमारदारों को अत्यधिक कठिनाई झेलनी पड़ रही है। इस विषय पर जब जिम्मेदार नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमारसे पूछा गया तो उनका कहना था कि, अभी उतनी ठंड नहीं पड़ रही है। जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। बीती रात रेलवे स्टेशन परिसर में ठंड का असर साफ दिखाई दिया। यात्री मोहन ने बताया कि उन्हें दिल्ली जाना है, लेकिन कोहरे और तेज ठंड के बावजूद राहत का कोई इंतजाम नजर नहीं आया। वहीं कुछ यात्री अपने वाहनों के अंदर बैठकर ट्रेन का इंतजार करते दिखे। लापरवाही के चलते स्टेशन परिसर में कहीं भी अलाव नहीं जल रहा था। बुकिंग काउंटर के पास फर्श पर दिनेश कुमार समेत कई यात्री तत्काल टिकट की प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मजबूरी में जमीन पर बैठकर समय काटना पड़ रहा है।

ब्लॉक तिराहे पर नहीं की गई अलाव की व्यवस्था। अमृत विचार

दुकानों के पास खड़े रहते हैं लोग

जिला प्रशासन की अनदेखी के चलते स्टेशन के बाहर कुछ लोग पुराने कागज और रद्दी जलाकर ठंड से बचने की कोशिश करते दिखे। रात के समय बस अड्डे पर भी अलाव नहीं जल रहा था। एक चाय की दुकान पर खड़े रमेश ने बताया कि वह बस का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन यहां न तो बैठने की उचित व्यवस्था है और न ही ठंड से बचाव का कोई उपाय। वहीं एक दुकानदार ने बताया कि यात्री मजबूरी में ठंड से बचने के लिए आसपास की दुकानों के पास खड़े रहते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर के बाहरी हिस्से में भी अलाव की व्यवस्था नहीं दिखी। आपातकालीन वार्ड के पास भर्ती मरीजों के साथ आए विनोद कुमार और अन्य तीमारदार ठिठुरते नजर आए। संगीता ने बताया कि कड़ाके की ठंड में अस्पताल परिसर में रात बिताना बेहद मुश्किल हो गया है।

अमेठी के क्रिकेटर प्रशांत की चमकी किस्मत

केशव बाजपेयी, अमेठी

- आईपीएल की नीलामी में बड़ी बोली लगने के बाद गांव में जश्न का माहौल, बांटी मिठाई

अमृत विचार। आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन में संग्रामपुर के गूजीपुर गांव निवासी युवा ऑलराउंडर प्रशांत वीर तिवारी की किस्मत चमक गई। 30 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ नीलामी में उतरे प्रशांत वीर को चेन्नई सुपर किंग्स ने 14.20 करोड़ रुपये की बड़ी बोली लगाकर अपने खेमे में शामिल किया। इसके साथ ही वह इस ऑक्शन के सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए। प्रशांत वीर जिले की ब्लॉक संग्रामपुर के गूंजीपुर गांव के निवासी हैं। उनके पिता का नाम रामेंद्र तिवारी है।

छोटे से गांव से निकलकर आईपीएल जैसे बड़े मंच तक पहुंचना न सिर्फ अमेठी बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। मंगलवार को अबू धाबी के एतिहाद एरिना में हुई नीलामी के दौरान जैसे ही प्रशांत वीर का नाम पुकारा गया, कई फ्रेंचाइजियों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। प्रशांत वीर ने हाल के घरेलू सत्र में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 में प्रभावशाली खेल दिखाया, वहीं उत्तर प्रदेश टी20 लीग 2025 में नोएडा सुपर किंग्स की ओर से खेलते हुए उन्हें उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'एमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन' का खिताब भी मिला। वहीं आईपीएल 2026 मिनी ऑक्शन में कई अन्य बड़ी बोलियां भी चर्चा में रहीं।

प्रशांत वीर।

अमेठी के गूजीपुर गांव से निकलकर पिता रामेंद्र तिवारी के बेटे प्रशांत वीर की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बन गई है।

तीन अभियुक्तों को किया गया जिला बदर

अमेठी। जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त/राजस्व) अर्पित गुप्ता ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को छह माह के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है। जिला बदर किए गए अभियुक्तों में इकरार उर्फ मंगरू पुत्र इस्लाम, निवासी ग्राम बागमीरा भिटवा, थाना बाजार शुकुल 8 दिसंबर 2025 से लवकुश उर्फ डब्बू पुत्र सुदामा, निवासी बिहारीगंज मजरा गुलालपुर, थाना गौरीगंज आदेश तिथि 15 दिसंबर 2025 से अजय कुमार मिश्र उर्फ गुड्डू पुत्र विजय पाल मिश्र, निवासी ग्राम मडेरियन का पुरवा मजरा राजापुर कोहरा, थाना संग्रामपुर आदेश तिथि 15 दिसंबर 2025 से तीनों अभियुक्तों को आदेशित तिथि से छह माह की अवधि के लिए अमेठी जनपद की सीमा से बाहर रहने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जिला मजिस्ट्रेट अमेठी ने जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में सक्रिय असामाजिक तत्वों और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस को दिए हैं।

खराब रैंकिंग वाले विभागों के खिलाफ होगी कार्रवाई : डीएम

समीक्षा बैठक करते डीएम व मौजूद संबंधित अधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों (सीएम डैशबोर्ड) की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के निर्धारित लक्ष्यों को समयसीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता में सुधार लाने और स्वयं नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सभी विभाग अपनी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं। डीएम ने खराब रैंकिंग वाले विभागों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पन्नालाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सिलेंडर फटने से इमारत ढही, एक गंभीर

जामो (अमेठी)। जामो कस्बे के भादर रोड पर मंगलवार देर रात सिलेंडर फटने से एक इमारत ढह गई। हादसे में मलबे में दबने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिससे कुछ देर अफरा-तफरी रही। जानकारी के अनुसार भादर रोड स्थित मकान शिवमहेश पांडेय का बताया जा रहा है। भवन में कोल्ड ड्रिंक का भंडारण होता था। रात में अचानक सिलेंडर में विस्फोट हुआ, जिससे इमारत भरभराकर गिर पड़ी। हादसे के दौरान एक व्यक्ति मलबे में दब गया। स्थानीय लोगों ने उसे बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

सवरिहा बनिया का पुरवा भीटा के पास लहूलुहान मिले युवक की मौत

संवाददाता, अमेठी

- पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज, आरोपी फरार

अमृत विचार। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के सवरिहा बनिया का पुरवा भीटा के पास गंभीर रूप से घायल मिले युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के पूरे रामदयाल तिवारी मजरे मऊ निवासी 38 वर्षीय देवेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी पुत्र स्व. रामकृष्ण त्रिपाठी बीती 12 दिसम्बर की देर शाम सवरिहा भीटा के पास गंभीर अवस्था में मिले थे। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों ने उन्हें मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ में भर्ती कराया, जहां सोमवार की शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव घर आने पर मृतक के भाई ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि गांव के ही विवेक तिवारी से दीवानी न्यायालय सुलतानपुर में मुकदमा चल रहा था। 12 दिसम्बर की सुबह देवेन्द्र पेशी पर गए थे, जहां रास्ते में विवेक तिवारी ने मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाया और इनकार करने पर धमकी दी। आरोप है कि उसी दिन शाम को विपक्षियों ने मिलकर देवेन्द्र के साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उनकी मौत हो गई।युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

देवेन्द्र प्रसाद की फाइल फोटो।

वहीं थाना अध्यक्ष श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

हत्या का खुलासा, दो अभियुक्त गिरफ्तार व मुख्य आरोपी फरार

संवाददाता, जगदीशपुर (अमेठी)

अमृत विचार। थाना जगदीशपुर क्षेत्र के ग्राम हारीमऊ में हुई हत्या की घटना का पुलिस ने सोमवार को खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तों ने हत्या के बाद शव को सड़क दुर्घटना का रूप देने के लिए साइकिल के साथ सड़क किनारे लिटा दिया था। घटना 14 दिसंबर 2025 की है। जब ग्राम हारीमऊ में अंत्येष्टि स्थल के पास सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची जगदीशपुर पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य संकलन कर शव को कब्जे में लिया। बाद में मृतक की पहचान मनोज उर्फ मुक्खन निवासी ग्राम गूंगेमऊ, थाना जगदीशपुर के रूप में हुई।

मृतक के भाई अजीत सिंह की तहरीर पर अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना से आक्रोशित परिजनों ने सोमवार को गौरीगंज-जगदीशपुर मार्ग जाम कर करीब चार घंटे तक प्रदर्शन किया, जिसे सीओ और तहसीलदार के आश्वासन के बाद समाप्त कराया गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त शिवलाल पुत्र नीमर और धर्मराज उर्फ डट्टू पुत्र दातादीन उर्फ दतई, दोनों निवासी ग्राम जगधरपुर मजरे हारीमऊ को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि 13 दिसंबर की शाम करीब 8 बजे वे लोग निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल पर आग ताप रहे थे। इसी दौरान मनोज उर्फ मुक्खन वहां पहुंचा और शिवलाल के बेटे दिलीप को गाली देते हुए डंडे से मार दिया। इससे आक्रोशित होकर दिलीप ने पास पड़ी हथौड़ी से मुक्खन के चेहरे और सिर पर कई वार किए। इसके बाद धर्मराज ने ईंट से और शिवलाल ने लकड़ी की फंटी से हमला किया, जिससे मनोज की मौत हो गई।

पुलिस की गिरफ्त में दोनों आरोपी।

बीएलओ व पंचायत कर्मियों को किया सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे विशेष पुनिरिक्षण अभियान (एसआईआर) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नगर पंचायत नसीराबाद के सभी बीएलओ व नगर पंचायत कर्मियों को सलोन उपजिलाधिकारी चन्द्रप्रकाश गौतम व नगर पंचायत अध्यक्ष मो अली (फ़ाकिर) ने पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। सलोन उपजिलाधिकारी ने अपने उद्धबोधन में कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए कार्य को आप सभी लोगो ने एक टीम की तरह काम किया जो सराहनीय है आप सभी की कड़ी मेहनत से एस आई आर का कार्य सफलता पूर्वक पूर्ण हुआ है। वही उपजिलाधिकारी ने सभी बी एल ओ से एस आई आर कार्य मे कही कोई दिक्कत होने पर उसे नि :संकोच बताने की बात कही। जिसका समय से समाधान किया जा सके ।मैपिंग का कार्य नियमानुसार करे जिससे मतदाताओं को बाद में परेशानी न हो ।फोटो धूमिल हो तो मतदाताओं से फोटो लेकर उसे अपलोड करें ।नगर पंचायत अध्यक्ष मो अली ने सभी बीएलओ को सम्बोधित करते हुए कहा आप सभी लोगो ने बड़ी मेहनत और् लगन से कार्य किया जो सराहनीय है। उपजिलाधिकारी ने बीएलओ पाकीजा बेगम, प्रभावती गौतम, बिंद्रा देवी, सीता देवी, सन्तराम, रामावती, जावित्री देवी, फूलमती, मीना देवी सहित नगर पंचायत कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मो नासिर, लिपिक मनीष तिवारी, सभासद असगर अली, दिलशाद,फरहत हुसैन, हाशिम, मो आदिल, शब्बीर, पप्पू मौर्या, चंदन मोदनवाल, मनीष कोरी ,मो जावेद सहित नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

शेयर नालेज कार्यशाला का हुआ समापन

छतोह (रायबरेली)। छतोह बीआरसी में दो दिवसीय शेयर नालेज कार्यशाला का समापन हुआ। नॉलेज शेयरिंग कार्यशाला एक व्यवस्थित तरीका पर अनुभव साझा किया गया। जिससे शिक्षको द्वारा टीएलएम निर्माण को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अवलोकन किया गया। ट्रेनिंग वर्कशॉप, प्रेजेंटेशन, ई-लर्निंग कोर्स, नॉलेज मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही व्यक्तिगत अनुभव, अंतरदृष्टि और कौशल, जो मेंटरशिप, स्टोरीटेलिंग और साथ काम करके साझा किया जाता है। समस्याओं का समाधान करना, नवाचार को बढ़ावा देना आदि पर चर्चा साझा की गई। कार्यशाला के अवसर पर अनुप्रिया सिंह, मीनाक्षी, रूपा तिवारी कुसुमलता शर्मा, प्रतिष्ठा मिश्रा और ममता गौड सहित 15 शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

सिटी डायरी

लालगंज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटी जलेबी

लालगंज (रायबरेली)। सरेनी विधानसभा क्षेत्र के लालगंज स्थित अटल चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के निर्वाचन पर जलेबी बांटकर खुशी जाहिर की है। इस मौके पर भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील, बृजेश दत्त, अविनाश सिंह, बच्चा पांडे, राजेश सिंह, राम प्रताप सिंह, श्याम प्रसाद दीक्षित, जगन्नाथ, दल बहादुर, सुरेंद्र, शिवम, कौशलेंद्र कंचन, कैलाश, मृत्युंजय, मंटू, उमेश, चंदन, राजेश निर्मल, रिंकू, अखिलेश ई, शानू, अवधेश, सुनील, राम शंकर, शीतला रहे

श्रीराम-जानकी मन्दिर परिसर में कथा सुनते श्रद्धालु।

एडीओ को ज्ञापन सौंपते सचिव।

सुदामा चरित्र की सुनाई कथा

शिवगढ़ (रायबरेली) : क्षेत्र के देहली स्थित श्रीराम-जानकी मन्दिर परिसर में अन्तिम दिन कथा वाचिका पूर्णिमा मिश्रा ने सुदामा चरित्र, रुक्मिणी विवाह, उद्धव प्रसंग एवं राजा परीक्षित के मोक्ष की मार्मिक कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति में अहंकार का कोई स्थान नहीं होता और प्रभु अपने भक्तों के प्रेम से ही प्रसन्न होते हैं। कथा वाचिका ने सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि निर्धनता में भी संतोष और श्रद्धा हो तो भगवान स्वयं कृपा बरसाते हैं। परीक्षित मोक्ष प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक राजनरायन चौरसिया, यजमान बाल्मीकि, रश्मि, शिवपूजन, अनूप सहाय, रीतु, पंकज भदौरिया, पूर्व कर्नल सुरेश तिवारी, महेन्द्र दीक्षित आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सचिवों का सत्याग्रह

मुसाफिरखाना (अमेठी)। स्थानीय ब्लॉक परिसर में ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के आह्वान पर संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. सत्य प्रकाश यादव के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था तथा सचिवों से कराए जा रहे गैर-विभागीय कार्यों के विरोध में शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया। सत्याग्रह के दौरान सचिवों ने मांगों से संबंधित ज्ञापन एडीओ पंचायत साधूसरन को डोंगल के माध्यम से सौंपा। यहां ग्राम विकास अधिकारी डॉ. प्रकाश यादव, संजय वर्मा, कुलदीप सिंह, नीलम गुप्ता, अनीषा पटेल, चंद्र सिंह ततवाल, प्रिया पांडे, अभिषेक कुमार उपस्थित रहे।

शिविर ने 189 लोगों की हुई जांच

अमेठी। विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड भेटुआ अंतर्गत न्याय पंचायत अमेयमाफी की ग्रामसभा अमेयमाफी में सती महारानी जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में नि :शुल्क नेत्र परीक्षण एवं विभागीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 189 लोगों की नेत्र एवं शुगर जांच की गई। कार्यक्रम के आयोजक एवं मुख्य अतिथि रानी शाम्भवी सिंह तथा राजकुमार अनंत विक्रम सिंह पूर्व विधायक प्रतिनिधि रहे। दोनों ने शिविर स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

नेत्र शिविर में रजिस्ट्रेशन करातीं महिलाएं। अमृत विचार

गोष्ठी

इंटर कॉलेज गौरा में शूरवीर महाराणा प्रताप सिंह के व्यक्तित्व के बारे में पूर्व मुख्य विकास अधिकारी ने डाला प्रकाश

वीरता और साहस का नाम है महाराणा प्रताप : विजय कुमार

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। वीरता, पराक्रम, शौर्य और साहस का दूसरा नाम महाराणा प्रताप है, जो समाज अपने शूरवीरों का सम्मान नही करता, उस समाज से शूरवीर पैदा होना बंद हो जाते हैं। पूर्व सीडीओ के द्वारा तीर्थराज चित्तौड़ की पवित्र भूमि की मिट्टी इंटर कॉलेज गौरा को सौंपी गई।

मंगलवार को इंटर कॉलेज गौरा में शूरवीर महाराणा प्रताप सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह ने महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि जिन समाजों में शूरवीरों का सम्मान बंद हो जाता है, उन समाजों में शूरवीरों का उत्पन्न होना बंद हो जाता है। उन्होंने श्याम नारायण पांडेय की पंक्तियों को दोहराते हुए कहा कि मुझे ना जाना गंगा सागर, मुझे ना रामेश्वर काशी, तीर्थराज चित्तौड़ देखने को मेरी आंखें प्यासी। इसी के साथ उन्होंने विदेशी लेखक ह्वीलर, बर्नियर, कर्नल वॉल्टर आदि का उदाहरण देते हुए कहा कि राजपूत जाति भारतवर्ष में सबसे कुलीन और स्वाभिमानी है। संसार में और कोई ऐसी जाति शायद हो जिसकी उत्पत्ति इतनी पुरानी और शुद्ध हो। महाराणा प्रताप ने हल्दीघाटी के युद्ध में मुगल बादशाह अकबर की सेना का मुकाबला डटकर किया था। क्योंकि वीरता और साहस का नाम महाराणा प्रताप है। इस अवसर पर उन्होंने महाराणा प्रताप सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया तथा विद्यालय को पीपल का पौधा सुप्रेम भेंट किया। गोष्ठी का संचालन उपप्रधानाचार्य डॉ सुनील दत्त ने किया। गोष्ठी में शिक्षक कमीक्षा प्रताप सिंह, सभाजीत यादव, प्रेमचंद भारती, लेफ्टिनेंट राजेंद्र प्रताप सिंह, कृपा शंकर मौर्य, दिनेश चंद्र वर्मा, मुन्ना लाल, अशोक कुमार, ज्ञान बहादुर, लवलेश कुमार, राजकुमार, अनिल कुमार सिंह, राजेश मिश्रा, सुनील सिंह, प्रदीप पांडेय, देवेंद्र सिंह, संजीव यादव आदि उपस्थित रहे।

आयोजित गोष्ठी में पीपल का पौधा देते पूर्व सीडीओ। अमृत विचार

गोपाल सरस्वती में सप्त शक्ति संगम का आयोजन, रायबरेली: गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में "सप्त शक्ति संगम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि निधि द्विवेदी, मुख्य वक्ता अर्चना सिंह, अध्यक्षा साधना शर्मा एवं समिति सदस्या वंदना बाजपेई ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन दिव्या सिंह द्वारा किया गया, जिसमें उपस्थित मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रज्ञा सिंह और संध्या पाण्डेय को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रंजना साहू ने किया।

अमृत विचार

बुधवार, 17 दिसंबर 2025

अगर आप खुद को कमजोर समझते हैं, तो आप सबसे बड़ा पाप करते हैं।

–स्वामी विवेकानंद, विचारक

सांसों पर संकट

दिल्ली में सांस-सांस संकटाकीर्ण है। यह प्रदूषण का आपातकाल है। वायु गुणवत्ता सूचकांक के खतरनाक स्तर पर पहुंचने और एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम द्वारा अगले छह दिनों तक इसे 'बहुत खराब' श्रेणी का बने रहने का पूर्वानुमान लगाए जाने के बाद ऐसा लगता है कि कभी चीन के शहरों में लगने वाले एयर पॉल्यूशन इमरजेंसी को लागू करने का समय आ गया है। जब सीएक्यूएम द्वारा पहले ग्रैप-3 और फिर ग्रैप-4 लागू करने, 50 फीसद कर्मचारियों का वर्क फ्रॉम होम, बीएस-4 बड़े व्यावसायिक वाहनों पर रोक, निर्माण गतिविधियां बंद, स्कूल हाइब्रिड मोड, कचरा या ईंधन जलाने पर प्रतिबंध, डीज़ल जनरेटर, आरएमसी प्लांट, स्टोन क्रशर, ईंट भट्ठे और खनन पर रोक लगाने के बावजूद हालात नहीं सुधरे तो यह मानना होगा कि मौजूदा उपाय आवश्यक तो हैं, पर अपर्याप्त हैं।

जब एक्यूआई खतरनाक सीमा पार हुआ तो चीन के बीजिंग, शंघाई जैसे शहरों ने ग्रेडेड नहीं, बल्कि पूर्ण आपातकाल अपनाया। निजी वाहनों पर व्यापक प्रतिबंध, उद्योगों का अस्थायी शटडाउन, स्कूलों की पूर्ण ऑनलाइन शिफ्ट, सार्वजनिक परिवहन को निःशुल्क बनाया, सख्त प्रवर्तन लागू किया। लंदन ने लो-एमिशन ज़ोन, पेरिस ने कार-फ्री डे और सियोल ने रियल-टाइम चेतावनी के साथ कड़े ट्रैफिक नियंत्रण लागू किए। दिल्ली-एनसीआर को भी ऐसे निर्णायक, अल्पकालिक कठोर कदम उठाने होंगे। समस्या केवल दिल्ली तक सीमित नहीं है। पूर्वी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई शहरों में भी हवा बिगड़ चुकी है। यहां क्षेत्रीय दृष्टिकोण जरूरी है- राज्यों के बीच साझा कार्ययोजना, पराली प्रबंधन में वित्तीय प्रोत्साहन, ईंट भट्ठों का तेजी से स्वच्छ तकनीक में रूपांतरण, शहरी धूल नियंत्रण और ट्रक-बसों के उत्सर्जन की सख्त जांच बहुत जरूरी है। यूपी सरकार ने इस बाबत सख्ती बरते जाने की घोषणा की है। पर निरीक्षण, चालान और प्रतिबंध का असर तभी होगा, जब स्थायी प्रवर्तन और पारदर्शी डेटा साझा किया जाए। एयर मॉनिटरिंग की कमी भी एक बड़ी बाधा है। राजधानी में 40 स्टेशन हैं, जबकि अधिकांश शहर सिंगल डिजिट में। लो-कॉस्ट सेंसर, मोबाइल मॉनिटरिंग व निजी-शैक्षणिक साझेदारी से नेटवर्क तेजी से बढ़ाया जा सकता है। डेटा जितना व्यापक होगा, नीति उतनी सटीक बनेगी।

प्रदूषण का असर केवल नागरिकों तक सीमित नहीं- जानवर, पक्षी और शहरी जैव-विविधता भी इससे प्रभावित हैं। आश्रय, पानी के स्रोत और पशु-चिकित्सा तैयारियों पर सरकारों को समानांतर ध्यान देना चाहिए। स्वास्थ्य के मोर्चे पर, जब सर्वेक्षण बताते हैं कि दिल्ली की 80 प्रतिशत आबादी किसी न किसी प्रदूषण संबंधी बीमारी से जूझ रही है, तो स्वास्थ्य क्षति के मुआवजे, बीमा प्रीमियम में राहत और प्रदूषण-जनित रोगों के लिए विशेष फंड पर विचार अनिवार्य है। प्रदूषण निवारण केवल सरकारों का काम नहीं। जनता की भागीदारी- कारपूलिंग, कचरा न जलाना, स्वच्छ ईंधन, शिकायत ऐप्स का उपयोग- निर्णायक भूमिका निभा सकती है। आज अदालती सुनवाई के बाद प्रशासन निर्णायक कार्रवाई के लिए कितना बाध्य होगा, देखना होगा।

प्रसंगवश

समुद्र का मौन कैदी 'क्षामेन्क' और नैतिकता

अर्जेंटीना के तट पर स्थित एक छोटा-सा समुद्री पार्क आज संसार के सबसे गूंगे श्रुति-स्थलों में से एक बन चुका है। पार्क के कंक्रीट के टैंक में जल-उमड़ की आवाज नहीं, बल्कि एक स्थिर सन्नाटा है। उस सन्नाटे का नाम है क्षामेन्क। यह एक ऑर्का व्हेल (समुद्री व्याघ्र मछली) है, जो पिछले तैंतीस वर्षों से कैद में है और बीस वर्षों से पूरी तरह अकेले है। दक्षिण अमेरिका में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन के लिए बनी हुई यह आखिरी ऑर्का है। उसका टैंक आकार में उसके ही शरीर के लिए बहुत छोटा है। एक फीका पड़ा अंडाकार कटघरा, जिसमें धूप से उजला कंक्रीट और क्लोरीनयुक्त पानी है। घंटों तक वह बिल्कुल निष्क्रिय तैरता रहता है। वहां लहरें नहीं, वहां जीवन नहीं, वहां सिर्फ प्रतीक्षा है। उसकी कहानी आज सिर्फ एक जीव की नहीं, बल्कि उन अनगिनत समुद्री प्रजातियों की कहानी है, जिन्हें हमारी मानव-मनोरंजन की भूख ने समुद्र से काट लिया है।

कुमार सिद्धार्थ

वरिष्ठ पत्रकार

व्हेल, डॉल्फिन और ऑर्का जैसी प्रजातियां पृथ्वी की सबसे जटिल, सबसे सामाजिक और सबसे बुद्धिमान जीवों में गिनी जाती हैं। जंगल में नहीं, समुद्र की अनंत गहराई में, ये प्रजातियां मातृवंशीय समूहों में रहती हैं, ध्वनि-भाषा सीखती हैं, शोक मनाती हैं, सहयोग करती हैं। रोजाना सौ किलोमीटर से अधिक दूरी तय करना इनके लिए सहज है। किंतु जब इन्हें समूह से अलग कर कैद में रखा जाता है, तो यह केवल बंदीकरण नहीं, बल्कि उनका संवेदनात्मक ढहना है।

वैज्ञानिक आंकड़ों के अनुसार, ऑर्का की वैश्विक आबादी कम-से-कम पचास हजार अनुमानित है। कुछ स्थानों पर यह संख्या और अधिक बताई गई है, किंतु निरंतर गिरावट की आशंका भी जताई गई है। उदाहरण के लिए अंटार्कटिक सागर के दक्षिणी भाग में अकेले लगभग 25 हजार ऑर्का हो सकते हैं।

इन विशाल और बुद्धिमान जीवों के लिए समुद्र-आश्रय उपयुक्त था, लेकिन मानव गतिविधियों ने उन्हें उनके प्राकृतिक घर से बाहर निकाल दिया। क्षामेन्क की ही तरह, ये जीव न केवल प्राकृतिक घर खो रहे हैं, बल्कि उनका जीवन प्रदर्शन भी मानव मनोरंजन के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है। पार्कों में बताया जाता है कि ये व्हेल-डॉल्फिन हमारी पृथ्वी के राजदूत हैं, प्रकृति और मनुष्य के बीच सेतु हैं। परंतु हर टिकट, हर शो उस संदेश के विपरीत सिद्ध हो रहा है। यह मात्र दृश्य-मनोरंजन बन जाता है और उस मनोरंजन के पीछे पड़ा है, एक भय-विषाद और उपेक्षा की कहानी।

वर्ष 2013 में भारत सरकार ने डॉल्फिनों को 'गैर-मानव व्यक्ति' का दर्जा दिया था। यह दुनिया में ऐसा पहला कदम था, जिसने यह माना कि अत्यधिक बुद्धिमत्ता और संवेदनशीलता वाली प्रजातियों को मनोरंजन के उद्देश्य से कैद में रखना न केवल अनैतिक है, बल्कि समय की मांग के अनुरूप नहीं है। इसके बाद भारत ने डॉल्फिन शो व मनोरंजन-उद्देश्य प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया। भारत की गंगा-डॉल्फिन का संरक्षण भी इसी दृष्टिकोण का उदाहरण है, जहां नदी की सफाई अभियान और जलीय पारितंत्र के पुनरुद्धार में इन जीवों की भूमिका सामने रखी गई है। मनोरंजन के नाम पर वन्य जीवन को कैद में रखना अब विवेचना का विषय बन गया है। फ्रांस ने डॉल्फिन शो बंद कर दिए हैं। कनाडा ने मनोरंजन-उद्देश्य के लिए व्हेलों व डॉल्फिनों का प्रजनन व आयात बंद कर दिया है। अमेरिका में कुछ समुद्री पार्कों ने अपने गेट बंद कर दिए हैं। परंतु क्षामेन्क जब तक उसी टैंक में तैरता रहेगा, हमारा सवाल अनुत्तरित रहेगा। क्या हमने वास्तव में उसकी आजादी की ओर कदम उठाया है?

पीडीए की काट है पंकज का चुना जाना

दिग्विजय सिंह

कानपुर

भाजपा ने 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव के पीडीए की काट के लिए पार्टी ने पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है।

बिहार विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत से उत्साहित भाजपा ने 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां अभी से ही शुरू कर दी हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव के पीडीए की काट के लिए पार्टी ने अपने परंपरागत मतदाता कुर्मी जाति के पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है। केंद्र सरकार में वित्त राज्य मंत्री का पद संभाल रहे पंकज की कुर्मी ही नहीं यादव, नाई आदि जातियों में भी मजबूत पकड़ है। पिछड़ी जाति में मजबूत पकड़ रखने वाले पंकज चौधरी पर उन मतदाताओं को वापस लाना है, जो 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से छिटक कर इंडिया गठबंधन के साथ चले गए थे। खासकर कुर्मी मतदाताओं ने तो भाजपा को बड़ा झटका दिया था। परिणामस्वरूप भाजपा बुंदेलखंड की हमीरपुर-महोबा, चित्रकूट-बांदा, जालौन-भोगनीपुर, फतेहपुर आदि सीटों पर हार गई थी। 2014 में 71 और 2019 में 62 सीटें जीतने वाली भाजपा को 2024 में 33 सीटों से ही संतोष करना पड़ा था, जबकि सपा ने 37 सीटें जीत ली थीं।

2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने संविधान बचाओ का नारा दिया था। आरोप लगाया था कि यदि भाजपा सत्ता में आई और मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने, तो वे डॉ. भीमराव आंबेडकर का संविधान बदल देंगे। उनके द्वारा गढ़ा गया, यह नैरेटिव दलित और पिछड़ी जाति के मतदाताओं के दिलों में उतर गया था। इसका नतीजा यह हुआ कि पार्टी को अयोध्या जैसी सीट पर भी सपा उम्मीदवार के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

बुंदेलखंड की तरह ही पूर्वांचल की बलिया समेत कई सीटों पर पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। अब संविधान बदलने का मुद्दा खत्म हो चुका है। कांग्रेस और सपा के पास अगर कोई मुद्दा है, तो वह है वोट चोरी का। राहुल गांधी बिहार में भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाकर मैदान में उतरे थे, हालांकि उनके गठबंधन को करारी हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस हो या सपा इस मुद्दे को छोड़ने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में पंकज चौधरी के पास अब मौका है कि वे भाजपा से दूर हुए दलित और पिछड़ी जाति के मतदाताओं को पुनः भाजपा से जोड़ें। उम्मीद लगाई जा रही है कि उनकी नई टीम में जातीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि अखिलेश यादव के पीडीए की धार को पूरी तरह से कुंद किया जा सके।

गोरखपुर के घंटाघर हरबंश गली के घर में जन्मे पंकज चौधरी राजनीति के मंझे खिलाड़ी हैं। उन्होंने राजनीतिक पारी की शुरुआत 1989 में गोरखपुर नगर निगम के पार्षद चुनाव के साथ की थी। वे यह चुनाव जीते भी थे। वह गोरखपुर नगर निगम के उप महापौर भी रह चुके हैं। 1989 में जब गोरखपुर जिले का बंटवारा हुआ और महाराजगंज जिला बना, तो वे वहां शिफ्ट हो गए और उसे ही अपनी राजनीति का केंद्र बनाया। उनके बड़े भाई प्रदीप चौधरी एक बार और उनकी मां उज्ज्वला चौधरी दो बार महाराजगंज जिला पंचायत की अध्यक्ष रह चुकी हैं।

1991, 1996, 1998 में लगातार तीन बार सांसद बने पंकज चौधरी 1999 में हार गए थे, हालांकि 2004 में पुनः जीते। 2009 में उन्हें फिर हार का सामना करना पड़ा। अब वे 2014 से लगातार लोकसभा चुनाव जीत रहे हैं, इसीलिए केंद्र सरकार में वित्त राज्यमंत्री का पद संभाल रहे हैं। कुर्मी जाति के मतदाताओं पर उनकी मजबूत पकड़ तो है ही, पिछड़ी जाति के मतदाताओं को भी उनकी राजनीति खूब रास आती है।

यूपी में भाजपा की राजनीति पिछड़ी जाति के ही नेताओं के इर्द- गिर्द घूम रही है। 2014 के लोकसभा चुनाव में पिछड़ी जाति के मतदाताओं के मिले अपार समर्थन के बाद मौर्य जाति से आने वाले केशव प्रसाद मौर्य को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। इसके बाद कुर्मी जाति के स्वतंत्र देव सिंह अध्यक्ष बने। उनके बाद जाटों में मजबूत पकड़ रखने वाले जाट नेता भूपेंद्र चौधरी को कमान सौंपी गई थी और अब पुनः कुर्मी जाति के मजबूत नेता पंकज चौधरी अध्यक्ष बनाए गए हैं।

भाजपा में एक पद का सिद्धांत है, ऐसे में अब पंकज चौधरी के अध्यक्ष बनने के बाद उनका पद रिक्त होगा। ऐसे में उम्मीद है कि यूपी से किसी पिछड़ी जाति के ही नेता को वहां मंत्री बनाया जा सकता है। इसके साथ ही राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार होने की उम्मीद है। यहां कुछ और पिछड़ी और दलित जाति के विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव का फोकस पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं के साथ ही दलित मतदाताओं पर भी है। चूंकि भाजपा को हराने की ताकत रखने वाले गठबंधन के साथ ही मुस्लिम मतदाता जाता है। ऐसे में सपा के साथ तो इस जाति के मतदाता मजबूती से खड़े हैं।

सपा का ध्यान दलित मतदाताओं पर कुछ ज्यादा दिख रहा है, क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में पिछड़ी जाति के मतदाताओं के साथ दलित मतदाता भी भाजपा से छिटक गया था। सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम भी कुर्मी जाति से हैं और वे फतेहपुर से सांसद भी हैं। अब अपनी ही जाति के नेता के भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद उनके लिए चैलेंज बढ़ गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि अब सपा प्रदेश अध्यक्ष और सपा मुखिया भाजपा के नए कदम के बाद कुर्मी मतदाताओं को पार्टी से छिटकने न देने के लिए कुछ नई रणनीति पर काम करेंगे। पार्टी कुर्मी जाति के बड़े नेताओं की सक्रियता बढ़ा सकती है, ताकि नए भाजपा अध्यक्ष के असर को कम किया जा सके। पंकज चौधरी के अध्यक्ष बनने से भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है।

आमने

चुनाव आते-जाते रहते हैं, लेकिन कांग्रेस का एजेंडा आज भी सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इर्द-गिर्द ही घूमता है। ऐसे जहरीले बोल सड़क से नहीं, बल्कि पार्टी की शीर्ष नेतृत्व से निकलते हैं। यह सामान्य राजनीतिक विरोध नहीं, व्यक्तिगत दुर्भावना का प्रदर्शन जो खतरनाक है।

–अमित मालवीय

बीजेपी नेता

सामने

रामलीला मैदान में कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली के दौरान दिया नारा जनता के गुस्से की अभिव्यक्ति है और मैं बयान पर कायम हूं। नारा राजनीतिक आलोचना का हिस्सा है। जनता सरकार से परेशान है और वही गुस्सा उनके शब्दों में दिखाई दिया है।

–मंजु लता मीणा

महिला कांग्रेस अध्यक्ष, जयपुर

डिजिटल डेटा: मर्यादा व भरोसे का नया ढांचा

डॉ. शिवम भारद्वाज

असिस्टेंट प्रोफेसर

सरकार ने डेटा संरक्षण बोर्ड को पूरी तरह डिजिटल तरीके से काम करने वाला निकाय बनाया है। शिकायतें ऑनलाइन दर्ज होंगी और सुनवाई भी डिजिटल होगी।

भारत का डिजिटल परिवेश तेजी से बदल रहा है, पर इस बदलाव के साथ एक स्पष्ट विरोधाभास भी उभर कर सामने आया है, जहां डिजिटल सेवाएं नागरिकों की दिनचर्या में गहराई तक पैठ बना चुकी हैं, वहीं निजी डेटा को लेकर फैली अव्यवस्था वर्षों से अनदेखी होती रही। डिजिटल ऐप हों या ऑनलाइन सेवाएं- अधिकांश कंपनियां लोगों की गतिविधियों, पसंद, स्थान और व्यवहार से जुड़े आंकड़े लगातार इकट्ठा करती रहीं, लगभग ऐसे जैसे कि नागरिक की निजी जानकारी का अपना महत्व और संवेदनशीलता है ही नहीं। इस अनियंत्रित विस्तार के बीच सवाल उठना स्वाभाविक था कि क्या तकनीकी विकास नागरिक अधिकारों से ऊपर रखा जा सकता है।

यही पृष्ठभूमि डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम और उसके हाल में अधिसूचित नियमों को विशेष महत्व देती है। अधिनियम की भाषा और ढांचा कुछ अहम परिभाषाओं पर आधारित है, जिन्हें समझना जरूरी है। डेटा फिड्युसरी वह संस्था है, जो तय करती है कि व्यक्तिगत डेटा क्यों और कैसे लिया जाएगा। डेटा प्रिंसिपल वह व्यक्ति है, जिससे वह डेटा संबंधित है और बच्चों या दिव्यांगों के मामले में इसमें अभिभावक शामिल होते हैं। डेटा प्रोसेसर वे इकाइयां हैं, जो फिड्युसरी की तरफ से डेटा को संभालती हैं। सहमति प्रबंधक वह तंत्र होगा जो नागरिकों को अपनी सहमति को एक पारदर्शी मंच पर नियंत्रित करने का विकल्प देगा और किसी भी विवाद की अपील का रास्ता टीडीसैट तक जाता है। यह संरचना तकनीकी रूप से भले सुदृढ़ दिखाई दे, पर इसकी सफलता की असली परीक्षा तभी होगी जब यह व्यवस्था भारतीय डिजिटल व्यवहार और संस्थागत क्षमता के अनुरूप काम कर सके।

अधिनियम सात सिद्धांतों पर टिका है- सहमति, पारदर्शिता, उद्देश्य की स्पष्टता, डेटा की न्यूनतम मात्रा, सटीकता, सीमित समय तक भंडारण और जवाबदेही। ये सिद्धांत किसी भी आधुनिक डेटा संरक्षण कानून की बुनियाद माने जाते हैं। वर्षों तक कंपनियों की नीति रही कि 'जितनी जानकारी मिले, उतनी रख लो।' अब उन्हें केवल आवश्यक डेटा लेने और उसका उद्देश्य स्पष्ट करने की कानूनी बाध्यता होगी। सवाल यह है कि क्या कंपनियां अपने कारोबारी मॉडल को इसके अनुरूप बदलने में सक्षम और इच्छुक होंगी।

सरकार ने कंपनियों को यह बदलाव अपनाने के लिए अठारह महीने का समय दिया है। बड़े डिजिटल कारोबारों को 2027 तक पूरी तरह नियमों के मुताबिक काम करना होगा। यह समय लंबा लग सकता है, मगर जिन कंपनियों के सिस्टम अभी भी पुराने ढर्रे पर टिके हैं, उनके लिए यह तैयारी आसान नहीं होगी। उन्हें नए सॉफ़्टवेयर, नए नियंत्रण ढांचे और ऐसे सिस्टम बनाने होंगे, जो नागरिक के हर अधिकार का तुरंत पालन कर सकें। डेटा कहां है, कब बदला, किसने देखा- यह सब पता लगाने की सुविधा बनानी पड़ेगी। यह खर्चा भी है और क्षमता की परीक्षा भी, पर इससे सबसे बड़ी चीज़ मजबूत होती है- विश्वास।

नए नियमों में कहा गया है कि सहमति स्पष्ट और सरल भाषा में ली जाएगी, और नागरिक जब चाहें इसे वापस ले सकेंगे। यह भी अनिवार्य किया गया है कि किसी डेटा उल्लंघन की स्थिति में प्रभावित लोगों को तत्काल सूचित किया जाए, लेकिन व्यवहारिक कठिनाइयां यहीं से शुरू होती हैं। भारत में अनेक छोटी और मध्यम कंपनियों के पास ऐसे तकनीकी ढांचे ही नहीं हैं, जो इन दायित्वों को समयबद्ध ढंग से पूरा कर सकें। बड़ी कंपनियां भी अपने पुराने सिस्टम को नए मानकों के अनुरूप ढालने में चुनौतियों का सामना करेंगी, इसलिए यह मान लेना कि पूरी डिजिटल अर्थव्यवस्था बिना अड़चन इस बदलाव को अपना लेगी, यथार्थवादी नहीं होगा।

सरकार ने डेटा संरक्षण बोर्ड को पूरी तरह डिजिटल तरीके से काम करने वाला निकाय बनाया है। शिकायतें ऑनलाइन दर्ज होंगी और सुनवाई भी डिजिटल होगी। इससे प्रक्रिया तेज़ और पारदर्शी हो सकती है, लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि बोर्ड कितनी स्वतंत्रता और दक्षता के साथ काम कर पाता है। नियामक संस्थाओं की कार्यक्षमता को लेकर भारत का अनुभव मिला-जुला रहा है।

निजता और सूचना के अधिकार के बीच संतुलन भी एक महत्वपूर्ण विषय है। संशोधन यह स्पष्ट करता है कि निजी जानकारी तभी साझा होगी जब जनहित बड़ा हो। यह प्रावधान संतुलित लगता है, लेकिन इसके इस्तेमाल में सावधानी की बहुत ज़रूरत होगी। पारदर्शिता की मांग और निजता की सुरक्षा, दोनों लोकतांत्रिक ढांचे की बुनियाद हैं। किसी एक को कमजोर करते हुए दूसरे को मजबूत करने की प्रवृत्ति लंबे समय में संस्थागत पारदर्शिता को नुकसान पहुंचा सकती है।

कुल मिलाकर, डेटा संरक्षण का मौजूदा ढांचा उम्मीद जगाता है, पर इसका वास्तविक प्रभाव तभी सामने आएगा, जब कानून के पीछे की भावना व्यवहार में भी उतनी ही साफ़ दिखाई दे। कंपनियों को अपनी प्रणालियों में सुधार करना होगा, सरकार को अपने अधिकारों का संयमित उपयोग करना होगा और नागरिकों को अपने अधिकारों की जानकारी रखनी होगी। तीनों मोर्चों में किसी भी ढील का अर्थ होगा कि यह ढांचा केवल कागज़ों पर मजबूत दिखेगा, व्यवहार में नहीं।

सोशल फोरम

ध्यान से सुनें, खंडहर की दीवारें बातें करती हैं!

एक लफ्ज़ है खंडहर, जिसमें कितने ही अल्फ़ाज़ गूंथे हैं। कितना कुछ है जो यह एक अकेला लफ़्ज़ निगल गया। जब किसी ने एक ख़्वाब देखा होगा कि हम यहां अपनी दहलीज़ बनाएंगे। वह दहलीज़ जिसकी पीठ पर एक मुस्कुराता सा घर होगा। उसमें मेहराबें, दर-ओ-दीवार, ताखें और उन ताखों में रखे चराग़, बेजान दीवारों को सांस बख्शेंगे।

हफीज किदवई

ब्लॉगर

बरामदे में पड़े तख़्त पर कोई आवाज़ देगा, अरे ठहर जाओ, दम लो ज़रा, मेरे नज़दीक तो आओ। क्या बूढ़े लोगों के साथ तुम्हें काटते हैं और फिर तुम खिसियाकर कहोगे, नहीं-नहीं, बस आप ही के पास तो आ रहे थे। आंगन से कोई हम उम्र इशारा करेगा, अरे यार!

पिछली खिड़की से पार हो लो, वरना यह लंबा फंसाएंगी।

अजीब कशमकश, एक तरफ़ दिल है कि बाहर जाने को बेताब, पैर हैं कि बुज़ुर्गों की आवाज़ में बंधे चले जा रहे। मैं बड़ी कोशिश करता हूं, इनसे निकलने की, अपने आंगन की यादों और नए आसमान के बीच एक डोर बनाने की, मगर फिर कोई फूहड़ों की तरह कह देता है, कहां फंसे हो खंडहरों में!

कौन बताए कि यार यह खंडहर नहीं हैं। यह तमाम दास्तानों का कब्रिस्तान नहीं हैं। अरे इसमें मुझे पानदान उठाए कोई दिखता है। तो कोई चाय की प्याली लिए खड़ा मिलता है। कोई बेले के फूल चुनता, तो कोई कामदानी के काम में सर झुकाए दिखता है। कोई कंधे पर हाथ रखकर दुआएं देता निकल जाता है। तो कोई कान खींचकर यह कहते हुए लखौरियों में खो जाता है कि अब हमारी याद आई है।

मैं ऐसी हर दीवार, ऐसे हर दर, ऐसे हर बरामदे, ऐसे हर आंगन में खो जाता हूं। जहां कभी जिंदगियां न जाने कौन-कौन से ख़्वाब देख रहीं थीं! मगर जैसे ही कोई इन्हें 'खंडहर' कहकर पुकारता है। मेरा दिल लरज़ जाता है। सोचता हूं कि कितनी जिंदगियां यहां गुलज़ार थीं। इसमें हंसते-मुस्कुराते लोगों ने कब सोचा था कि एक रोज़ उनके जिस्म के साथ दीवारें भी मुर्दा ही जाएंगी। सफ़ेद दुपट्टा ओढ़े कितनी ही बूढ़ी औरतों ने इन घरों को ज़िंदा रखा। वह गुज़रीं इधर-उधर उनके बच्चों ने इन बरामदों को दो दिन में यतीम कर दिया।

मुझे चूने से पुती इन दीवारों से अलग कोई खींच ले जाता है। यह कहते हुए, कहां इन खंडहरों में गुम हो, उसे क्या पता, एक खंडहर तो दिल में भी मौजूद है, उससे कैसे बाहर निकलोगे दोस्त...!

सामयिकी

राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों से उम्मीदें और यथार्थ

हम सबने प्रचलित मुहावरा सुना है- 'दीपक तले अंधेरा'। यह सच है कि चाहे दीपक हो, बल्ब या मोमबत्ती, उसके नीचे तल पर अंधेरा रहता ही है। कोठारी आयोग ने 1968 में देश को पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति दी। दूसरी नीति 1986 में आई और फिर 34 वर्षों बाद नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू हुई। कागजों पर रंगीन सपने सजाए गए, उम्मीदों के सुंदर-सुंदर रंग बिखेरे गए, कुछ बदलाव धरातल पर भी दिखे, जैसे- शिक्षा सबके लिए सुलभ हुई, सार्वभौमिक लक्ष्य स्पष्ट हुए। मैकाले की 1835 की नीतियों की विसंगतियां उजागर हुईं। शिक्षकों के लिए इन-सर्विस प्रशिक्षण, क्लस्टर रिसोर्स केंद्र, ब्लॉक रिसोर्स सेंटर, डाइट जैसी व्यवस्थाएं बनीं। अब स्कूल शिक्षा 10+2 की जगह 5+3+3+4 प्रारूप की शुरुआत हो रही है।

रमाकांत प्रसाद

पूर्व प्राचार्य

अंतिम हितधारक- बच्चा, उसके कक्षा-कक्ष से होते हुए व्यापक समाज तक मूल्यपरक, जीवनोपयोगी शिक्षा को उच्च आदर्श के साथ लक्ष्य तक पहुंचने का ठोस रोडमैप और क्रियान्वयन का सजग तंत्र आज भी अधूरा और बिखरा हुआ है। अब फिर मुहावरे पर लौटते हैं- 'दीपक तले अंधेरा'। सोचिए, यदि दीपक के चारों ओर दर्पण लगा दिए जाएं, तो क्या उसके नीचे अंधेरा रहेगा? उत्तर स्पष्ट है- नहीं। दर्पण प्रकाश को हर दिशा में फैलाकर उन हिस्सों को भी उजागर कर देता है, जो पहले अंधेरे में थे।

शिक्षा के क्षेत्र में यह दर्पण है- चिंतनशील शिक्षक। ऐसा शिक्षक जो रचनात्मकता और नवाचार के माध्यम से बच्चों को ज्ञान निर्माण के 360 दृष्टिकोण से जोड़ता है। वह हर तरफ से अनुभव के अवसर सृजित करता है, बच्चों को उनकी अपनी इंद्रियों से सीखने का मौका देता है और दर्पण की तरह उन्हें उनकी क्षमता का प्रकाश दिखाता है। यही शिक्षक शिक्षा को जीवंत बनाता है, संप्रेषण कौशल, समस्या समाधान की दक्षता, विकसित करने के लिए प्रेरित करता है और सही मायनों में संसार को जानने की दिशा में सही एवं तार्किक मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह कथन सर्वथा उचित है कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य को गढ़ने वाले निर्माता हैं। उनकी भूमिका जितनी मजबूत होगी, राष्ट्र उतना ही सशक्त और विकसित होगा। वर्तमान परिस्थिति में शिक्षक खासकर प्राथमिक शिक्षक के चुनौतियों को अकादमिक और गैर-अकादमिक, एसआईआर में मतदाता पहचान सुनिश्चित करने के लिए बीएलओ ड्यूटी के साथ जोड़कर देखते हैं। यदि शिक्षक सामाजिक पृष्ठभूमि को नहीं समझते, तो वे बच्चों की वास्तविक जरूरतों और समस्याओं को पहचान नहीं पाएंगे।

शिक्षकों को गैर-शैक्षिक दायित्व देना मतदाता पहचान सुनिश्चित करने के लिए एसआईआर या बीएलओ ड्यूटी में लगाना- कितना उचित या अनुचित है। इसे समाज, चुनाव आयोग, न्यायालय और स्कूल के नजरिए से समझने की कोशिश करतें हैं। हर विद्यार्थी अलग सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आता है। शिक्षक को केवल पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सामाजिक संदर्भ को भी समझना जरूरी है। यही समझ शिक्षा को जीवन से जोड़ती है और बच्चों को सही दिशा देती है। संदीपनी आश्रम में कृष्ण और सुदामा की शिक्षा का उल्लेख हमें मिलता है, जहां शिक्षा केवल शास्त्रों तक सीमित नहीं थी। इसमें धनुर्विद्या, राजनीति, नैतिकता, कृषि, पशुपालन जैसे व्यावहारिक विषय भी शामिल थे। गुरुकुल के विद्यार्थी आश्रम के कार्यों में भाग लेते थे। जल लाना, लकड़ी लाना, भोजन बनाना। इससे शिक्षा जीवन से जुड़ी रहती थी और अहंकार दूर होता था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***

0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

प्रो. राय ने रेखांकन से किया भारतीय विरासत को जीवंत

प्रो. हरीश चंद्र राय के यथार्थवादी शैली में गतिशील रेखांकन इतने सजीव दिखते हैं कि ऐसा लगता है कि अभी बोल पड़ेंगे। प्रो. हरीश के रेखांकन अजंता, एलोरा, राजपूत और मुगल शैलियों पर आधारित हैं। उन्होंने रेखांकन और चित्रों के माध्यम से भारतीय विरासत की आत्मा को जीवंत किया है। वह न केवल शानदार चित्रकार और मूर्तिकार थे, बल्कि एक अच्छे शिक्षक भी थे। शिमला से पहले उन्होंने बरेली कॉलेज में भी अपनी सेवाएं दी थीं। वह ताउम्र कला और रंगों की दुनिया में सितारे की तरह चमकते रहे। उन्होंने कला क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया। वह हिमाचल में आर्ट्स कॉलेज के फाउंडर प्रिंसिपल भी रहे। हिमाचल सरकार ने उनकी कला को सराहा और राज्य संग्रहालय शिमला में हरिश चंद्र कला दीर्घा की स्थापना की। भले ही आज वे हमारे बीच नहीं हैं, मगर उनकी कलाकृतियां कलाप्रेमियों के दिलों में हैं।

–रामराज मिश्रा, बरेली

27 मई वर्ष 1923 को बरेली के मोहल्ला मलूकपुर में हरीश चन्द्र राय का जन्म हुआ था। उन्होंने लखनऊ स्थित आर्ट्स कॉलेज से स्नातक किया था। वे लंबे समय तक वह बरेली कॉलेज में हिंदी-कला के शिक्षक रहे। उन्होंने बरेली कॉलेज में सोसाइटी ऑफ आर्ट्स का गठन किया। इसी सोसाइटी के माध्यम से एक रेखांक केंद्रित पुस्तक क्रिएशन ऑफ आर्ट्स 1952 में प्रकाशित हुई थी। बड़े बाजार की एक इलेक्ट्रिक प्रेस से इसका मुद्रण बीएस वर्मा ने किया था। हरीश चंद्र ने शिमला में 1961 से 1979 तक सेवाएं दीं। वह पोर्ट्रेट, सीनरी आदि बनाने में ऑयल, वाटर और पेस्टिल कलर का इस्तेमाल करते थे। उन्होंने 96 वर्ष तक निरंतर कला का सर्जन किया। हिमाचल सरकार ने वर्ष 2001 में उन्हें अचीवमेंट पुरस्कार से भी नवाजा। आजादी से पहले उन्होंने ब्रिटिस सेना में आर्टिस्ट के रूप में सेवाएं दी थीं।

सर्वपल्ली राधाकृष्णन का बनाया था लाइव स्कैच

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जब उपराष्ट्रपति थे, तब वह वर्ष 1955 में बरेली कॉलेज के दीक्षांत समारोह में आए थे। वहां हरीश चंद्र राय ने उनका लाइव पेंसिल स्कैच बनाया था, जिस पर डॉ. सर्वपल्ली के हस्ताक्षर भी हैं। हरीश चंद्र राय प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु शिवानंद के शिष्य थे। उन्होंने अपने गुरु का भी पेंसिल स्कैच तैयार किया था, जिस पर उनके गुरु के हस्ताक्षर हैं। उनके रेखांकन यथार्थवादी शैली में हैं। उन्होंने हस्त मुद्राएं, पैर की मुद्राओं का रेखांकन किया। भाव-भंगिमा को व्यक्त करने के लिए उन्होंने वन लाइन स्कैच बनाए। मुगल, पहाड़ी और राजस्थानी शैली के एक चश्म (आंख), चेहरे भी बनाए, ताकि मुखाकृतियों का अध्ययन बारीकी से किया जा सके। जमीन पर बैठे और खड़े लोगों के चित्र अलग-अलग मुद्राओं में बनाए हैं। शिमला में रहते हुए उन्होंने पहाड़, जंगल और पर्वत के प्राकृतिक दृश्यों को भी उकेरा, जिसमें उन्होंने फोटोग्राफी का सहारा नहीं लिया। जैसे आंखों की बनावट, साफ सुथरे नाक-नक्श, अंगुलियों का लचीलापन है, जो श्रेष्ठ रेखांकन में विशेषताएं होती हैं, वह सभी उसमें विद्यमान हैं।

दिग्गज चित्रकारों का मिला सानिध्य

हरीश चंद्र राय के कला गुरु एवं प्रसिद्ध चित्रकार एके हलदर, श्रीधर मजूमदार, एलएम सेन रहे, जिनके सानिध्य में उन्होंने काम किया। उनकी पुत्री एवं रंगकर्मी अमला राय ने बताया कि 2023 में पिता के जन्मशताब्दी वर्ष पर शिमला में कला उत्सव का आयोजन किया था। अब हर साल पिता की स्मृति में कला उत्सव का आयोजन होता है। पिता के कला पक्ष के संदर्भ में उन्होंने बताया कि पिताजी का ध्यान स्कैचिंग पर ज्यादा रहता था। वह अभ्यास के लिए अपने छात्रों को भी यही सीख देते थे। जीवनभर वह कला में ही रमे रहे। 30 अक्टूबर 2018 को मुंबई में उनका निधन हुआ था।

प्रारंभिक रेखांकन का अनमोल संग्रह

'प्रो. हरीश चंद्र राय के रेखांकन' पुस्तक के संपादक बरेली निवासी हरिशंकर शर्मा कहते हैं कि पुराने कलाकारों की कलाकृतियां तो मिल जाती हैं, मगर आरंभिक कार्य दुर्लभ होते हैं। यह पुस्तक उनकी प्रारंभिक रेखांकन का अनमोल संग्रह है, जो कला जगत के लिए महत्वूपर्ण है। यह पुस्तक हरीश चंद्र राय की बेटी अमला राय को समर्पित है।

आर्ट गैलरी

विंसेंट वान गॉग की पेंटिंग आइरिस

आइरिस डच कलाकार विंसेंट वान गॉग की एक ऑयल पेंटिंग है। इसे उन्होंने 1889 में बनाया था। यह एक लैंडस्केप है, जिसमें क्रॉप किया हुआ कंपोजिशन है और यह उन कई सौ पेंटिंग्स में से एक है, जो वान गॉग ने 1890 में अपनी मौत से एक साल पहले फ्रांस के सेंट-रेमी-डी-प्रोवेंस में सेंट पॉल-डी-मौसोल पागलखाने में बनाई थीं। यह 1990 से लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया में द गेटी के परमानेंट कलेक्शन में है। यह पेंटिंग जीवंत रूप से खिलते हुए आइरिस के फूलों को डायनामिक ब्रशस्ट्रोक के साथ दिखाती है। फूल गहरे नीले और बैंगनी रंगों का मिश्रण हैं, जो हरे पत्तों, लाल-नारंगी मिट्टी और बैक ग्राउंड में पीले फूलों के साथ कंट्रास्ट बनाते हैं। वैन गॉग की खास इंपेस्टो तकनीक पेंटिंग में टेक्सचर और मूवमेंट जोड़ती है, जिससे एक जोशीला और एक्सप्रेसिव एहसास होता है।

वान गॉग के बारे में



विंसेंट वान गॉग का जन्म 30 मार्च 1853 को नीदरलैंड के एक छोटे से गांव में हुआ था। अपने शुरुआती जीवन में, उन्होंने एक कला डीलर, शिक्षक और उपदेशक के रूप में काम किया, लेकिन उन्हें कहीं भी सफलता नहीं मिली। 27 साल की उम्र में, उन्होंने कला को अपना करियर बनाने का फैसला किया और अपने भाई थियो के वित्तीय सहयोग से पूरी तरह पेंटिंग के लिए समर्पित हो गए। अपने दस साल के कलात्मक करियर में, वान गॉग ने 2,000 से अधिक कलाकृतियां बनाईं, जिनमें लगभग 860 ऑयल पेंटिंग शामिल हैं। उनकी शैली बोल्ड रंगों, नाटकीय और अभिव्यंजक ब्रश स्ट्रोक और कंटूर्ड रूपों के लिए जानी जाती है, जिसने आधुनिक कला पर एक बड़ा प्रभाव डाला। उनकी कुछ सबसे प्रसिद्ध कृतियों में आइरिस, द स्टारी नाइट (The Starry Night), सनफ्लॉवर्स (Sunflowers), द पोटैटो ईटर्स (The Potato Eaters) और द बेडरूम (The Bedroom) शामिल हैं। उन्होंने अपनी जिंदगी में सिर्फ दो पेंटिंग बेचीं और वे भी बहुत कम कीमत पर। इसके अलावा उन्होंने अपनी कई पेंटिंग मुफ्त में दे दीं। उनकी जिंदगी में उनके काम की इतनी कम सराहना हुई कि एक पेंटिंग को तो मुर्गी के दड़बे के दरवाजे के तौर पर इस्तेमाल किया गया। उनके निधन के बाद दुनिया ने उनके काम को पहचाना। नवंबर 1987 में न्यूयॉर्क में एक नीलामी में, उनकी पेंटिंग 'आइरिस' (मई 1889) रिकॉर्ड 49 मिलियन डॉलर की कीमत पर बिकी।

रंग-तरंग

काशी तमिल संगमम

बीते सोमवार 15 दिवसीय प्रसिद्ध काशी तमिल संगमम 4.0 का समापन हुआ। इस वर्ष का संगमम रामेश्वरम में एक विशालसमापन समारोह के साथ खत्म हुआ, जो काशी से तमिलनाडु तक संस्कृति के उद्भव और विकास को सांकेतिक तौर पर पूरा किया गया। संगमम का प्रमुख उद्देश्य तमिलनाडु और काशी के बीच सांस्कृतिक और सभ्यातागत संपर्क को आगे बढ़ाना था। यह आयोजन उत्तर और दक्षिण भारत की संस्कृति के मिलन का उत्सव है। जब भी काशी और तमिल भाषा के

संबंधों की बात होती है, तो एक नाम सबसे प्रमुखता से सामने आता है महर्षि अगस्त्य का। महर्षि अगस्त्य केवल एक ऋषि नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा के वह स्तंभ हैं, जिन्होंने उत्तर और दक्षिण को एक सूत्र में पिरोया। ऋषि अगस्त्य का काशी से गहरा नाता रहा। उन्हें तमिल भाषा का जनक भी माना जाता है। काशी तमिल संगमम 4.0 का यह संस्करण "लेट्स लर्न तमिल -तमिल करकलम" पर आधारित था, जिसमें तमिल भाषा सीखने और भाषा की एकता को संगमम का केंद्र थी। प्रमुख कार्यक्रम में तमिल करकलम (वाराणसी के स्कूलों में तमिल पढ़ाना), तमिल करपोम (काशी क्षेत्र के 300 छात्रों के लिए तमिल सीखने का स्टडी टूर) और ऋषि अगस्त्य वाहन अभियान (तेनकासी से काशी तक सभ्यतागत मार्ग का पता लगाना) शामिल रहा।

पहाड़ की बेटी ने नृत्य से गढ़ी अपनी राह

नारी सशक्तिकरण

क्या आपने कभी सोचा है कि संसाधनों की कमी और पहाड़ जैसी तमाम परेशानियों का सामना करने वाली छोटे से पहाड़ी कस्बे की बेटी अपनी घरेलू जिम्मेदारियों के बीच अपने हुनर को सोशल मीडिया के माध्यम से एक अंतर्राष्ट्रीय मंच तक ले जा सकती है? लेकिन ऐसा हुआ है और यह कर दिखाया है, उत्तराखंड के पिथौरागढ़ की रहने वाली जानकी रावत ने, जिन्होंने नृत्य के प्रति अपने बचपन के शौक को न केवल एक पहचान बनाया, बल्कि इसे आत्मनिर्भरता का माध्यम भी बना लिया। जानकी आज उन सभी महिलाओं के लिए एक प्रेरणा हैं, जो मानती हैं कि उम्र या परिस्थितियां सपनों की राह में बाधा बन सकती हैं।

–रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा

जागेश्वर में जन्मीं जानकी रावत को बचपन से ही संगीत का काफी शौक था और पह नृत्य को अपना कैरियर बनाने का सपना देखती थीं। स्कूल, कॉलेज के अलावा आसपास के इलाकों में उन्हें जहां भी अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाने का मौका मिलता। वह उससे नहीं चूकती। कुमाऊं यूनिवर्सिटी से एम.ए. की शिक्षा प्राप्त करने के बाद जानकी का विवाह हुआ। शादी और घरेलू दायित्वों के बावजूद, उन्होंने अपने अंदर के कलाकार को मरने नहीं दिया। स्कूल के दिनों से ही मंच पर अपनी छाप छोड़ने वाली जानकी के लिए पारिवारिक सहयोग एक ऐसी शक्ति बनकर उभरा, जिसने उन्हें अपनी कला को सोशल मीडिया के विशाल मंच पर प्रस्तुत करने का साहस दिया। ससुराल में पारिवारिक जिम्मेदारियों के बाद भी जानकी ने अपने कदम डिगने नहीं दिए। अलग-अलग मंचों पर अपनी प्रस्तुति के साथ ही उन्होंने अपने पति के सहयोग से अपनी प्रतिभा को सोशल मीडिया पर पहचान दिलाने की कोशिश शुरु की। शुरुआत में उन्होंने इंस्टाग्राम पर डांस की रील्स बनाना शुरू किया। उनकी कुमाऊंनी संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। इस सकारात्मक प्रतिक्रिया ने उन्हें यूट्यूब चैनल जानकी रावत ब्लॉग शुरू करने के लिए प्रेरित किया। जिस पर उनकी इस प्रतिभा की सराहना करने वाले दर्शकों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। साथ ही अब सोशल मीडिया जानकी के लिए आजीविका का जरिया भी बन गया है।

कड़ी मेहनत से मिलने लगा मंचीय सम्मान

पिथौरागढ़ निवासी जानकी रावत की अपने हुनर के प्रति शिद्दत अब रंग लाने लगी है और उन्हें अब मंचीय सम्मान भी मिलने लगा है। वर्ष 2025 जानकी के लिए बेहद खास रहा। इस साल देश की सुप्रसिद्ध संस्कार सांस्कृतिक समिति अल्मोड़ा ने प्रतिष्ठित गोल्ज्यू महोत्सव 2025 में अपने जीवन का पहला स्टेज शो करने का मौका दिया। जानकी ने यहां भी अपने हुनर का जमकर जादू बिखेरा और दर्शकों की खूब वाहवाही भी लूटी।

आत्मविश्वास बांटने की पहल

जानकी रावत ने अपनी सफलता को केवल व्यक्तिगत नहीं रखा। अपने अनुभव और कोरियोग्राफी के ज्ञान का उपयोग करते हुए उन्होंने अब पिथौरागढ़ में अपनी डांस क्लास शुरू की है। यहां वह सिर्फ नृत्य नहीं सिखाती, बल्कि महिला सशक्तिकरण का बीज बोती हैं। उनकी कक्षा में बच्चियां और महिलाएं अपनी रचनात्मकता को पहचान रही हैं और आत्मविश्वास हासिल कर रही हैं। यह पहल दिखाती है कि एक सफल महिला न केवल खुद आगे बढ़ती है, बल्कि दूसरी महिलाओं के लिए भी रास्ते बनाती है। जानकी की यात्रा यह सिद्ध करती है कि प्रत्येक महिला के अंदर एक अनूठी प्रतिभा छिपी होती है। जरूरत है उसे पहचानने और सही मंच देने की। आपकी परिस्थितियां चाहे जो भी हों, दृढ़ इच्छाशक्ति और परिवार के थोड़े से सहयोग से आप भी अपनी पहचान बना सकती हैं।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	84,679.86	25,860.10
गिरावट	533.50	167.20
प्रतिशत में	0.63	0.64

सोना 1,35,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,98,500 प्रति किलो

अमृत विचार

लखनऊ, बुधवार, 17 दिसंबर 2025

www.amritvichar.com

कारोबार

बिजनेस ब्रीफ

आईओबी में 3% तक हिस्सेदारी ओएफएस के जरिये बेचेगी सरकार

नई दिल्ली। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) में तीन प्रतिशत तक हिस्सेदारी का विनिवेश बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिये करने का फैसला किया है। बुधवार से शुरू होने वाली इस हिस्सेदारी बिक्री से सरकार को मौजूदा बाजार भाव पर करीब 2,100 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। मंगलवार को बीएसई पर आईओबी का शेयर 1.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 36.57 रुपये पर बंद हुआ। आईओबी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि सरकार मूल पेशकश के तहत दो प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 38.51 करोड़ शेयर बेचेगी। इसके अलावा 'ग्रीन शू' विकल्प यानी अतिरिक्त बोली आने पर उसे रखने के तहत अतिरिक्त एक प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 19.25 करोड़ शेयर भी बेचने का विकल्प रखा गया है।

मिजोरम एडीबी से 10.8 करोड़ डॉलर का ऋण लेगा

आइजोल। मिजोरम सरकार राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के साथ 10.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 980 करोड़ रुपये) के ऋण समझौते पर जल्द ही हस्ताक्षर करेगी। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री लालरिनपुई ने मंगलवार को कहा कि इस ऋण को एडीबी ने इसी महीने 'मिजोरम के लिए सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने हेतु सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को समर्थन' परियोजना के तहत मंजूरी दी है।

सेबी बोर्ड की बैठक में म्यूचुअल फंड नियमों में बदलाव पर होगी चर्चा

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी का निदेशक मंडल वरिष्ठ अधिकारियों के हितों के टकराव पर गठित उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट पर बुधवार को विचार करेगा। अधिकारियों ने कहा कि निदेशक मंडल की बैठक में अनिवासी भारतीयों के लिए केवाईसी मानकों में ढील और 'समापन नीलामी सत्र' शुरू करने का प्रस्ताव शामिल है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय की अध्यक्षता में होने वाली यह चौथी बोर्ड बैठक होगी। पांडेय ने इस साल एक मार्च को पदभार संभाला था।

कमजोर होते रुपये ने बढ़ाई विदेशी निकासी, दबाव में घरेलू शेयर मार्केट

सेंसेक्स में लगातार दूसरे दिन 533 अंकों की गिरावट, निफ्टी 167 अंक फिसला

मुंबई, एजेंसी

डॉलर के मुकाबले रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर चले जाने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी के बीच मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 533 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 167 अंक की गिरावट रही। यह शेयर बाजार में गिरावट का लगातार दूसरा दिन रहा। सोमवार को भी बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए थे।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 533.50 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,679.86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 592.75 अंक गिरकर 84,620.61 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 167.20 अंक यानी 0.64 प्रतिशत गिरकर 25,860.10 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 1,468.32 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 1,792.25 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीद की।

रुपये में रिकॉर्ड गिरावट से नकारात्मक असर

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, एफआईआई के लगातार बिकवाली करने और वैश्विक स्तर पर कमजोर धारणा के बीच डॉलर के मुकाबले रुपये में आई रिकॉर्ड गिरावट ने घरेलू शेयर बाजारों को नकारात्मक दायरे में धकेल दिया। ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, डॉलर के मुकाबले रुपये के 91 के स्तर के पार चले जाने से व्यापक आर्थिक पहलुओं को लेकर चिंता पैदा हुई और निवेशकों ने जोखिम से बचना बेहतर समझा।

91.01@ डॉलर

कमजोर डॉलर के आगे भी रुपया बेबस लुढ़ककर सबसे निचले स्तर पर पहुंचा

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिका मुद्रा के मुकाबले रुपया मंगलवार को 23 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 91.01 प्रति डॉलर (अस्थाई) पर बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में कोई सफलता न मिलने और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से रुपये की विनिमय दर में यह गिरावट आई। कारोबार के बीच रुपया डॉलर के मुकाबले पिछले बंद भाव से 36 पैसे टूटकर 91.14 के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था लेकिन अंत में इसमें कुछ सुधार हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि डॉलर के कमजोर होने और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में भारी कमी के बावजूद भी स्थानीय मुद्रा में गिरावट को रोका नहीं जा सका। रुपया पिछले 10 कारोबारी सत्र में डॉलर के मुकाबले 90 से गिरकर 91 पर आ गया। यह पिछले पांच सत्र में ही डॉलर के मुकाबले एक प्रतिशत लुढ़का है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार रुपये के इस महीने 92 के स्तर को पार करने का अनुमान है।

विदेशी बाजारों की ओर बढ़े भारतीय निवेशक

नई दिल्ली। रुपये में जारी गिरावट ने वैश्विक निवेश को चुनिंदा विकल्प बना दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय निवेशक अब अमेरिकी इक्विटी, सूचकांक और क्षेत्र आधारित ईटीएफ, निजी बाजार सहित दूसरे विदेशी बाजारों में अपनी भागीदारी लगातार बढ़ा रहे हैं। वेस्टेड फाइनेंस की 'हाउ इंडिया इन्वेस्ट्स ग्लोबली 2025' शीर्षक वाली रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इससे पोर्टफोलियो बनाने के लिए अधिक सुनियोजित तरीके और वैश्विक बाजार में भागीदारी को लेकर बढ़ते भरोसे का पता चलता है। रिपोर्ट के मुताबिक शोध, डिजिटल साधनों और शिक्षा तक व्यापक पहुंच ने इस बदलाव को आकार देने में अहम भूमिका निभाई है। रिपोर्ट में कहा गया कि रुपये का लगातार कमजोर होना दीर्घकालिक नतीजों को प्रभावित करता है। विदेशी इक्विटी और ऋण में निवेश वित्त वर्ष 2018-19 में 42.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर से चार गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 1.7 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

स्वास्थ्य सेवा, कृषि क्षेत्र में एआई को बढ़ावे के लिए गूगल देगा 84 लाख डॉलर

नई दिल्ली। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने मंगलवार को स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा एवं टिकाऊ शहरों के लिए भारत के एआई उत्कृष्टता केंद्रों को 80 लाख अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। साथ ही, भारत के स्वास्थ्य मॉडल के विकास में सहयोग के लिए 4,00,000 अमेरिकी डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई है।

गूगल, भारतीय भाषाओं के समाधान प्रदान करने वाले मॉडल बनाने के लिए ज्ञानीडॉटएआई, कोरोवरडॉटएआई, और भारतजेन को 50,000 अमेरिकी डॉलर का अनुदान भी दे रहा है। गूगल ने कहा कि वह स्वास्थ्य एवं कृषि के लिए बहुभाषी एआई-संचालित अनुप्रयोगों का समर्थन करने के लिए वधवानी एआई को 45 लाख अमेरिकी डॉलर की धनराशि प्रदान कर रहा है। कंपनी की ओर से आधिकारिक घोषणा में कहा गया कि ये घोषणाएं भारत के एआई परिवेश को मजबूत करने के लिए गूगल द्वारा किए गए नये सहयोग एवं वित्त पोषण प्रतिबद्धताओं की एक श्रृंखला को दर्शाती हैं।

बेरोजगारी दर नवंबर में घटकर 7 माह के निचले स्तर 4.7% पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- **सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी की रिपोर्ट**

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बीच बेरोजगारी दर नवंबर 2025 में घटकर 4.7 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल 2025 के बाद का सबसे निचला स्तर है। यह इससे पहले अक्टूबर 2025 में 5.2 प्रतिशत थी।

मंत्रालय ने कहा कि नवंबर 2025 में ग्रामीण बेरोजगारी दर घटकर नए निचले स्तर 3.9 प्रतिशत पर आ गई, जबकि शहरी बेरोजगारी दर घटकर 6.5 प्रतिशत रह गई, जो अप्रैल 2025 में दर्ज किए गए इसके पिछले न्यूनतम स्तर के बराबर है। अप्रैल 2025 में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। बयान के अनुसार कुल मिलाकर रुझान श्रम बाजार की स्थितियों के मजबूत होने का संकेत देते हैं, जिन्हें ग्रामीण रोजगार में बढ़ोतरी, महिला भागीदारी में वृद्धि और शहरी श्रम मांग में क्रमिक सुधार का समर्थन मिला है। नवंबर 2025 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों और महिलाओं, दोनों के लिए बेरोजगारी दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर नवंबर 2025 में घटकर 4.8 प्रतिशत रह गई, जो अक्टूबर 2025 में 5.4 प्रतिशत थी।

यह गिरावट ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में महिला बेरोजगारी दर में कमी के कारण आई। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 4.0 प्रतिशत से घटकर 3.4 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 9.7 प्रतिशत से घटकर 9.3 प्रतिशत हो गई। कुल पुरुष बेरोजगारी दर नवंबर 2025 में घटकर 4.6 प्रतिशत रह गई, जो अक्टूबर 2025 में 5.1 प्रतिशत थी। क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2025 में ग्रामीण और शहरी पुरुष बेरोजगारी दर क्रमशः 4.1 प्रतिशत और 5.6 प्रतिशत रही, जबकि इससे पिछले महीने यह क्रमशः 4.6 प्रतिशत और 6.1 प्रतिशत थी।

बड़ी संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से एटीएफ बिक्री 4.1% घटी

नई दिल्ली। इस महीने की शुरुआत में बड़ी संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से दिसंबर के पहले पखवाड़े में विमान ईंधन (एटीएफ) की बिक्री चार प्रतिशत से अधिक घट गई।

कोविड महामारी से पैदा हुए व्यवधानों से उबरने के बाद पिछले दो वर्षों से भारत में विमान ईंधन या एटीएफ की मांग लगातार बढ़ रही थी लेकिन बड़ी संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से दिसंबर 2025 में यह सिलसिला टूट गया। एयरलाइन ने लगभग 5,000 उड़ानें रद्द कीं। एटीएफ बिक्री 1-15 दिसंबर तक 3,31,400 टन रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 3,45,400 टन था। मासिक आधार पर बिक्री में 7.2% की गिरावट आई। विमान ईंधन के विपरीत इस अवधि में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी जैसे अन्य प्रमुख ईंधन की बिक्री बढ़ी। डीजल की बिक्री सालाना आधार पर लगभग पांच प्रतिशत बढ़कर 33 लाख टन हो गई। त्योहारी मांग कम होने से इसमें मासिक आधार पर 5.5 प्रतिशत की कमी हुई।

अमेरिका में नवंबर में 64,000 नौकरी बढ़ीं

वॉशिंगटन। अमेरिकी सरकार ने देरी से जारी की गई रोजगार संबंधी रिपोर्ट में बताया कि नवंबर में 64,000 नौकरियां बढ़ीं, जबकि अक्टूबर में 1.05 लाख नौकरियां घटीं। ट्रंप प्रशासन की कटौतियों के बाद संघीय कर्मचारियों की संख्या कम होने से अक्टूबर में नौकरियों में गिरावट हुई। अमेरिका में बेरोजगारी दर बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गई, जो 2021 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। श्रम विभाग ने मंगलवार को अक्टूबर और नवंबर दोनों महीनों के रोजगार आंकड़े जारी किए।

एआई को नियंत्रित करने के लिए नए कानून नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी सचिव एस. कृष्णन ने मंगलवार को कहा कि सरकार एआई के लिए नए कानून या नियम लाने से बचना चाहती है जब तक कि यह बेहद जरूरी न हो। उन्होंने कहा कि उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम जैसे मौजूदा कानूनी ढांचे का इस्तेमाल किया जाएगा।

उद्योग संघ एसोचैम की 'एआई लीडरशिप मीट' में कृष्णन ने कहा कि सरकार का नियामक दृष्टिकोण विचारशील एवं सावधानीपूर्ण है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवाचार में बाधा न डाले। उन्होंने कहा, वैसे भी, हमारे देश में कई कानून हैं इसलिए मेरी हमेशा यही प्रवृत्ति रहती है कि जब तक बिल्कुल जरूरी न हो, कोई नया कानून या नियम न बनाया जाए। पहले यह देखने की कोशिश करें कि मौजूदा कानूनों के साथ क्या किया जा सकता है। कृष्णन ने कहा, अब तक एआई के नियमन के प्रति हमारा दृष्टिकोण बेहद व्यावहारिक रहा है और यह बिल्कुल स्पष्ट है कि हम किसी भी परिस्थिति में नवाचार के रास्ते में बाधा नहीं बनना चाहते।

- **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी विभाग सचिव ने कहा- बेहद जरूरी होने पर ही लाए जाएंगे ऐसे कानून**

उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिनियम और हाल ही में अधिसूचित डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम के प्रावधानों में एआई के उपयोग से संबंधित काफी सारे मुद्दे पहले से ही शामिल किए गए हैं। सचिव ने कहा, समय आने पर विनियमन की आवश्यकता होगी या नहीं, इस पर हम अन्य पहलुओं के साथ विचार करेंगे। उन्होंने कहा, हमारा जोर उन नियमों को लागू करने पर होगा जो एआई के विकास को संभव बनाएंगे।

राष्ट्रीय

सोनिया-राहुल के खिलाफ आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से अदालत का इन्कार

नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी को झटका, अदालत ने आरोपपत्र को बताया आधारहीन

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पांच अन्य के खिलाफ धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया।विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि इस मामले में दाखिल आरोपपत्र एक निजी व्यक्ति की शिकायत पर की गई जांच पर आधारित है, न कि किसी मूल अपराध से संबंधित प्राथमिकी पर। कानून के तहत इस पर संज्ञान लेना स्वीकार्य नहीं है। ईडी ने अदालत के आदेश के खिलाफ अपील करने की बात कही है।

आदेश के मुख्य हिस्से को पढ़ते हुए न्यायाधीश ने कहा कि इस मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा पहले ही प्राथमिकी दर्ज कर चुकी है इसलिए ऐसे में गुण-दोष के आधार पर ईडी के तर्कों पर विचार करना जल्दबाजी होगी। ईडी ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी, दिवंगत पार्टी नेता मोतीलाल वोरा एवं ऑस्कर फर्नांडिस के अलावा सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक निजी कंपनी 'यंग इंडियन' पर आपराधिक साजिश और धनशोधन का आरोप लगाया है। आरोप है कि उन्होंने 'एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड' (एजेएल) की लगभग 2,000 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियों का अधिग्रहण किया। यह कंपनी 'नेशनल हेराल्ड' अखबार का प्रकाशन करती है।

जांच एजेंसी ने यह भी आरोप लगाया है कि गांधी परिवार की 'यंग इंडियन' में 76 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जिसने 90 करोड़ रुपये के ऋण के बदले धोखाधड़ी से एजेएल की संपत्तियों पर कब्जा कर लिया।

गांधी परिवार को एफआईआर की कॉपी देने से इन्कार

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की ओर से दर्ज की गई नई एफआईआर की कॉपी की मांग की थी। अदालत ने मंगलवार को कहा कि एफआईआर के बारे में जानकारी साझा की जा सकती है, लेकिन दस्तावेज की प्रमाणित कॉपी आरोपियों को नहीं दी जाएगी। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नया आपराधिक मामला दर्ज किया है।

कांग्रेस ने कहा- सत्य की जीत, मोदी सरकार की साजिश नाकाम हुई

कांग्रेस ने अदालत के फैसले को सत्य की जीत करार दिया। कहा, मोदी सरकार की गैरकानूनी कार्रवाई और साजिश नाकाम हो गई है तथा दुष्प्रचार भी ध्वस्त हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, जब नेशनल हेराल्ड, कांग्रेस पार्टी और हमारे नेताओं को बदनाम करने के लिए झूठे आरोप लगाए गए, तब भी मैंने यही कहा था कि हम अंग्रेजों से नहीं डरे तो भाजपा-आरएसएस या मोदी-शाह क्या चीज हैं। आज अदालत ने भी मोदी सरकार की कार्रवाई को अवैध ठहराकर राजनीतिक बदले की दुर्भावना से रची इस साजिश को नाकाम किया है। उन्होंने कहा कि वोट चोर सरकार लोकतंत्र को कुचलने की जितनी भी जोर-जबरदस्ती कर ले, हम 140 करोड़ भारतीय नागरिकों के लिए और संविधान को बचाने के लिए लड़ाई जारी रखेंगे। सत्य की जीत निश्चित है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने दावा किया कि अब इस बात की पोल खुल गई कि कैसे 'गैंग्स ऑफ गांधीनगर' सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल निजी सेना की तरह करता है। उन्होंने कहा, आपने देखा है कि इस देश का लोकतंत्र तबाह होने की कगार पर है, अगर किसी ने उसे रोककर रखा है, तो वे राहुल गांधी हैं। इसलिए सत्ता पक्ष साजिश रचता है कि कैसे राहुल गांधी जी के हौसले को तोड़ दिया जाए।

जस्टिस वर्मा की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- **लोकसभा अध्यक्ष की ओर से जांच समिति के गठन को दी है चुनौती**
- **लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय, दोनों सदनों के महासचिव से मांगा जवाब**

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा की उस याचिका पर सुनवाई करने पर सोमवार को सहमति जताई जिसमें उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष की ओर से उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए गठित जांच समिति को चुनौती दी है। जांच समिति में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अरविंद कुमार, मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता बीवी आचार्य शामिल हैं।



न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय और दोनों सदनों के महासचिवों को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। इस मामले पर अगली सुनवाई के लिए सात जनवरी 2026 की तारीख तय की गई है। राष्ट्रीय राजधानी में 14 मार्च को जस्टिस वर्मा के आधिकारिक आवास के भंडारगृह में आग लगने के बाद जले हुए नोटों के बंडल बरामद किए गए थे। सुप्रीम कोर्ट जस्टिस वर्मा की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें न्यायाधीश जांच अधिनियम द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत लोकसभा द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की वैधता को चुनौती दी गई थी।

जस्टिस वर्मा की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि संसद के दोनों सदनों में उन्हें हटाने के संबंध में प्रस्ताव पेश करने के लिए यह अनिवार्य है कि तीन सदस्यीय समिति का गठन लोकसभा और राज्यसभा दोनों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए, न कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा एकतरफा रूप से। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अनुसार किसी भी सदन में न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव स्वीकार हो जाने पर अध्यक्ष तीन सदस्यीय समिति का गठन करेंगे जो उन आधारों की जांच करेगी जिन पर न्यायाधीश को हटाने (यानी आम भाषा में महाभियोग) की मांग की गई है।

दिल्ली: कोहरे और खराब मौसम की वजह से 126 उड़ानें रद्द

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खराब मौसम की वजह से मंगलवार सुबह 126 उड़ानें रद्द हो गईं। हवाई अड्डे के अधिकारियों के मुताबिक इनमें दोपहर 12 बजे तक दिल्ली से जाने वाली 49 घरेलू उड़ानें और दिल्ली आने वाली 77 उड़ानें शामिल हैं। मंगलवार को हालांकि सोमवार की तरह घना कोहरा नहीं छाया रहा, लेकिन सोमवार को हुई देरी और रद्द रही उड़ानों का असर परिचालन पर देखने को मिला। इसके अलावा, कुछ असर कम दृश्यता का भी रहा है। सोमवार को 228 उड़ानें रद्द रही थीं जिनमें 131 जाने वाली और 97 आने वाली उड़ानें थीं। इसके अलावा पांच उड़ानों को दूसरे शहरों के लिए डायवर्ट करना पड़ा था। दिल्ली एयरपोर्ट की तरफ से दोपहर के समय सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया गया है कि अब विमानों का परिचालन निर्बाध रूप से हो रहा है लेकिन सुबह रही देरी का कुछ असर आगे भी देखा जा सकता है।

- **सोमवार को रद्द हुई थीं 228 उड़ानें, परेशानी से जूझे यात्री**

हैदराबाद : महिला ने आठ साल की बेटी को चौथी मंजिल से फेंका, मौत

हैदराबाद। हैदराबाद में 37 वर्षीय एक महिला ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ झगड़े के बाद अपनी आठ वर्षीय बेटी को आवासीय इमारत की चौथी मंजिल से फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मलकाजगिरि पुलिस थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार दोपहर को हुई, जिसके परिणामस्वरूप लड़की की मौत हो गई। अधिकारी ने प्रारंभिक जांच के आधार पर बताया कि निजी कर्मचारी के रूप में काम करने वाली महिला रविवार रात से अपने परिवार के सदस्यों के साथ हुए झगड़ों के बाद मानसिक रूप से परेशान थी। उसने सोमवार को अपनी बेटी को इमारत की चौथी मंजिल पर ले जाकर नीचे फेंक दिया। इस संबंध में हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

गोवा अग्निकांड : मशहूर रेस्तरां 'द केप' नियमों के उल्लंघन पर सील

पणजी। दक्षिण गोवा जिले में स्थित प्रमुख रेस्तरां 'द केप गोवा' को अग्नि और अन्य सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन के आरोप में सील कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक सोमवार को जारी आदेश के अनुसार पर्यटन विभाग ने एक अस्थाई झोपड़ी के लिए अनुमति दी थी, लेकिन पाया गया कि प्रतिष्ठान स्वीकृत क्षेत्र से बाहर एक पूरे रेस्तरां का संचालन कर रहा था। आदेश में कहा गया है कि अनिवार्य सुरक्षा मंजूरी के बिना परिसर का निरंतर संचालन मानव जीवन और संपत्ति के लिए एक गंभीर और वास्तविक खतरा पैदा करता है विशेष रूप से आग, शॉर्ट-सर्किट, संरचना से जुड़ी कोई आपदा या निकासी की आवश्यकता वाली किसी भी आपात स्थिति में। यह कार्रवाई छह दिसंबर को उत्तरी गोवा के अरपोरल में एक नाइट क्लब में लगी भीषण आग के बाद की गई है, जिसमें 25 लोगों की जान चली गई थी।

मनरेगा का नाम बदलने के खिलाफ विपक्ष ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने और नए विधेयक में राष्ट्रपिता का नाम नहीं होने के खिलाफ मंगलवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कई अन्य नेताओं ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के निकट खड़े होकर नारे लगाए। विपक्षी सांसदों ने हाथ में महात्मा गांधी का पोस्टर ले रखा था और 'महात्मा गांधी की जय' के नारे लगाए।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार के कदम को महात्मा गांधी के आदर्शों का अपमान करार दिया और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रपिता के विचारों तथा गरीबों के अधिकारों से नफरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस जन विरोधी विधेयक का सड़क से संसद तक पुरजोर विरोध करेगी। प्रियंका गांधी जब विधेयक में महात्मा गांधी का नाम नहीं होने को लेकर सरकार की आलोचना कर रही थीं तभी सत्तापक्ष के किसी सदस्य ने कहा कि महात्मा गांधी आपके परिवार के नहीं थे। इस पर प्रियंका ने कहा, हां, मेरे परिवार के नहीं थे, लेकिन मेरे परिवार जैसे ही हैं। यही भावना पूरे देश की है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को अपना नाम भी बदल देना चाहिए।

- **हाथों में राष्ट्रपिता के पोस्टर लेकर संसद परिसर में लगाए महात्मा गांधी जिंदाबाद के नारे**

थरूर का सरकार पर कटाक्ष राम का नाम बदनाम न करो

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को लोकसभा में 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' पेश किए जाने का विरोध किया और देव आनंद की मशहूर फिल्म 'हरे रामा हरे कृष्णा' के एक गीत का उल्लेख करते हुए सत्तापक्ष पर कटाक्ष किया कि 'देखो ओ दीवानो तुम ये काम न करो, राम का नाम बदनाम न करो।' थरूर ने कहा, महात्मा गांधी का राम राज्य का दृष्टिकोण कभी भी पूरी तरह राजनीतिक प्रोजेक्ट नहीं था। यह एक सामाजिक-आर्थिक ब्लूप्रिंट था जो गांवों को मजबूत बनाने पर आधारित था और ग्राम स्वराज में उनका अटूट विश्वास उस दृष्टिकोण का मुख्य हिस्सा था।

मेसी के कार्यक्रम में अराजकता पर बंगाल के खेल मंत्री का इस्तीफा

कोलकाता। फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी के कार्यक्रम में अराजकता को लेकर पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने इस्तीफा दे दिया है, जिसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को स्वीकार कर लिया है।

ममता बनर्जी ने मेसी से जुड़े कार्यक्रम के आयोजन में कुप्रबंधन को लेकर हुए विवाद के मद्देनजर खेल मंत्री अरूप बिस्वास का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। इससे पहले बिस्वास ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर खेल मंत्री के पद से मुक्त होने का अनुरोध किया था। हालांकि वह कैबिनेट मंत्री के रूप में बने रहेंगे और उनके पास बिजली विभाग का प्रभार बना रहेगा। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने बताया कि मुख्यमंत्री ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग को फिलहाल अपने पास रखने का फैसला किया है।

कुपवाड़ा: बारूदी सुरंग विस्फोट से सेना का जवान शहीद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में बारूदी सुरंग में विस्फोट में सेना का एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों के अनुसार, 13 जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री के हवलदार जुबैर अहमद सोमवार को सीमावर्ती जिले के त्रेहगाम क्षेत्र स्थित पुताहा खान गली में बारूदी सुरंग में विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

उन्होंने बताया कि घायल जवान को द्रुगमुल्ला स्थित सैन्य अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को घर भेज दिया गया।

राष्ट्रपति भवन में बना परम वीर दीर्घा

● दीर्घा में सभी 21 परम वीर चक्र विजेताओं के चित्र प्रदर्शित

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में परम वीर दीर्घा का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि इस दीर्घा में सभी 21 परम वीर चक्र विजेताओं के चित्र प्रदर्शित किए गए हैं। इस दीर्घा का मकसद आगंतुकों को राष्ट्रीय नायकों के बारे में जानकारी देना है जिन्होंने देश की रक्षा में अदम्य संकल्प और अजेय भावना का प्रदर्शन किया।

यह उन बहादुरों की याद का सम्मान करने की भी एक पहल है जिन्होंने मातृभूमि की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी है। जिन गलियारों में परम वीर दीर्घा बनाई गई है, वहां पहले ब्रिटिश एडीसी के चित्र लगे हुए थे। भारतीय राष्ट्रीय नायकों के चित्रों को प्रदर्शित करने की यह पहल औपनिवेशिक मानसिकता को छोड़ने और गर्व के साथ भारतीय संस्कृति, विरासत और शाश्वत परंपराओं की समृद्धि को अपनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है। परम वीर चक्र भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान है।

राष्ट्रपति भवन में परम वीर दीर्घा के उद्घाटन के दौरान एक सैन्य अधिकारी को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

पाकिस्तान ने 13 दिन में टेक दिए थे घुटने

पाकिस्तान के खिलाफ 1971 की लड़ाई में भारतीय सेना की जीत के प्रतीक के रूप में हर साल 16 दिसंबर को भारत विजय दिवस मनाता है। जीत की 54 वीं वर्षगांठ पर देशभर में मंगलवार को सेनाओं की वीरता की सराहना के साथ लड़ाई में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 16 दिसंबर 1971 को सशस्त्र बलों के शौर्य, दृढ़ संकल्प और अटल निश्चय के परिणामस्वरूप भारत को पाकिस्तान के विरुद्ध एक ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई। इसके परिणामस्वरूप एक आजाद देश के रूप में बांग्लादेश का जन्म हुआ और इस निर्णायक जीत ने हमारे क्षेत्र के भू-राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया। इस 13 दिवसीय युद्ध में भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना द्वारा प्रदर्शित तत्पर रणनीति, उत्कृष्ट समन्वय और भारत की सैन्य दक्षता को प्रदर्शित किया।

विजय दिवस पर वीरों का नमन

भारतीय सेना ने ढाका को घेरा

● 25 मार्च 1971 को पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सर्चलाइट शुरू किया। बंगाली नेताओं, छात्रों, बुद्धिजीवियों को कुचलना शुरू किया। हज़ारों लोगों की हत्या, महिलाओं पर अत्याचार के साथ हिंदू अल्पसंख्यकों को विशेष रूप से निशाना बनाया गया। बांग्लादेशी स्वतंत्रता सेनानियों को समर्थन देने से बौखलाए पाकिस्तान ने 3 दिसंबर 1971 को भारत के पश्चिमी हिस्से पर हवाई हमला किया। इसके बाद भारत ने पूर्वी और पश्चिमी दोनों मोर्चों पर जवाबी कार्रवाई की। भारतीय सेना ने केवल 13 दिनों में ढाका को घेर लिया और पाकिस्तान की सेना को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया।

1971 के युद्ध की पृष्ठभूमि

● पूर्वी पाकिस्तान में अत्याचार ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि तैयार की थी। पाकिस्तान में पहला सार्वभौमिक चुनाव 1970 में कराया गया जिसमें शेख मुजीबुर रहमान की पार्टी अवामी लीग को स्पष्ट बहुमत मिला फिर भी राष्ट्रपति याह्या खान और जुल्फिकार अली भुट्टो ने सत्ता हस्तांतरण से इनकार कर दिया। सत्ता न सौंपे जाने पर पाकिस्तानी सेना ने पूर्वी पाकिस्तान में निर्मम दमन शुरू किया। लाखों लोग मारे गए और करीब 1 करोड़ शरणार्थी भारत आए। मानवीय संकट और सीमा पर दबाव के कारण भारत ने हस्तक्षेप कर मुक्ति वाहिनी का समर्थन किया।

93 हजार सैनिकों ने डाले थे हथियार

● 16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तानी सेना ने ढाका (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) में भारतीय सशस्त्र बलों के सामने आत्मसमर्पण किया था। भारत को निर्णायक विजय मिली और पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र होकर बांग्लादेश बना। लगभग 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण था।

ऐतिहासिक आत्मसमर्पण

● सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एए के नियाजी के नेतृत्व में जंग लड़ रही पाकिस्तान की सेना ने 16 दिसंबर 1971 में हथियार डाल दिए। ढाका के रेसकोर्स ग्राउंड में भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के समक्ष पाकिस्तानी सेना ने बिना शर्त आत्मसमर्पण किया। लगभग 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों ने हथियार डाले। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण था। इसके बाद बांग्लादेश का स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में उदय। इसी को याद करने के लि 16 दिसंबर को भारत में विजय दिवस मनाया जाता है।

वर्ल्ड ब्रीफ

नवनीत सिंह को मिला अनंतकृष्णन पुरस्कार

कोलकाता। भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के वैज्ञानिक नवनीत सिंह को प्रतिष्ठित प्रोफेसर टीएन अनंतकृष्णन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मंगलवार को जारी एक बयान से यह जानकारी मिली। जेडएसआई के एक बयान में कहा गया कि यह पुरस्कार प्रसिद्ध वर्गीकरण वैज्ञानिक (टैक्सोनॉमिस्ट) सिंह को बेंगलुरु में आयोजित 'स्वास्थ्य, कृषि और पर्यावरण में कीट' विषय पर राष्ट्रीय संवाद के दौरान प्रदान किया गया। सिंह को शास्त्रीय वर्गीकरण और कीट पतंगों और तितलियों के पारिस्थितिक अध्ययन में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है।

पाकिस्तान में आया 5.2 तीव्रता का भूकंप

कराची। पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची के कुछ हिस्सों और बलूचिस्तान प्रांत के कुछ इलाकों में 5.2 तीव्रता का भूकंप आया है। राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र बलूचिस्तान के सोनमियानी में था, जिसकी गहराई 12 किलोमीटर थी और यह कराची से लगभग 87 किलोमीटर दूर था। रेस्क्यू 1122 के एक अधिकारी ने बताया कि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

फेंटानिल प्रतिबंध को ट्रंप ने किए दस्तखत

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फेंटानिल को सामूहिक विनाश का हथियार करार देने वाले कार्यकारी आदेश पर सोमवार को दस्तखत कर दिए। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में इस आदेश पर हस्ताक्षर किए।

शाह के साथ वार्ता से भारत और जॉर्डन में साझेदारी हुई मजबूत

दो दिवसीय यात्रा के अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जॉर्डन यात्रा बेहद फलदायी रही

● हुसैनीया महल में शाह अब्दुल्ला मोदी ने की आमने-सामने बैठक

अम्मान, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि शाह अब्दुल्ला द्वितीय के साथ उनकी वार्ता ने नवीकरणीय ऊर्जा, जल प्रबंधन, डिजिटल परिवर्तन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और विरासत सहयोग समेत प्रमुख क्षेत्रों में भारत-जॉर्डन साझेदारी को मजबूत किया है। दो दिवसीय यात्रा के अंत में मोदी ने कहा कि मेरी जॉर्डन यात्रा बेहद फलदायी रही है। उन्होंने शाह अब्दुल्ला द्वितीय और जॉर्डन के लोगों को उनकी असाधारण मित्रता के लिए धन्यवाद दिया।

उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि हमारी चर्चाओं ने नवीकरणीय ऊर्जा, जल प्रबंधन, डिजिटल परिवर्तन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और विरासत सहयोग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भारत-जॉर्डन साझेदारी को मजबूत किया है। हमने मिलकर जो परिणाम हासिल किए हैं, वे हमारे नागरिकों के लिए प्रगति और समृद्धि के नए रास्ते खोलेंगे। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता से पहले सोमवार को मोदी ने हुसैनीया महल में शाह अब्दुल्ला द्वितीय के साथ आमने-सामने बैठक की। मंगलवार को जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने अपने देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों की सराहना की, जिसकी पहचान आपसी विश्वास, सौहार्द और सद्भावना है। इसमें कहा गया है कि दोनों ने भारत-जॉर्डन के बहुआयामी संबंधों का सकारात्मक मूल्यांकन किया है, जो राजनीतिक, आर्थिक, रक्षा, सुरक्षा, संस्कृति और शिक्षा सहित सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए हैं। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय स्तर पर और बहुपक्षीय मंचों पर दोनों देशों के बीच उत्कृष्ट सहयोग की भी सराहना की।

इथोपिया पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का हवाई अड्डे पर किया गया स्वागत।

भारत, जॉर्डन का तीसरा बड़ा व्यापारिक साझेदार

अपनी बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने अपनी-अपनी विकास संबंधी आकांक्षाओं को पूरा करने में विश्वसनीय साझेदार के रूप में आपसी हित के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने और एक साथ खड़े रहने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने मजबूत द्विपक्षीय व्यापार की सराहना की, जिसका वर्तमान मूल्य 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर है और भारत जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है। दोनों नेता द्विपक्षीय व्यापार को और बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।

इथियोपिया पहुंचे मोदी, संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे

अदीस अबाबा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की चार दिवसीय यात्रा के दूसरे चरण के तहत मंगलवार को इथियोपिया पहुंचे। इथियोपिया की अपनी पहली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की यात्रा और ग्लोबल साउथ के लिए भारत-इथियोपिया साझेदारी क्या मायने रखती है विषय पर अपने विचार साझा करेंगे। मोदी इथियोपिया के प्रधानमंत्री डॉ. अबी अहमद अली के साथ द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर व्यापक चर्चा भी करेंगे। प्रधानमंत्री की इथियोपिया यात्रा से पहले विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक कि यह यात्रा 'ग्लोबल साउथ' में साझेदार के रूप में भारत और इथियोपिया के बीच गहरी दोस्ती और द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने की दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि होगी। मोदी इथियोपिया की दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे। वह यात्रा के तीसरे चरण के तहत इथियोपिया से ओमान जाएंगे।

मेक्सिको में छोटा विमान क्रैश, सात लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी। मध्य मेक्सिको में सोमवार को आपात स्थिति में उतरने का प्रयास करते समय एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। मेक्सिको के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मेक्सिको के असैन्य सुरक्षा समन्वयक एड्रियन हर्नांडेज ने बताया कि यह दुर्घटना सैन माटेओ एटेंको में हुई, जो टोलुका हवाई अड्डे से तीन मील (पांच किलोमीटर) दूर एक औद्योगिक क्षेत्र है और मेक्सिको सिटी से लगभग 31 मील (50 किलोमीटर) पश्चिम में स्थित है। विमान ने मेक्सिको के प्रशांत तट पर स्थित अकापुल्को से उड़ान भरी थी। हर्नांडेज ने कहा कि निजी विमान में सवार होने के लिए आठ यात्रियों और चालक दल के दो सदस्यों ने पंजीकरण कराया था लेकिन दुर्घटना के घंटों बाद तक केवल सात शव ही बरामद किए जा सके।

उन्होंने बताया कि विमान ने संभवतः एक फुटबॉल मैदान पर उतरने की कोशिश की थी लेकिन पास की एक दुकान की धातु की छत से टकरा गया, जिससे भीषण आग लग गई। दुर्घटना की जांच चल रही है। सैन माटेओ एटेंको की मेयर एना मुनीज ने 'मिलेनियो टेलीविजन' को बताया कि आग के कारण क्षेत्र से लगभग 130 लोगों को बाहर निकालना पड़ा।

पाकिस्तान में पीएम को कैद करना ही है लोगों की इच्छा का सम्मान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

● संयुक्त राष्ट्र में भारत का पाकिस्तान पर करारा तंज

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कड़े शब्दों में पाकिस्तान के विभाजनकारी एजेंडे की आलोचना करते हुए कहा कि इस्लामाबाद का अपने लोगों की इच्छा का सम्मान करने का अनूठा तरीका यह है कि वह एक निर्वाचित प्रधानमंत्री को जेल में डाल देता है और अपने सेना प्रमुख को आजीवन कानूनी सुरक्षा दे देता है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने सोमवार को सुरक्षा परिषद में 'शांति के लिए नेतृत्व' विषय पर हुई खुली बहस के दौरान पाकिस्तान के राजदूत आसिम इफ्तिखार अहमद द्वारा जम्मू कश्मीर और सिंधु जल संधि का मुद्दा उठाए जाने के बाद कड़ा जवाब दिया। हरीश ने कहा कि आज की खुली बहस में पाकिस्तान द्वारा जम्मू कश्मीर का अनुचित उल्लेख भारत और उसके लोगों को नुकसान पहुंचाने पर केंद्रित है। एक गैर-स्थायी सुरक्षा परिषद सदस्य, जो अपने विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के हर मंच और हर बैठक का दुरुपयोग करता है, उससे अपनी निर्धारित जिम्मेदारियों और दायित्वों को निभाने की अपेक्षा नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि भारत, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का उसके सभी रूपों और स्वरूपों में पूरी ताकत से मुकाबला करेगा। भारत ने पाकिस्तानी दूत के उस दावे को भी खारिज कर दिया कि जम्मू कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र चार्टर, प्रासंगिक सुरक्षा परिषद प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की इच्छा के अनुसार सुलझाया जाना चाहिए।

हरीश ने कहा कि पाकिस्तान के पास अपने लोगों की इच्छा का सम्मान करने का बेशक एक अनूठा तरीका है, एक प्रधानमंत्री को जेल में डालना, सत्ता में रहे राजनीतिक दल पर प्रतिबंध लगाना और संविधान संशोधन के द्वारा सशस्त्र बलों द्वारा एक संवैधानिक तख्तापलट की राह बनाने की अनुमति देना तथा अपने सेना प्रमुख को आजीवन सुरक्षा देना।

आईएस से प्रेरित थी बॉण्डी बीच पर गोलीबारी

मेलबर्न, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के बॉण्डी बीच पर हनुक्का उत्सव के दौरान सरेआम गोलीबारी इस्लामिक स्टेट (आईएस) से प्रेरित एक आतंकवादी हमला था। ऑस्ट्रेलिया की संघीय पुलिस आयुक्त क्रिसी बैरेट ने मंगलवार को यह बात कही। इस हमले में 15 लोग मारे गए थे।

ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने बताया है कि संदिग्ध हमलावर पिता और पुत्र थे। उन्होंने बताया है कि एक हमलावर (50) को पुलिस ने मार गिराया जबकि उसका 24 वर्षीय बेटा घायल हो गया और अस्पताल में उसका उपचार हो रहा है। मारे गए हमलावर की पहचान अधिकारियों ने साजिद अकरम के रूप में की है। मंगलवार को नेताओं और कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने पहली बार संदिग्धों की विचारधाराओं के बारे में पुष्टि की। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि ये टिप्पणियां प्राप्त साक्ष्यों पर आधारित थीं, जिनमें जब्त किए गए वाहन में इस्लामिक स्टेट के झंडे मिलना भी शामिल है। इस हमले में घायल हुए 25 लोग अब भी अस्पतालों में भर्ती हैं।

● ऑस्ट्रेलियाई पुलिस अधिकारियों ने जांच के बाद दी जानकारी

एक संदिग्ध मूल रूप से हैदराबाद का निवासी

हैदराबाद। ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर पिछले सप्ताहांत हुई गोलीबारी में संलिप्त संदिग्धों में शामिल साजिद अकरम मूल रूप से हैदराबाद का रहने वाला है। तेलंगाना पुलिस ने मंगलवार को बताया कि साजिद 27 साल पहले ऑस्ट्रेलिया चला गया था और उसका हैदराबाद में रहने वाले अपने परिवार से सीमित संपर्क था। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, साजिद और उसके बेटा नवीद अकरम के कट्टरपंथी बनने के पीछे के कारकों का भारत या तेलंगाना में किसी स्थानीय प्रभाव से कोई संबंध नहीं प्रतीत होता है।

ट्रंप ने बीबीसी पर दायर किया मानहानि का केस

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 10 अरब डॉलर के हर्जाने की मांग करते हुए सोमवार को बीबीसी के खिलाफ मुकदमा दायर किया, जिसमें ब्रिटिश प्रसारक पर मानहानि के साथ भ्रामक और अनुचित तरीके से व्यापार करने का आरोप लगाया। मुकदमे में ट्रंप का झूठा, मानहानिकारक, भ्रामक, अपमानजनक, भड़काऊ और दुर्भावनापूर्ण चित्रण करने का आरोप लगाया गया है। इसे 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश बताया गया है।

इजराइल पहुंचे जयशंकर, शीर्ष नेतृत्व से करेंगे वार्ता

● रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करेंगे दोनों देश

यरूशलम, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर इजराइल की दो दिवसीय यात्रा के तहत मंगलवार को तेल अवीव पहुंचे, जहां वह देश के शीर्ष नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तृत बातचीत करेंगे। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के भारत के प्रस्तावित दौरे की तैयारियां की जा रही हैं।

नेतन्याहू ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ फोन पर बातचीत की थी, जिसके बाद इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह अपने भारतीय समकक्ष से जल्द मुलाकात करेंगे। इजराइल यात्रा के दौरान जयशंकर का राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग, प्रधानमंत्री नेतन्याहू और विदेश मंत्री गिदोन सार से मिलने का कार्यक्रम है। यरूशलम में एक सूत्र ने कहा दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के मकसद से चर्चा द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर केंद्रित होगी। जयशंकर अबू धाबी से तेल अवीव पहुंचे, जहां उन्होंने प्रतिष्ठित सर बानी यस फोरम में हिस्सा लिया था। अबू धाबी में वह 15 दिसंबर को आयोजित भारत-यूएई संयुक्त आयोग की 16वीं बैठक और भारत-यूएई रणनीतिक संवाद के 5वें दौर में भी शामिल हुए थे। नेतन्याहू की बहुप्रतीक्षित भारत यात्रा से दोनों पक्षों के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की एक श्रृंखला शुरू होने की उम्मीद है। इजराइल के पर्यटन मंत्री हैम काट्ज, उद्योग मंत्री नीर बरकत, कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री एवी डिक्टर और वित्त मंत्री बेजेलल स्मोट्रिच ने भारत की यात्रा की थी।

इजराइल के समकक्ष के साथ विदेश मंत्री जयशंकर।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 दिसंबर, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी 18 दिसंबर 02.32 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर, **ऋतु**- हेमंत।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 17.11 तक तत्पश्चात अनुराधा।

मेष — आज आपको अचानक कुछ अवरोधों का सामना करना पड़ेगा। प्रेम संबंधों में धोखा मिल सकता है। मधुमेह के रोगियों को दवाओं के प्रयोग में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। अपच के कारण मुंह में छाले पड़ सकते हैं।

वृष — आज पहले की गई मेहनत से आपको लाभ मिलेगा। आर्थिक परेशानियों को लेकर थोड़ा परेशान होना पड़ेगा। व्यवसाय में नए तरीके की योजना अपनानी पड़ेगी। रिटेल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में अचानक परिवर्तन हो सकते हैं।

मिथुन — आज इससे आपका मन अत्यधिक प्रसन्न रहेगा। भागदौड़ की अधिकता रहेगी। सहकर्मियों के सहयोग से आपके काम जल्दी में पूरे हो जाएंगे। करियर के नए अवसर आपको मिल सकते हैं। आपको जीवनसाथी की सलाह लेनी चाहिए।

कर्क — आज उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा है। दोस्तों के व्यवहार के कारण मूड खराब हो सकता है। किसी पर भी आंख-मूदकर विश्वास न करें। कोई महत्वपूर्ण काम अचानक आपको करना पड़ सकता है।

सिंह — आज अपने खर्चों को सीमित और संतुलित रखें। कार्यक्षेत्र में आपको अपने वर्चस्व की चिंता रहेगी। सामाजिक विषयों में आपकी रूचि बढ़ेगी। निजी रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। काम का अतिरिक्त बोझ आने के कारण आप कुछ परेशान रहेंगे।

कन्या — आज प्रभावशाली लोगों से संबंध मजबूत होंगे। नई संपत्ति या मकान आदि खरीदने का विचार बना सकते हैं। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। फाइनेंस संबंधी कार्यों की जटिलता दूर होगी।

तुला — आज लघु उद्योग कर रहे लोगों को कठिनाई हो सकती है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहने वाले हैं। अपने स्वार्थ के लिए गलत मार्ग का चुनाव न करें। कुछ निजी समस्याओं के कारण मन विचलित रह सकता है।

वृश्चिक — आज परिजनों के साथ मौज व मनोरंजन का आनंद लेंगे। आप अपनी छोटी-छोटी गलतियों को दूर करने के लिए प्रयासरत हो सकते हैं। नया मकान खरीदने का विचार बना सकते हैं। रियल एस्टेट व्यापारियों को बड़ा लाभ हो सकता है।

धनु — आज कार्यक्षेत्र में आपका अपमान हो सकता है। अपने विचारों व निर्णयों को सदैव पहली प्राथमिकता दें। घर के कार्यों में आपका मन नहीं लगेगा। नशे का सेवन बिल्कुल भी न करें। शेयर मार्केट में बड़ा पैसा निवेश करने से आपको बचना चाहिए।

मकर — आज नई नौकरी खोज रहे हैं तो सफलता मिलने की पूरी संभावना है। पैतृक संपदा प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। अटके मामलों को धीरे-धीरे सुलझा लेंगे। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अचानक धन लाभ भी हो सकता है।

कुंभ — आज इसके कारण आपके कई छूटे हुए कार्य पूरा होने की संभावना बन रही है। इन्श्योरेंस जैसे निवेश से उत्तम लाभ प्राप्त होगा। अपने शारीरिक सौंदर्य और फिटनेस को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। आप समय का बेहतरीन सदुपयोग करेंगे।

मीन — आज लोग आपकी आदतों की आलोचना कर सकते हैं। पुराने संबंधों का लाभ आपको मिल सकता है। अपनी मानसिक स्थिति सकारात्मक बनाकर रखें। व्यवसाय से जुड़े लोगों को अपने उत्पादों या सेवाओं की गुणवत्ता पर अत्यधिक ध्यान देना पड़ेगा।

सुडोकू-4

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1		3			2		
4		5				6		3
			8	9				5
8		1			3	5	2	4
9	2	4	5			8		7
1				4	5			
7		6				3		2
		8			2		1	

सुडोकू - 3 का हल

7	8	9	2	6	5	4	1	3
4	3	5	1	8	7	2	6	9
2	1	6	3	9	4	7	8	5
8	5	7	4	3	1	6	9	2
3	4	1	6	2	9	8	5	7
6	9	2	5	7	8	3	4	1
1	7	8	9	4	3	5	2	6
9	6	4	7	5	2	1	3	8
5	2	3	8	1	6	9	7	4

सूर्यकुमार ऐसा खिलाड़ी है जो अपने दम पर पांचों मैच जीता सकते हैं। वह फॉर्म में नहीं है तो इसका मतलब यह नहीं कि वह अच्छे खिलाड़ी नहीं हैं। वह सर्वश्रेष्ठों में से है। कोई और वह नहीं कर सकता जो उसने किया है।

-शिवम दुबे
भारतीय बल्लेबाज

स्टेडियम

लखनऊ, बुधवार, 17 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

मसूद ने पीसीबी की पेशकश ठुकराई

कराची। पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद ने पीसीबी के अंतर्राष्ट्रीय एवं खिलाड़ी मामलों के सलाहकार का पद लेने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि देश के लिए खेलते समय वह इसके साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। पिछले महीने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मसूद को इस आश्वासन के साथ पद की पेशकश की थी कि क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्हें निदेशक का स्थायी पद दिया जाएगा। यह पहली बार है जब किसी मौजूदा टेस्ट कप्तान को पीसीबी ने नौकरी की पेशकश की है।

विंटर ओलंपिक्स में शिरकत करेंगी केरी

मिलान। अमेरिकी गायिका और पॉप स्टार मारिया केरी मिलानो-कोर्टिना छह फरवरी को इटली की राजधानी मिलान के सैन सीरो स्टेडियम में होने वाले 2026 विंटर ओलंपिक्स के उद्घाटन समारोह में मुख्य आकर्षण का केन्द्र होंगी। केरी खास पेशकश करेंगी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि चाओ। मिलानो कोर्टिना 2026 के लिए तैयार हो जाइए। छह फरवरी को स्टेडियम सैन सिरो में मिलते हैं। मिलते हैं मिलान में। यह पहली बार होगा जब पांच बार की ग्रैमी अवॉर्ड विजेता केरी किसी ओलंपिक उद्घाटन समारोह में गाएंगी।

डेल्फिक खेलों के लिए भारतीय दल रवाना

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय पाइथियन परिषद (आईपीसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि 57 सदस्यीय भारतीय दल शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के पहले युवा डेल्फिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। किर्गिस्तान के बिश्केक में 23 से 28 मार्च तक होने वाला यह आयोजन वैश्विक सांस्कृतिक कूटनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। भारतीय इतिहास में पहली बार कलाकारों की राष्ट्रीय टीम आधुनिक पाइथियन खेलों के बैनर तले किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेगी।

यूसीआई 2.2 साइकिलिंग की मेजबानी करेगा भारत

नई दिल्ली। भारतीय साइकिलिंग के इतिहास में पहली बार उपमहाद्वीपीय पुरुष टीम एलीट रोड रेस पहले यूसीआई 2.2 बजाज पुणे ग्रां टूर 2026 का आयोजन पुणे में 19 से 23 जनवरी तक होगा। इससे अंतर्राष्ट्रीय साइकिलिंग कैलेंडर का आगाज होगा। चार दिन तक चलने वाली चार चरण की 437 किलोमीटर की रेस है। इसमें 26 देशों के 150 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय साइकिलिस्ट शामिल होंगे। इस दौरान खेलमंत्री मनसुख मांडविया के अलावा ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा, भारतीय साइकिलिंग महासंघ के अध्यक्ष पंकज सिंह, चेयरमैन ओंकार सिंह और महासचिव मनिंदर पाल सिंह मौजूद थे।

ऐश्वर्य ने विश्व रिकॉर्ड बनाकर जीता स्वर्ण

नई दिल्ली/भोपाल। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने मंगलवार को 68वीं निशानेबाजी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी परिसर में आयोजित पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन फाइनल में 470 .5 का विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य का स्कोर मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 1.6 अंक अधिक है। दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में शॉटगन प्रतियोगिता में गुरजोत सिंह ने संयमित प्रदर्शन करते हुए 55 निशाने लगाकर पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने राष्ट्रीय चैंपियन मेराज अहमद खान को हराया।

टी-20 श्रृंखला में निर्णायक बढ़त पर टीम इंडिया की निगाहें

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथा मैच आज, कप्तान सूर्या पर लगातार बढ़ रहा दबाव

लखनऊ, एजेंसी

शुभमन गिल का खराब प्रदर्शन चर्चा का विषय बना हुआ है, लेकिन साथ ही खराब फॉर्म से जूझे रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव भी समीक्षा के दायरे में हैं क्योंकि भारत बुधवार को यहां चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में सही संतुलन तलाश कर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला में विजयी बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगा। तीसरे मैच में सूर्यकुमार के पास वह लय हासिल करने का अच्छा मौका था, जिसने उन्हें शीर्ष बल्लेबाज बनाया था क्योंकि भारत 118 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा किया कर रहा था लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया और सिर्फ 12 रन बनाकर आउट हो गए।

एक समय उनका दबदबा स्थापित करने वाले शॉट अनियमित परिणाम दे रहे हैं और धर्मशाला में मैच भी अलग नहीं था क्योंकि वह अपना चिर-पिरचित पिक-अप शॉट खेलते हुए आउट हुए जो उनके निरंतर संघर्ष को उजागर करता है। सूर्यकुमार ने कहा कि वह खराब फॉर्म से नहीं जूझ रहे। उन्होंने रविवार को धर्मशाला में भारत की जीत के बाद कहा कि मैं नेट में शानदार बल्लेबाजी कर रहा हूं। मैं वह सब कुछ करने की कोशिश कर रहा हूं जो मेरे नियंत्रण में है। जब रन आने होंगे तो वे निश्चित रूप से आएंगे। मैं खराब फॉर्म से नहीं जूझ रहा, लेकिन निश्चित तौर पर रन नहीं बना पा रहा। हालांकि आंकड़े एक चिंताजनक कहानी बताते हैं। भारतीय कप्तान एक साल से अधिक समय से लय हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। मौजूदा सत्र में इस प्रारूप में उनका औसत 15 से कम है। इसके अलावा 2025 में उनके नाम कोई अर्धशतक नहीं है जो उनके करियर में इस तरह का सबसे लंबा चरण है। वह इस दौरान केवल दो बार 20 गेंद से अधिक बल्लेबाजी करने में सफल रहे हैं। टी-20 विश्व कप में दो महीने से भी कम समय बचा है और ऐसे में गत चैंपियन टीम चाहेगी कि उनका कप्तान और प्रमुख बल्लेबाज जल्द लय फिर से हासिल कर ले।

गिल के पारी का आगाज करने से शीर्ष क्रम अस्थिर

उप कप्तान शुभमन गिल का प्रदर्शन भी काफी खराब रहा है। उनके पारी का आगाज करने से भारत का शीर्ष क्रम अस्थिर हो गया है। गिल ने अच्छी तरह से स्थापित संजू सैमसन की जगह ली। केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज को अभिषेक शर्मा के साथ प्रभावी साझेदारी बनाने के बावजूद पहले निचले क्रम में धकेल दिया गया और अंततः बाहर कर दिया गया। गिल ने अन्य प्रारूपों में अपना स्तर दिखाया है लेकिन टी20 अंतर्राष्ट्रीय में उन्हें अब भी उस आश्वस्त बल्लेबाज की झलक नहीं दिखाई है जो वह टेस्ट और एकदिवसीय में है। वह रविवार को कम लक्ष्य का पीछा करते हुए भी सिर्फ 28 रन ही बना पाए जिसने विश्व कप से पहले चिंताओं को कम नहीं किया है। विश्व कप से पहले भारत के पास इस प्रारूप में अब सिर्फ सात मैच हैं।

बीमार अक्षर की जगह शाहबाज टीम में शामिल

अक्षर पटेल के बीमारी के कारण श्रृंखला से बाहर होने के बाद भारत ने शाहबाज अहमद को टीम में शामिल किया है जिससे कुलदीप यादव को अधिक मौके मिल सकते हैं। निजी कारणों से पिछला मैच नहीं खेलने के बाद जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। उनकी अनुपस्थिति में अर्शदीप सिंह पिछले मुकाबले में मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए जबकि हर्षित राणा ने भी धर्मशाला में उनका अच्छा साथ दिया। भारत फिलहाल पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे है। पहले मैच में भारत का दबदबा था लेकिन दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने बाजी पलट दी। तीसरे मैच में भारत ने फिर एकतरफा जीत दर्ज की और दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला को जीवंत रखने के लिए बुधवार को हर हाल में जीत के इरादे से उतरेगा।

टीम में प्रतिस्पर्धा ने दक्षिण अफ्रीका को मजबूती दी : नोर्किया

लखनऊ। तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया के अनुसार बुनियादी बातों पर टिके रहना और टीम में सीमित स्थान के लिए बड़ी संख्या में मौजूद प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा ने पिछले कुछ वर्षों में दक्षिण अफ्रीका के सभी प्रारूपों में मजबूत बनाया है। पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब और टी-20 विश्व कप फाइनल में पहली बार पहुंचने जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियों से उत्साहित दक्षिण अफ्रीका ने खुद को विश्व क्रिकेट की खुद को एक बार फिर से मजबूत टीम के तौर पर स्थापित कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने भारत दौरे पर भी इस सफलता को जारी रखते हुए टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से जीत दर्ज की। यह भारत में 25 वर्षों में उनकी पहली जीत थी। नोर्किया ने चौथे टी-20 से पहले कहा कि टीम ने प्रदर्शन किया है। टीम में कुछ नये और कुछ पुराने चेहरे है और उसे शानदार तरीके से संभाला जा रहा है। कुछ खिलाड़ी काफी समय से टीम से बाहर थे, लेकिन अब उन्हें लगातार और अधिक क्रिकेट खेलने का मौका मिल रहा है। नोर्किया भारत दौरे पर टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं थे लेकिन उनके मुताबिक सभी प्रारूप के टीमों के दृष्टिकोण में स्पष्टता दिखाई दी। उन्होंने कहा कि मैं कुछ समय से टेस्ट टीम के साथ नहीं रहा हूं लेकिन इस टीम (टी20) में वापसी कर उनकी सरल रणनीति को देखकर, मैं भी यथासंभव सरल रहने की कोशिश कर रहा हूं।

द. अफ्रीका को व्यवस्थित संयोजन की तलाश, बदलाव जारी

पिछले साल जून में टी-20 विश्व कप फाइनल के बाद से दक्षिण अफ्रीका ने सबसे छोटे प्रारूप में 28 में से 18 मैच गंवाए हैं जो प्रदर्शन में निरंतरता की कमी को दर्शाता है। दक्षिण अफ्रीका को व्यवस्थित संयोजन की तलाश है और इसके लिए टीम प्रबंधन बदलाव कर रहा है, जिससे खिलाड़ी लय हासिल नहीं कर पा रहे और टीम को मैच गंवाने पड़े हैं। पिछले सत्र की उपविजेता टीम के पास नौ फरवरी को टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच से पूर्व अंतिम एकादश को अंतिम रूप देने के लिए पांच मैच बचे हैं जिसमें से दो भारत के खिलाफ जबकि तीन घरेलू सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ हैं। यह देखना होगा कि टीम खिलाड़ियों के रोटेशन की नीति पर कायम रहती है या नहीं।

भारत : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, एनटी तिलक वर्मा, शाहबाज अहमद, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, हर्षित राणा, कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर।

दक्षिण अफ्रीका : एडेन मारक्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसेन, लूथो सिपाम्ला, ओटनील बार्टमैन, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, कोर्बिन बॉश, केशव महाराज और जॉर्ज लिंडे। **मैच शाम सात बजे।**

हरियाणा फाइनल में, झारखंड से मुकाबला

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

पुणे, एजेंसी

सामंत जाखड़ और अंकित की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत हरियाणा ने मंगलवार को हैदराबाद को 124 रनों से शिकस्त देकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में जगह पक्की की जहां उसका सामना झारखंड से होगा। अंकित ने (57 रन) अर्श रंगा (30) के साथ 81 रनों की साझेदारी कर पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने छह छक्के और एक चौका मारा।

हैदराबाद ने कुछ विकेट चटकाए, लेकिन छठे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आए जाखड़ ने आठ छक्के और एक चौका की मदद से 60 रनों की पारी के साथ टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचा दिया। पार्थ वत्स ने आखिरी ओवरों में 45 रन बनाए और हरियाणा ने 7 विकेट पर 246 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। हैदराबाद की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 16.1 ओवर में 122 रन पर ऑल आउट हो गई। अमित राणा ने गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए, जबकि जाखड़, इशांत भारद्वाज और अंशुल कंबोज ने दो-दो विकेट लिए।

मुंबई ने राजस्थान को तीन विकेट से हराया

पुणे। अजिंक्य रहाणे के नाबाद 72 रन और सरफराज खान के 73 रन की मदद से मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग ग्रुप बी के मैच में राजस्थान को तीन विकेट से हराया। रहाणे ने 41 गेंद में सात चौकों और तीन छक्कों लगाए, लेकिन सरफराज ने 73 रन की पारी में सात छक्के और छह चौके जड़े। जीत के लिए 217 रनों के जवाब में मुंबई ने 11 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। रहाणे और सरफराज ने दूसरे विकेट के लिए 111 रन जोड़े। सरफराज को मानव सुतार ने आउट किया जिन्होंने तीन विकेट चटकाए। इससे पहले राजस्थान ने दीपक हुड्डा (31 गेंद में 51 रन) और मुकुल चौधरी (28 गेंद में नाबाद 54 रन) की पारियों के दम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 216 रन बनाए।

अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों को मिली बड़ी सफलता

अबूधाबी, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में मंगलवार को कई बड़े खिलाड़ियों के साथ 'अनकैप्ड' (अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले) भारतीय खिलाड़ियों को बड़ी सफलता मिली। पृथ्वी साव और सरफराज खान जैसे बल्लेबाजों को अच्छी लय में होने के बावजूद शुरुआती चरण में कोई खरीदार नहीं मिला। सरफराज को दूसरे दौर में सीएसके ने 75 लाख रुपये में खरीदा।

सरफराज ने नीलामी से पहले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 73 रन बनाए थे। केकेआर और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच कड़ी बोली लगी, जिसके अंत में चेन्नई की फ्रेंचाइजी पिछड़ गई। विदेशी खिलाड़ियों के लिए नीलामी के नियमों के अनुसार, शेष राशि बीसीसीआई के खिलाड़ी विकास कार्यक्रम में जाएगी। ऐसे में इस सत्र के लिए उनका वेतन 18 करोड़ रुपये (19 लाख डॉलर) रहेगा। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान को केकेआर ने 9.20 करोड़ में खरीदा, जबकि मप्र के तेज गेंदबाज मंगेश यादव को बेंगलुरु ने 5.20 करोड़ में खरीदा।

हैदराबाद ने इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन के लिए 13 करोड़ और लखनऊ ने ऑस्ट्रेलियाई के जोश इंग्लिस की सेवाएं 8.60 करोड़ में खरीदी। ऑस्ट्रेलियाई के कूपर कॉनॉली को पंजाब ने तीन करोड़ और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर को दिल्ली ने उनके आधार मूल्य दो करोड़ में खरीदा, जबकि न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे नहीं बिके। दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक एक करोड़ में पुरानी टीम मुंबई में वापस लौटे। दो करोड़ वाले एनरिच नॉर्किया और लुंगी एनगिडी को क्रमशः लखनऊ और दिल्ली ने खरीदा। स्पिनरों में रवि बिश्नोई को राजस्थान ने 7.2 करोड़ और सीएसके ने राहुल चाहर को 5.20 करोड़ और अकील हुसैन को दो करोड़ में खरीदा।

26 मार्च से 31 मई के बीच होगी आईपीएल 2026

मुंबई। आईपीएल का अगला सत्र 26 मार्च से 31 मई की विंडो (तय समय) के बीच होगा, देखना होगा है कि क्या आरसीबी अपने घरेलू मैदान बेंगलुरु में टूर्नामेंट के पहले मैच की मेजबानी कर पाएगा या नहीं। नियमों के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को टूर्नामेंट के पहले मैच की मेजबानी का मौका मिलना चाहिए क्योंकि आरसीबी ने आईपीएल 2025 जीता था। इस स्थल को कर्नाटक सरकार ने शर्तिया स्वीकृति दी है, लेकिन इस साल जून में आरसीबी की जीत के जश्न के दौरान भगदड़ में 11 प्रशंसकों की मौत के बाद इसे जरूरी सुरक्षा मानकों को भी पूरा करना होगा।

सबालेंका फिर डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनीं

न्यूयॉर्क। एरिना सबालेंका ने सोमवार को लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। उन्हें अमेरिकी ओपन जीतने, दो अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने और सत्र का अंत नंबर एक खिलाड़ी के रूप में करने के लिए मीडिया पैनल से 80 प्रतिशत वोट मिले। सबालेंका 25 वर्षों में सेरेना विलियम्स और इगा स्वियातेक के साथ लगातार दो बार यह सम्मान जीतने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। बेलारूस की 27 साल की सबालेंका 2025 में महिला टेनिस में मैच जीतने (63 जीत, 12 हार), खिताब जीने (चार) और फाइनल में पहुंचने (नौ) में सबसे आगे रहीं। उन्होंने एक करोड़ 50 लाख डॉलर की इनामी राशि जीतकर टूर रिकॉर्ड बनाया। वह पूरे साल नंबर एक खिलाड़ी रहीं। सबालेंका जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में मेडिसन कीज से और जून में फ्रेंच ओपन के फाइनल में कोको गॉफ से हारी थीं। वह जुलाई में विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचीं और फिर सितंबर में अमेरिकी ओपन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को हराकर करियर की चौथी ग्रैंड स्लैम एकल ट्रॉफी जीती। अमेरिका की अनिसिमोवा को विंबलडन और अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचने के लिए सबसे अधिक सुधार करने वाली खिलाड़ी चुना गया। वह तीन और टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचीं, जिसमें दोहा और बीजिंग में डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतना भी शामिल है।

कमिंस-लियोन की तीसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम में वापसी

एडीलेड, एजेंसी

- कंगारू ओपनर उस्मान ख्वाजा मायूस, एकादश में नहीं बना सके जगह

अनुभवी उस्मान ख्वाजा इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की एकादश में चयन से चूक गए हैं क्योंकि ट्रेविस हेड को जेक वेदरालड के साथ पारी का आगाज करने के लिए चुना गया है। अपने 39वें जन्मदिन से सिर्फ दो दिन दूर ख्वाजा को एडिलेड ओवल में बुधवार से शुरू होने वाले टेस्ट के लिए मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया की एकादश में जगह नहीं मिली।

ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे है और एडीलेड में जीत या ड्रॉ के साथ एशेज बरकरार रख सकता है। इंग्लैंड ने अपनी एकादश सूची सोमवार को घोषित की थी। ऑस्टेलियाई टीम में ब्रेंडन डोगेट और माइकल नेसर की जगह कप्तान पैट कमिंस और नाथन लियोन की गेंदबाजी आक्रमण में वापसी हुई है जबकि शीर्ष सात में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

इसका मतलब है कि जोश इंग्लिस सातवें नंबर पर बरकरार रहेंगे जबकि ख्वाजा को पीठ की ऐंठन के कारण ब्रिस्बेन टेस्ट में जगह बनाने से चूकने के बाद दोबारा शामिल नहीं किया गया।

ऑस्ट्रेलिया टीम : जैक वेदराल्ड, ट्रेविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), कैमरन ग्रीन, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड। इंग्लैंड : जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, जोश टंग, ब्राइडन कार्स और जोफ्रा आर्चर।

बैडमिंटन | बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स : ग्रुप बी के मैच में कई ओलंपिक पदक विजेताओं से होगा सामना

ग्रुप ऑफ डेथ में सात्विक-चिराग की होगी कड़ी परीक्षा

हांगझू, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बुधवार से शुरू होने वाले सत्रांत बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में कड़ी चुनौती मिलेगी, क्योंकि भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को उस ग्रुप में जगह मिली है जिसे 'ग्रुप ऑफ डेथ' (सबसे मुश्किल ग्रुप) माना जा रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हर वर्ग में आठ शीर्ष खिलाड़ी या जोड़ियां शामिल होती हैं जिनका चयन विश्व टूर कैलेंडर में प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है।

दुनिया की पूर्व नंबर एक और अब तीसरे नंबर की सात्विक और चिराग की जोड़ी इस एलीट प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय प्रतिनिधि हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग को ग्रुप बी में कई ओलंपिक पदक विजेताओं का सामना करना होगा। भारतीय जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ करेगी जो पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता हैं। इसके बाद उनकी भिड़ंत इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिक्री से होगी।

शुक्रवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में भारतीय जोड़ी अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी आरोन चिया और सोह वूई यिक की मलेशियाई जोड़ी से भिड़ेगी जो पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता हैं। चिया और यिक को यहां दूसरी वरीयता मिली है। आमने-सामने के रिकॉर्ड की बात करें तो सात्विक और चिराग ने दुनिया की सातवें नंबर की चीन की जोड़ी के खिलाफ तीन मैच जीते हैं जबकि सात मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। सितंबर में हांगकांग ओपन फाइनल में भी सात्विक और चिराग को लियांग और वांग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय जोड़ी ने हालांकि चीन मास्टर्स में पिछले मुकाबले में इस जोड़ी के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

सात्विक और चिराग को इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ अपनी एकमात्र भिड़ंत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में हार मिली थी, जबकि आरोन और सोह के खिलाफ भारतीय जोड़ी को परेशानी का सामना करना पड़ा है। प्रत्येक ग्रुप से केवल शीर्ष दो जोड़ियां सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी और ऐसे में गलती की गुंजाइश बहुत कम है।

चोट से वापसी के बाद दिखाई निरंतरता

सात्विक और चिराग ने इस साल कोई खिताब नहीं जीता लेकिन भारतीय जोड़ी ने चोट के कारण ब्रेक के बाद वापसी करते हुए निरंतरता और लचीलापन दिखाया है। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक के साथ फॉर्म में वापसी की और हांगकांग ओपन तथा चीन मास्टर्स में उपविजेता रहे। भारतीय जोड़ी मलेशिया ओपन, इंडिया ओपन, सिंगापुर ओपन, चीन ओपन और डेनमार्क ओपन में भी सेमीफाइनल में पहुंची। साल के आखिर में होने वाले फाइनल्स में भारत की उपस्थिति छिटपुट लेकिन महत्वपूर्ण रही है। पीवी सिंधू यह खिताब जीतने वाली एकमात्र भारतीय हैं जिन्होंने 2018 में महिला एकल का खिताब जीता था जबकि साइना नेहवाल 2011 में फाइनल में पहुंची थीं। युगल में ज्वाला गुट्टा और वी दिजू 2009 के सुपर सीरीज फाइनल में मिश्रित युगल के फाइनल में पहुंचे थे।

कुंडू ने रचा इतिहास, युवा वनडे में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले भारतीय बने

दुबई, एजेंसी

अंडर 19 एशिया कप

- दीपेश देवेंद्रन ने झटके पांच विकेट, मलेशिया पर 315 रनों की बड़ी जीत

अभिज्ञान कुंडू के रिकॉर्ड नाबाद 209 रन और दीपेश देवेंद्रन के पांच विकेट की मदद से भारत ने अंडर 19 एशिया कप मैच में मंगलवार को मलेशिया को 315 रन से हराया। यह रनों के अंतर से युवा वनडे में भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2022 में भारत ने युगांडा को 322 रन से हराया था।

कुंडू युवा वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने। उन्होंने अपनी पारी में 125 गेंदों का सामना करके 17 चौके और नौ छक्के लगाये, जिसकी मदद से भारत ने सात विकेट पर 408 रन जोड़े। जवाब में दाहिने हाथ के मध्यम गति के तेज गेंदबाज देवेंद्रन ने 22 रन देकर पांच विकेट चटकाते हुए मलेशियाई बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। मलेशिया की टीम 32.1 ओवर में 93 रन पर आउट हो गई। भारत के लिए वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंद में 50 रन बनाए। उन्होंने यूएई के खिलाफ इसी टूर्नामेंट में 171 रन की पारी खेली थी।

चौथे नंबर पर उतरे वेदांत त्रिवेदी और कुंडू ने चौथे विकेट के लिए 209 रन की साझेदारी की। कुंडू ने अपनी पारी में 55 सिंगल निकाले। 17 वर्ष के कुंडू दक्षिण अफ्रीका के जोरिच वान शाकविक के बाद युवा वनडे में दोहरा शतक जमाने वाले दूसरे बल्लेबाज हो गए। जोरिच ने इस साल की शुरुआत में हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ 153 गेंद में 215 रन बनाये थे। त्रिवेदी ने 106 गेंद में सात चौकों की मदद से 90 रन बनाए। कुंडू ने कनिष्क चौहान के साथ पांचवें विकेट के लिये 87 रन की साझेदारी की।